
ठंडे बस्ते में नहीं गई सलमान-शाह रुख की स्पाई थ्रिलर, लेटेस्ट अपडेट में मिली ...

# रॉयल बुलेटिन

प्रात:कालीन हिन्दी दैनिक

तापमान- अधिकतम- 33.09
न्यूनतम- 20.09


'मस्क के साथ संबंध सुधारने की कोई इच्छा नहीं', ट्रंप ने टेस्ला के सीईओ को...

◆ वर्ष 41, अंक 158 RNI No. 43285/85 ◆ संस्करण - नगर ◆ मुजफ्फरनगर, मंगलवार, 10 जून, 2025 ◆ ज्येष्ठ शुक्ल 14 विक्रमी सम्वत् 2082 ◆ पृष्ठ 8+4=12 ◆ मूल्य 4 रुपया


## दुश्मन के ठिकानों पर होगा और भी सटीक हमला

● 10 हजार करोड़ की डील, वायुसेना को मिलेंगे आई-स्टार ● ये तकनीक अभी अमेरिका, ब्रिटेन और इजराइल के पास

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** एयरफोर्स को जल्द ही तीन मॉडर्न आई-स्टार (इंटेलीजेंस, सर्विलांस, टारगेट एक्विजिशन एंड रिकॉनिसेंस) स्पाय एयरक्राफ्ट मिलने जा रहे हैं। प्रोजेक्ट की लागत 10,000 करोड़ रुपए की है। इसका प्रस्ताव रक्षा मंत्रालय जून के चौथे हफ्ते में होने वाली हाई लेवल मीटिंग में मंजूरी के लिए रखेगा। एयरक्राफ्ट मिलने के बाद भारत अमेरिका, ब्रिटेन और इजराइल जैसे चुनिंदा देशों में शामिल हो जाएगा, जिनके पास यह टेक्नॉलॉजी है। आई-स्टार स्पाय एयरक्राफ्ट की मदद से वायुसेना को दुश्मन के जमीनी ठिकानों जैसे रडार स्टेशनों, एयर



डिफेंस सिस्टम और मोबाइल टारगेट्स की सटीक जानकारी मिलेगी।

ये तीनों एयरक्राफ्ट विदेशी कंपनियों जैसे बोइंग और बॉम्बार्डियर से खुले टेंडर के माध्यम से खरीदे जाएंगे, लेकिन इनके अंदर लगने वाले सभी सिस्टम पूरी तरह स्वदेशी होंगे। मॉडर्न आई-स्टार स्पाय एयरक्राफ्ट के अंदर डीआरडीओ के सेंटर फॉर एयरबोन सिस्टम की ओर से विकसित स्वदेशी सिस्टम लगाए जाएंगे। ये पहले ही परीक्षण में सफल हो चुके हैं। आई-स्टार विमान ऊंचाई से खुफिया जानकारी जुटाने, निगरानी करने, लक्ष्य पहचानने और उन पर हमले के लिए इस्तेमाल किए जाएंगे। ये दिन और रात में किसी भी मौसम में काम करने में सक्षम होंगे। इनके जरिए दुश्मन की गतिविधियों पर दूर से नजर रखी जा सकेगी। आई-स्टार सिस्टम हवाई और जमीनी दोनों हिस्सों में काम करेगा और भारतीय सेना की सुरक्षा क्षमताओं को बढ़ाएगा। इससे देश को समय पर खतरों की पहचान करने और उन पर जवाबी कार्रवाई करने में बड़ी मदद मिलेगी। इससे पहले 27 मई को भारत में बनने वाले 5वीं पीढ़ी के लड़ाकू विमान के प्रोडक्शन मॉडल को मंजूरी मिली थी।

## मणिपुर में अब नेशनल हाईवे बंद, दवाएं तक नहीं मिल रहीं

● चुराचांदपुर और इंफाल में जरूरी चीजों के दाम बढ़े, 5 जिलों में इंटरनेट बंद

**चुराचांदपुर/इंफाल (एजेंसी)।** मणिपुर में हिंसा के बाद हाईवे ब्लॉकेज और ट्रांसपोर्ट रूट्स प्रभावित होने से आम लोगों को महंगाई का सामना कर पड़ रहा है। खास तौर पर चुराचांदपुर और राजधानी इंफाल में खाने-पीने की चीजें और दवाइयों की भारी कमी हो गई है। जरूरी सामानों के दाम बढ़ गए हैं। हिंसा प्रभावित कई इलाकों में दवाइयां तक नहीं मिल रही हैं। एक



स्थानीय निवासी ने बताया-अब सारी चीजें मिजोरम के रास्ते आ रही हैं, इसलिए महंगी हो गई हैं। पहले जैसी स्थिति नहीं रही है। चुराचांदपुर कुकी समुदाय का गढ़ माना जाता है। यह नेशनल 2 और 37 पर निर्भर है, जो असम और नगालैंड को मणिपुर से जोड़ते हैं।

अब ये रास्ते बंद हैं, जिससे ट्रकों को लंबा रास्ता मिजोरम से होकर लेना पड़ रहा है। इससे ट्रांसपोर्ट कॉस्ट बढ़ रही है। 3 मई 2023 को कुकी-मैतेई समुदाय के बीच संघर्ष शुरू हुआ था, जो अब तक जारी है। इस दौरान 300 से ज्यादा लोगों की मौत हुई है। 1500 से ज्यादा घायल हुए।

## नक्सलियों के ब्लास्ट में एएसपी आकाश राव शहीद

● फूट-फूटकर रोए जवान, कोंटा एसडीओपी और टीआई जख्मी, सुकमा में पैदल गश्त पर निकले थे

**सुकमा (एजेंसी)।** सुकमा के कोंटा में नक्सलियों के आईईडी ब्लास्ट की चपेट में आकर कोंटा डिवीजन के एडिशनल एसपी आकाश राव गिरिपुंजे शहीद हो गए हैं। घटना में कोंटा एसडीओपी भानुप्रताप चंद्राकर और टीआई सोनल ग्वाला घायल हैं। मौके के लिए फोर्स को रवाना किया गया है। दरअसल, नक्सलियों ने कल यानी 10 जून को भारत बंद का आह्वान किया था, इसे लेकर एएसपी आकाश राव अपनी टीम के साथ पैदल गश्त पर निकले थे, इसी दौरान कोंटा-



एर्राबोर मार्ग पर डोंड्रा के पास नक्सलियों के लगाए गए आईईडी ब्लास्ट की चपेट में आ गए। ब्लास्ट में घायल एसडीओपी और टीआई की हालत खतरे से बाहर हैं उन्हें बेहतर इलाज के लिए उच्च चिकित्सा केंद्र एयरलिफ्ट किया जा रहा है। वहीं एएसपी की शहादत की सूचना मिलने पर उनकी टीम के जवान फूट-फूटकर रोते रहे। गार्ड ऑफ ऑनर देने के लिए उनका शव रायपुर लाया गया है। शहीद एएसपी आकाश राव गिरिपुंजे रायपुर और महासमुंद में भी पोस्टेड रहे। उनका परिवार रायपुर में ही रहता है। उनकी स्कूलिंग भी रायपुर में हुई है। वे पूर्व कांग्रेसी पार्षद के भतीजे हैं। वहीं उनकी शहादत की खबर के बाद परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। चाचा बसंत राव गिरिपुंजे से जब हमने बात करने की कोशिश की तो उनके आंसू छलक आए। उन्होंने बताया कि आकाश बचपन से होनहार था।

# पत्नी सोनम ने ही कराई थी पति राजा की हत्या

● इंदौर के राजा रघुवंशी हत्याकांड का 'हैरतअंगेज' खुलासा ● प्रेमी के साथ मिलकर रची साजिश, चार और थे साथ ● पिता बोले-बेटी बेगुनाह, मेघालय पुलिस ने कहानी गढ़ी

**इंदौर (एजेंसी)।** इंदौर के ट्रांसपोर्ट कारोबारी राजा रघुवंशी की शिलॉन्ग में हत्या के बाद लापता उनकी पत्नी सोनम 17 दिन बाद यूपी के गाजीपुर में एक



ढाबे पर मिलीं। इसके बाद मेघालय डीजीपी इदाशीशा नोंग्रांग ने दावा किया कि पत्नी (सोनम) ने ही पेशेवर हत्यारों को सुपारी देकर मर्डर कराया। इधर, सोनम के पिता ने इस बात को मानने से साफ इनकार कर दिया है कि उनकी बेटी ने अपने पति की हत्या कराई होगी। उनका कहना है कि मेरी बेटी बेगुनाह है। वहीं, मामले में 5 संदिग्धों को हिरासत में भी लिया गया है। राज कुशवाहा, विशाल चौहान को इंदौर जबकि आकाश राजपूत को इंदौर के पास और आनंद कुर्मी को बीना के बसाहरी गांव से पकड़ा गया। यूपी में ललितपुर के दिगवार गांव से आकाश लोधी को हिरासत में लिया गया। पुलिस इनसे पूछताछ कर रही है। सोनम के पिता देवी सिंह ने इस बात को मानने से साफ इनकार कर दिया है कि उनकी बेटी ने अपने पति की हत्या कराई होगी। उनका कहना है कि मेरी बेटी बेगुनाह है। मेघालय पुलिस ने उसे फंसाने के लिए झूठी कहानी गढ़ी है।



● **यूपी के ललितपुर से पकड़ाया पांचवां संदिग्ध आकाश-** इंदौर के राजा रघुवंशी मर्डर केस में मेघालय पुलिस ने यूपी के ललितपुर से भी एक युवक को गिरफ्तार किया है। रविवार रात शिलॉन्ग पुलिस ने ललितपुर के कोतवाली महरौनी के दिगवार गांव में छापामारी की। पुलिस ने यहां आकाश लोधी (18) को हिरासत में लिया। पड़ोसियों के बताया- आकाश अपने पिता राघवेंद्र लोधी के साथ इंदौर में रहता है। वह रविवार की शाम ही गांव पहुंचा था।

● **एसपी बोले-अन्य आरोपियों के पकड़े जाने के बाद सामने आई सोनम-** शिलॉन्ग में पूर्वी खासी हिल्स के एसपी विवेक सायम ने कहा- मेघालय पुलिस की दो टीमें मध्यप्रदेश में हैं और एक टीम सोनम को गिरफ्तार करने के लिए उत्तर प्रदेश जा रही है। यह बड़ा फैक्ट है कि इतने दिनों तक वह बाहर नहीं आई थी, लेकिन कल रात जब राज कुशवाह और अन्य पकड़े गए, तो अचानक वह सामने आ गई। यह अपने आप में सब कुछ कहता है।

## मुंबई आतंकी हमले के आरोपी तहव्वुर राणा को बड़ी राहत

● कोर्ट ने परिवार से फोन पर बात करने की दी इजाजत

नई दिल्ली (एजेंसी)। दिल्ली के पटियाला हाउस कोर्ट ने 26/11 मुंबई आतंकी हमले के आरोपी तहव्वुर राणा को बड़ी राहत दी है। कोर्ट ने उसे फिलहाल अपने परिवार से एक बार फोन पर बात करने की इजाजत दे दी है। यह बातचीत जेल के नियमों के अनुसार और तिहाड़ जेल के एक वरिष्ठ अधिकारी की निगरानी में होगी। कोर्ट ने राणा की सेहत को लेकर भी रिपोर्ट मांगी है। एनआईए ने राणा को फोन करने की इजाजत दे दी है। कोर्ट ने जेल अधिकारियों से यह भी पूछा है कि क्या राणा को भविष्य में जेल मैनुअल के हिसाब से नियमित फोन कॉल करने की इजाजत मिलनी चाहिए या नहीं। राणा को एनआईए ने हिरासत में लिया गया तब उसने परिवार से बात करने की इच्छा



जताई थी। राणा के वकील की ओर से तर्क दिया गया था कि एक विदेशी नागरिक के तौर पर राणा का यह मौलिक अधिकार है कि वह अपने परिवार से बातचीत करे। राणा का परिवार उसकी भलाई को लेकर चिंतित है। इससे पहले 24 अप्रैल को विशेष न्यायाधीश चंदर जीत सिंह ने राणा की अपने परिवार से बात करने की अनुमति मांगने वाली याचिका को खारिज कर दिया था। एनआईए द्वारा उसकी याचिका का विरोध करने के बाद अदालत ने यह फैसला सुनाया था। सुनवाई के दौरान, एनआईए ने तर्क दिया कि अगर राणा को अपने परिवार के सदस्यों से बात करने की अनुमति दी जाती है, तो वह बातचीत के दौरान कई महत्वपूर्ण जानकारियां साझा कर सकता है।

## फंस गया पाकिस्तान, टूटेगी आतंकवाद की जुगलबंदी!

● कनाडा में जी-7 से पीएम मोदी कर सकते हैं आखिरी चोट

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** पहलगाम आतंकवादी हमले और ऑपरेशन सिंदूर के बाद वैश्विक स्तर पर भारत आज एक महत्वपूर्ण मोड़ पर खड़ा है। यह कूटनीति, राष्ट्रीय सुरक्षा और वैश्विक गठबंधन को लेकर एक साथ आगे बढ़ रहा है।

कनाडा में होने वाले जी-7 शिखर सम्मेलन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के पास एक सुनहरा मौका है। मौजूदा हालातों में यहां वे भारत की वैश्विक स्थिति को और मजबूत कर सकते हैं। साथ ही, पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवाद और खालिस्तानियों की जुगलबंदी से भी एक साथ निपट सकते हैं। कनाडा के नए प्रधानमंत्री मार्क



कार्नी ने प्रधानमंत्री मोदी को जी-7 में आमंत्रित किया है। यह भारत के लिए एक मंच हो सकता है। यहां से यह संदेश दिया जा सकता है कि भारत विरोधी ताकतों को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा, चाहे वह कहीं पर फल-फूल रहे हों। कनाडा के पूर्व प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो के कार्यकाल में भारत से उसके रिश्ते खराब हो गए थे। अब कार्नी के आने से उम्मीद की किरण जगी है। भारत के लिए यह शिखर सम्मेलन मात्र आर्थिक साझेदारी और जलवायु परिवर्तन पर बात करने से बढ़कर है। यह उन ताकतों को हराने का मौका है, जो लंबे समय से भारत को अस्थिर करने की साजिशें कर रही हैं। जस्टिन ट्रूडो के समय में कनाडा में खालिस्तानी चरमपंथियों को बढ़ावा मिला। इसकी वजह थी, वहां के खालिस्तान नेता जगमीत सिंह पर उनकी सियासी निर्भरता। अब कनाडा को समझ आ रहा है कि भारत को नाराज नहीं कर सकते।

## मोदी सरकार के 11 साल, नड्डा ने रखी अपनी बात

● कहा-पहले की सरकार भ्रष्टाचार-निगेटिविटी से भरी हुई थी ● बीजेपी चीफ बोले-मोदी सरकार में ये भावना बदल गई है ● कहा-नोटबंदी में लोग सरकार के सपोर्ट में लाइनों में लगे

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** मोदी सरकार के सोमवार को 11 साल पूरे हो गए। इस मौके पर भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने सरकार के कामकाज, फैसलों और नीतियों पर भाजपा हेडक्वार्टर में प्रेस कॉन्फ्रेंस की। उन्होंने कहा- नोटबंदी के दौरान विपक्षी पार्टियां जनता को भड़का रही थीं, लेकिन लोग सरकार के सपोर्ट में लाइनों में लगे थे। लोगों को मोदी जी की लीडरशिप पर भरोसा था। नड्डा ने कहा- देश ने मान लिया था कि अनुच्छेद 370 हटाना मुमकिन नहीं है, लेकिन मोदी सरकार ने कर दिखाया। जम्मू-कश्मीर में लोकसभा चुनाव के दौरान 58.46 फीसदी वोटिंग हुई, वहीं विधानसभा चुनाव में 63 फीसदी वोट पड़े। यह



बदलाव मोदी सरकार के साहसी फैसले का नतीजा है। यह एक पारदर्शी और भविष्य की सोच वाली सरकार है। 11 साल में विकसित भारत की नींव मजबूत हुई है। पहले की सरकार भ्रष्टाचार और निराशा के माहौल से भरी थी। 2014 के बाद माहौल पूरी तरह बदल गया। आज लोग गर्व से कहते हैं, मोदी है तो मुमकिन है। पिछले 11 सालों में भारत दुनिया की अर्थव्यवस्थाओं में 10वें से 5वें नंबर पर पहुंच गया है। नए आंकड़ों के मुताबिक, अब हम चौथे स्थान पर पहुंचने वाले हैं। भारत दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ने वाली अर्थव्यवस्था बना है। विपक्ष को चुनावी प्रक्रिया पर सवाल उठाने से पहले सोचना चाहिए।

## यूपी में चार मजारों पर चला योगी सरकार का बुलडोजर

● बहराइच में लक्कड़ शाह, चमन शाह, भंवर शाह और शहंशाह की मजारें ध्वस्त

**बहराइच (एजेंसी)।** उत्तर प्रदेश के बहराइच जनपद स्थित कतर्नियाघाट वन्य जीव प्रभाग के मूर्तिहा रेंज में वन विभाग ने एक बड़ी कार्रवाई की है। देर रात प्रशासन की टीम ने जंगल के भीतर बनी चार मजारों को अवैध अतिक्रमण बताकर बुलडोजर से ध्वस्त कर दिया। इस कार्रवाई में लक्कड़ शाह, चमन शाह, भंवर शाह और शहंशाह नामक मजारों को हटाया गया है। लक्कड़ शाह की मजार, जिसे 'बड़ी दरगाह' के रूप में जाना जाता था, मूर्तिहा रेंज के घूमना जंगल क्षेत्र में स्थित थी। वन विभाग ने इस अभियान को गोपनीय ढंग से अंजाम दिया। देर रात आधा दर्जन से अधिक बुलडोजरों की मदद से मजारों को गिराया गया। कार्रवाई के दौरान बाहरी व्यक्ति के प्रवेश पर प्रतिबंध लगा था।

## भारत, चीन, रूस के गठबंधन को ऐक्टिवेट करना चाहते हैं पुतिन

● निशाने पर अमेरिका, दिल्ली ने साथ नहीं दिया तो टूट जाएगी दोस्ती!

**मॉस्को/बीजिंग/नई दिल्ली (एजेंसी)।** यूक्रेन युद्ध रोकने में बुरी तरह नाकाम रहे डोनाल्ड ट्रंप रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन को लेकर आग बबूला हैं। जबकि दूसरी तरफ व्लादिमीर पुतिन को कोई फर्क नहीं पड़ता अमेरिका कितना भी गुस्सा हो। पुतिन शतरंज की एक नई चाल चल रहे हैं, जिसमें एशिया में एक नया गठबंधन बनाने का प्लान है। मॉस्को की एशिया रणनीति में चीन और भारत को एक साथ लाते हुए एक नया गठबंधन बनाना है, जिसका मकसद पश्चिमी देशों के प्रभाव को कम करना है। यूक्रेन ने 30 दिनों के युद्धविराम के प्रस्ताव को स्वीकार कर लिया था, लेकिन



रूस ने उसे ठुकरा दिया। मॉस्को, उस क्रीमिया पर अमेरिका की मान्यता चाहता है, जिसे उसने 2014 के युद्ध में कब्जाया था। जिसको लेकर पूर्व राजदूत माइकल मैकफॉल जैसे एक्सपर्ट्स ने इसे 'जहर की गोली' कहा है। उनका कहना है कि यह कूटनीति को पटरी से उतारने के लिए है। पुतिन हर हाल में अमेरिकी प्रभाव का मुकाबला करना चाहते हैं और इसके लिए उन्हें भारत और चीन दोनों का साथ चाहिए। इसके लिए वो हथियारों के सौदे और त्रिपक्षीय शिखर सम्मेलन करने जा रहा है। रूस, रूस-भारत-चीन (आरआईसी) संवाद को फिर से शुरू करना चाहता है।

**ट्रंप ने बिगाड़ दिए हैं भारत-अमेरिका के रिश्ते-** बाइडेन प्रशासन ने भारत और अमेरिका के रिश्ते को काफी मजबूत किया था, लेकिन ट्रंप न तीन महीने में ही इसे काफी खराब बना दिया है। भारत के लिए स्थिति तब और मुश्किल हो गई जब अमेरिकी वाणिज्य सचिव हावर्ड लटनिक ने भारत-अमेरिका संबंधों में हाल के तनावों पर बात की। उन्होंने कुछ भारतीय नीतियों की ओर इशारा किया जिससे 'अमेरिका नाराज' है। इसमें रूस से सैन्य उपकरण खरीदना और ब्रिक्स समूह में भाग लेना शामिल है। लटनिक ने ब्रिक्स को डॉलर और डॉलर के वर्चस्व का समर्थन नहीं करने का प्रयास बताया। लटनिक ने कहा, अमेरिका में दोस्त बनाने और लोगों को प्रभावित करने का यह सही तरीका नहीं है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रपति ट्रंप इसे सीधे तौर पर कहते हैं। भारतीय सरकार अब इसे विशेष रूप से संबोधित कर रही है। हालांकि इसके बाद भी लटनिक ने भारत की अर्थव्यवस्था को असाधारण बताया। लेकिन दूसरी तरफ रूसी विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव ने शुक्रवार को पर्म में बोलते हुए भारत को लुभाने की नई कोशिशों का खुलासा किया। उन्होंने दावा किया कि मॉस्को को बताया गया था कि भारत गठबंधन में शामिल हुआ है।

# आईएसएस जाने से पहले शुभांशु शुक्ला की फाइनल रिहर्सल

● आज इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन के लिए रवाना होंगे,ऐसा करने वाले पहले भारतीय बनेंगे

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** इंडियन एस्ट्रोनॉट शुभांशु शुक्ला एक्सिओम मिशन 4 के तहत कल 10 जून को इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन जाएंगे। इससे पहले रविवार को शुभांशु ने फुल ड्रेस फाइनल रिहर्सल की। इसमें असेंबली बिल्डिंग से रॉकेट तक जाने और उसमें बैठने के प्रोसेस को फॉलो किया। इस दौरान शुभांशु ने कहा- यह एक बेहतरीन यात्रा रही है। ये पल बताते हैं कि आप किसी ऐसी चीज का हिस्सा बनने जा रहे हैं जो आपके खुद से बहुत बड़ी है। मैं बस इतना कह सकता हूं कि मैं बहुत सौभाग्यशाली हूं कि मुझे मिशन का हिस्सा बनने का अवसर मिला। एक्सिओम मिशन 4 ((एएक्स×-4) में चार देशों के चार एस्ट्रोनॉट 14 दिन के लिए स्पेस स्टेशन जाने वाले हैं। यह मिशन 10 जून 2025 को शाम 5.54 बजे लॉन्च होगा। शुभांशु यहां पर जाने वाले पहले और स्पेस में जाने वाले दूसरे भारतीय होंगे। इससे पहले राकेश शर्मा ने 1984 में सोवियत यूनियन के स्पेसक्राफ्ट से अंतरिक्ष यात्रा की थी। शुभांशु के साथ तीन और एस्ट्रोनॉट जाएंगे एक्सिओम 4 मिशन के चालक दल में भारत, पोलैंड और हंगरी के मेंबर शामिल हैं। स्लावोज उज्नान्स्की 1978 के बाद स्पेस में जाने वाले पोलैंड के दूसरे एस्ट्रोनॉट होंगे। टिबोर कापू 1980 के बाद स्पेस में जाने वाले हंगरी के दूसरे एस्ट्रोनॉट होंगे। अमेरिकी की पैगी व्हिटसन का यह दूसरा कॉमर्शियल ह्यूमन स्पेस फ्लाइट मिशन है। शुभांशु शुक्ला मूल रूप से लखनऊ के हैं।



# अब मुंबई लोकल ट्रेन में लगेंगे ऑटोमैटिक दरवाजे

● ठाणे में 4 लोगों की मौत के बाद रेलवे का बड़ा ऐलान

**मुंबई (एजेंसी)।** महाराष्ट्र के ठाणे जिले में सोमवार सुबह यात्रियों से भरी एक चलती ट्रेन से गिरकर कम से कम चार लोगों की जान चली गई। पुलिस के एक अधिकारी ने जानकारी देते हुए बताया कि हादसे में छह अन्य यात्री घायल भी हुए हैं। इस हादसे के कुछ घंटों बाद ही रेलवे बोर्ड ने बड़े ऐलान किए हैं। रेलवे के कार्यकारी निदेशक (सूचना एवं प्रचार) दिलीप कुमार ने बताया है कि मुंबई लोकल की सभी निर्माणधीन रैंकों में ऑटोमैटिक दरवाजे लगाए जाएंगे। अधिकारी ने सोमवार को एक बयान में कहा,मुंबई उपनगरीय के लिए निर्माणाधीन सभी रेकों में स्वचालित दरवाजा बंद करने की सुविधा होगी।



**●ट्रेन से गिरे 10 लोग, चार की गई जान** - वहीं ठाणे में हुए हादसे पर जानकारी देते हुए पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि घटना संभवत: अधिक भीड़-भाड़ की वजह से हुई। जानकारी के मुताबिक हादसा उस वक्त हुआ जब ट्रेन दिवा और कोपर रेलवे स्टेशनों के बीच से गुजरते हुए कसारा जा रही थी। अधिकारी ने बताया कि व्यस्त समय के दौरान ट्रेन में अत्यधिक भीड़ थी और कई लोग ट्रेन के दरवाजे के पास खड़े थे। अचानक चलती ट्रेन से कम से कम 10 यात्री गिर गए।

# स्वदेशी सैन्य उपकरणों में और बढ़ेगी आत्मनिर्भरता

● डीआरडीओ ने खोल दिया रास्ता,दुश्मनों के दांत होंगे खट्टे

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन ने रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देने के लिए बहुत बड़ा कदम उठाया है। डीआरडीओ ने 9 अलग-अलग तकनीकों को 10 सार्वजनिक और निजी कंपनियों को सौंपा है। इन तकनीकों में हथियार और जमीनी युद्ध में इस्तेमाल होने वाले सिस्टम शामिल हैं। इनमें माउंटेड आर्टिलरी गन और सीबीआरएन (केमिकल, बायोलॉजिकल, रेडियोलॉजिकल और न्यूक्लियर) रिकॉनेसेंस व्हीकल जैसे सिस्टम भी हैं। शनिवार को महाराष्ट्र के अहमदनगर के पास व्हीकल्स रिसर्च एंड डेवलपमेंट एस्टेब्लिशमेंट में एक कार्यक्रम में यह समझौता हुआ। डीआरडीओ के अध्यक्ष समीर वी कामत ने इस मौके पर ऑपरेशन सिंदूर के दौरान स्वदेशी आकाश मिसाइलों के शानदार प्रदर्शन की सराहना की। उन्होंने कहा कि देश की रक्षा इंडस्ट्री को ऐसे हालात के लिए जल्द और बेहतर क्षमता वाली योजना तैयार करनी चाहिए। डीआरडीओ के इस बड़े कदम के बारे में रक्षा मंत्रालय ने रविवार को जानकारी दी। इन तकनीकों में माउंटेड गन सिस्टम शामिल है।




**●जरूरत के हिसाब से सैन्य उपकरणों के उत्पादन की तैयारी-** वीआरडीई ने पुणे की सीओईपी टेक्नोलॉजिकल यूनिवर्सिटी के साथ भी एक समझौता किया है। इससे दोनों मिलकर नई तकनीकों पर काम करेंगे। समीर वी कामत ने डीआरडीओ और उसकी सहयोगी कंपनियों की तारीफ की है। उन्होंने ऑपरेशन सिंदूर के दौरान स्वदेशी सिस्टमों के अच्छे प्रदर्शन की चर्चा की। उन्होंने इंडस्ट्री को भविष्य की जरूरतों के लिए सर्ज कैपिसिटी की योजना बनाने के लिए कहा। इसका मतलब है कि जरूरत पड़ने पर उत्पादन को तेजी से बढ़ाने की क्षमता होनी चाहिए। इस कार्यक्रम में डीआरडीओ के महानिदेशक प्रतीक किशोर, वीआरडीई के निदेशक जी राममोहन राव, कई वैज्ञानिक और उद्योग जगत के लोग शामिल हुए। अब यह समझना आवश्यक है कि इन तकनीकों से क्या होगा। सीबीआरएन रिकॉनेसेंस व्हीकल एक ऐसा वाहन है जो केमिकल, बायोलॉजिकल, रेडियोलॉजिकल और न्यूक्लियर हमलों का पता लगा सकता है। माउंटेड गन सिस्टम एक तोप है, जिसे ट्रक पर लगाया जा सकता है। एंटी-टेररिस्ट व्हीकल आतंकवादियों के खिलाफ अभियान के लिए बनाया गया है। इसकी ट्रेक्नोलॉजी मेटलटेक मोटर बॉडीज प्राइवेट लिमिटेड को दी गई है। मल्टी-पर्पस डिकॉन्टैमिनेशन सिस्टम एक ऐसा सिस्टम है, जो दूषित जगहों को साफ कर सकता है।

### भारतीय रक्षा उद्योग को ठोस बनाने पर सरकारी जोर

इसके अलावा 70 टन के टैंक ट्रांसपोर्टर की पूरी टेक्नोलॉजी ट्रेलर बीईएमएल समेत चार कंपनियों को दी गई है। यह तकनीक ट्रांसपोर्टर अर्जुन टैंक के लिए दिया गया है। एक मल्टी-पर्पस डिकॉन्टैमिनेशन सिस्टम की टेक्नोलॉजी भी दो रक्षा कंपनियों को दी गई है। इस कार्यक्रम में मौजूद डीआरडीओ के अध्यक्ष समीर वी कामत ने कहा कि सरकार भारत के रक्षा उद्योग को मजबूत बनाना चाहती है। इसलिए वीआरडीई ने तकनीकों को स्वदेशी कंपनियों को दिया है।

# कनाडा में खालिस्तानियों का पाकिस्तानी झंडा लगाकर प्रदर्शन

पीएम मोदी के जी-7 समिट में आने को लेकर हो गए ऐक्टिव

### हरियाणा और पंजाब को खालिस्तान बनाने की मांग,लगाए नारे

**अमृतसर (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कनाडा दौरे से पहले खालिस्तानी प्रदर्शनकारी ऐक्टिव हो गए हैं। कनाडा में जगह-जगह खालिस्तान की मांग रखते हुए रैलियां निकाली जा रही हैं, भारत विरोध नारे लग रहे हैं और पीएम मोदी को बार-बार चैलेंज भी किया जा रहा है। रविवार को कनाडा के वेंकूवर में खालिस्तानी प्रदर्शनकारियों ने रैली निकाली। खास बात है कि इस रैली में ठीक से 50 खालिस्तानी प्रदर्शनकारी भी नहीं जुटे। प्रदर्शनकारियों की कार पर सबसे ऊंचा झंडा पाकिस्तान का लगा हुआ था। इस दौरान प्रदर्शनकारियों ने पंजाब, हिमाचल और हरियाणा को खालिस्तान बनाने के नारे लगाए। पीएम मोदी को मारने और भारत के विरुद्ध भी नारेबाजी की गई। गौरतलब है कि आतंकी गुरपतवंत सिंह पन्नू पहले ही दावा कर चुका है कि जब पीएम मोदी जी 7 समिट में शामिल होने कनाडा आएंगे तो उसके समर्थक उन्हें घेरेंगे। बता दें कि कनाडा में अल्बर्टा राज्य के कनानास्किस में 15 से 17 जून तक होने वाली समिट में शामिल होंगे।



## अनमोल वचन

**समय बलवान है। उसके सामने अच्छे-अच्छो को नतमस्तक होने को मजबूर होना पड़ता है। जब समय साथ नहीं देता, परिस्थितियां प्रतिकूल हो जाती है तो दुख की घड़ी आती है, बनते कात बिगड़ जाते हैं, लगातार प्रयास करने पर भी असफलता हाथ लगती है, चारों ओर अंधेरा ही अंधेरा नजर आता हे, आशा की किरण दिखाई नहीं पड़ती तो ऐसे में दुश्मन तो हंसते ही हैं पर जिन्हें हम अपना मित्र समझते हैं वे भी पीठ फेर लेते हैं। जो हर समय आज्ञा पालन करते हैं, सिर झुकाते हैं वे भी तेवर बदल लेते हैं। जो अच्छे समय में आगे पीछे घूमते हैं वे कहीं दिखाई नहीं पड़ते। जो अच्छे समय में आदर और सम्मान देते हैं ऐसे परिजन और ऐसे सम्बन्धी बुरे समय में अवमानना तथा अपमान करने लगते हैं। इसलिए समय से डरो, अच्छे समय में अहंकार से दूर रहो। ये मेरे जीवन के कुछ अनुभव हैं। मैंने गम की घटाओं में दुख के तूफानों में हर किसी को परखने का प्रयास किया, सबको सदलते देखा जो प्यार से बोलते थे, उनको कडुवा बोलते देखा, जिन पर मुझे अपार विश्वास था, उन्हें विश्वासघात करते देखा। कभी जिनकी अपनी सामर्थ्य से अधिक सहायता की थी, उन्हें मुंह फेरते देखा। एक तू ही परमात्मा ऐसा जो हर हाल में मेरे साथ रहा। तूने ही वह 'निमित्त' मेरे निकट भेजा, जिसने मेरा सहयोग किया, मेरा सम्मान सुरक्षित रहा। प्रभु तेरे हाथ बहुत लम्बे हैं यदि तेरी कृपा बनी रहती है तो बुरा चाहने वालों को निराशा ही मिलती है।**

# ट्रांसफार्मर बदलने की मांग कर ग्रामीणों ने जे ई को धूप में बैठाया

**मोरना।** क्षेत्र के गांव सिकंदरपुर में विद्युत ट्रांसफार्मर के खराब हो जाने से विद्युत आपूर्ती ठप्प हो गयी। आपूर्ती ठप्प होने से तेज गर्मी से परेशान ग्रामीणों ने मुख्य चौक पर धरना देकर अवर अभियंता को धूंप में बैठा लिया तथा ट्रांसफार्मर की क्षमता को तुरंत बढ़ाने की मांग की। उच्च अधिकारियों के आश्वासन के बाद धरना समाप्त किया गया। मोरना ब्लॉक क्षेत्र के गांव सिकंदरपुर मे सोमवार की सुबह बड़ी संख्या मे ग्रामीण गांव के मुख्य मार्ग पर स्थित गाँधी चौक पर इकठ्ठा होकर धरने पर बैठ गये। धरने पर पहुंचे भाकियू कार्यकर्त्ताओं ने विद्युत विभाग के खिलाफ नारेबाजी शुरू कर दी। ग्राम प्रधान मैनपाल सिंह ने बताया की गांव मे 100 केवीए का ट्रांसफार्मर है। जिससे दो से अधिक उपभोक्ताओ को आपूर्ती की जाती है। ऑवर लोड के कारण ट्रांसफार्मर बार बार खराब हो रहा है।बार बार शिकायत के बावजूद उपकेंद्र पर तैनात अवर अभियंता कोई सुनवाई नहीं करते। ट्रांसफार्मर के खराब होने से बड़ी आबादी की विद्युत आपूर्ती ठप्प हो गयी है। परेशान ग्रामीणों ने सीकरी उपकेंद्र के अवरअभियंता राम अवध को धरने के बीच बैठाकर घेराव किया गया। भाकियू के ब्लॉक अध्यक्ष अनुज राठी ने बताया की सहायक अभियंता चिराग सिरोहा व अधिशासी अभियंता अमित कुमार से बात हुई है, एक सप्ताह मे 250 द्म1ड्ड क्षमता का विद्युत ट्रांसफार्मर देने का आश्वासन दिया गया है। अवर अभियंता राम अवध ने बताया की ट्रांसफार्मर की क्षमता बढ़ाने को तकनीकी कार्य की रिपोर्ट विभागीय कार्यालय को भेज दी गयी है। इस दौरान मुख्य रूप से राजीव चैयरमैन, बिट्टू प्रधान गडवाडा, मोहित, अमरेश, रवि प्रधान, दिलबाग अंसारी, अनुज, सचिन, संदीप रोशवाल, रवि कुमार, मुलचंद, रोहित, विकास कुमार, ब्रहमपाल सिंह, अंकुर, डिल्लू, सरपंच, अमरेश कुमार आदि मौजूद रहे।



# बिजली की आंख-मिचौली से परेशान ग्रामीणों का फूटा गुस्सा

❑ सोरम बिजलीघर का ग्रामीणों ने किया घेराव

**शाहपुर।** सोरम बिजलीघर से लगातार खराब हो रही बिजली सप्लाई को लेकर सोमवार को ग्रामीणों का गुस्सा फूट पड़ा। गांव में आए दिन ट्रिपिंग और 10-10 मिनट की सप्लाई से त्रस्त होकर ग्रामीणों ने विद्युत उपकेंद्र का घेराव कर जमकर नारेबाजी की। प्रदर्शन का नेतृत्व पूर्व भाकियू ब्लॉक अध्यक्ष विपिन बालियान ने किया। इस दौरान मनोज चैयरमैन, उपेंद्र, संदीप बालियान, बिजेंद्र चैयरमैन, सुधीर कुमार, यशपाल सिंह, सीटू, नीरज बालियान, अनिल कुमार, राजबीर सिंह सहित भारी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि सोरम बिजलीघर से पिछले कई दिनों से सप्लाई ठीक तरह से नहीं दी जा रही है। बिजली आती है तो कुछ ही मिनटों में ट्रिपिंग हो जाती है, जिससे गर्मी के मौसम में हालात और भी खराब हो गए हैं। बच्चों की पढ़ाई ठप है, किसान फसल की सिंचाई नहीं कर पा रहे और घरेलू कामकाज पूरी तरह अस्त-व्यस्त है। प्रदर्शन के दौरान बिजली विभाग के अधिकारी मौके पर पहुंचे। उन्होंने ग्रामीणों को आश्वासन दिया कि जल्द ही समस्या को दूर कर सप्लाई सुचारु कर दी जाएगी। अधिकारियों के आश्वासन के बाद ग्रामीण शांत हुए।ग्रामीणों ने चेतावनी दी कि यदि जल्द सुधार नहीं हुआ तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा।



# हाइवे पर कार ने वृद्ध को टक्कर मारी, मौत

❑ छोटे भाई की तेहरवीं में शामिल होने आया था मृतक

**मुजफ्फरनगर।** पानीपत खटीमा हाईवे की सड़क पर घूमते समय कार ने वृद्ध को टक्कर मार दी। टक्कर लगने से वृद्ध की मौके पर ही मौत हो गई। चालक कार को लेकर मौके से फरार हो गया था। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। मृतक वृद्ध अपने छोटे भाई की तेहरवीं में शामिल होने के लिए सोनीपत से जानसठ आया था। गमगीन माहौल में मृतक छोटे भाई की तेहरवीं की रस्म पूरी हुई। कस्बे की कॉलोनी राम कृष्णापुरम निवासी उदयभान शर्मा की बारह दिन पूर्व बीमारी के चलते मृत्यु हो गई थी। सोमवार को उदयभान शर्मा की तेहरवीं थी। मृतक उदयभान शर्मा का बड़ा भाई भारत भूषण (69) पुत्र पूरन चंद शर्मा सोनीपत, हरियाणा में परिवार के साथ रहता है। रविवार को भारत भूषण अपने परिवार के साथ मृतक छोटे भाई उदयभान शर्मा की तेहरवीं में शामिल होने के लिए जानसठ में आया था। रविवार की देर शाम को भारत भूषण पानीपत खटीमा हाईवे की सड़क पर पैदल घूमने के लिए चला गया। गांव ढांसरी गेट के सामने कमल हॉस्पिटल के पास मीरापुर की ओर से तेजी से आ रही अज्ञात कार ने भारत भूषण को टक्कर मार दी। टक्कर लगने से भारत भूषण की मौके पर ही मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। बड़े भाई की भी हादसे में मौत होने से परिवार में शोक की लहर दौड़ गई। सोमवार को परिजनों ने गमगीन माहौल में उदयभान शर्मा की तेहरवीं की रस्म पूरी की गई।

# मीरापुर क्षेत्र में वाहन चोरों का आतंक, दस दिनों में तीन बाइक व एक कार चोरी

**मीरापुर।** मीरापुर थाना क्षेत्र में वाहन चोरों के हौसले लगातार बुलंद होते जा रहे हैं। बीते 10 दिनों में क्षेत्र में चार बड़ी वाहन चोरी की वारदातें सामने आ चुकी हैं, जिससे आमजन में भय और आक्रोश का माहौल है। ताजा मामला गांव सम्भलहेड़ा का है, जहां रविवार रात एक कार चोरी की घटना से पूरे गांव में सनसनी फैल गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार, 8 जून की रात लगभग 10 बजे ट्रांसपोर्ट कारोबारी इमरान पुत्र यूनुस निवासी ग्राम हर्रा थाना सरूरपुर मेरठ अपनी बहन के घर ईद मिलन के लिए ग्राम सम्भलहेड़ा आए थे। वे अपनी निशान कंपनी की मैगनाइट कार को घर के बाहर खड़ा कर अंदर चले गए। अगले दिन सुबह जब वह बाहर आए, तो देखा कि कार वहां से गायब थी। गाड़ी न देखकर उनके होश उड़ गए। उन्होंने आसपास तलाश की, परंतु कार का कोई सुराग नहीं लगा। इमरान ने बताया कि चोरी हुई कार में उनके कुछ जरूरी कागजात, एटीएम कार्ड और 17,000 की नकदी भी रखी हुई थी। उन्होंने तुरंत मामले की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी है और क्षेत्र के सीसीटीवी कैमरे खंगाले जा रहे हैं, हालांकि खबर लिखे जाने तक गाड़ी का कोई सुराग नहीं लगा। गौरतलब है कि एक हफ्ते पहले भी मीरापुर कस्बे से रात में दो बाइकें चोरी हो चुकी हैं, जबकि बकरा ईद के दिन ईदगाह से पुलिस की मौजूदगी में एक बाइक चोरी हो गई थी। लगातार हो रही इन घटनाओं से साफ है कि चोरों के हौसले बुलंद हैं और पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े हो रहे हैं।

# बुलेट की टक्कर से महिला की दर्दनाक मौत, पति गंभीर रूप से घायल

**शाहपुर।** मुजफ्फरनगर के शाहपुर क्षेत्र अंतर्गत गांव दुल्हेरा में सोमवार को एक दर्दनाक सड़क हादसे में महिला की मौत हो गई, जबकि उसका पति गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसा उस समय हुआ जब दंपती बाइक से कस्बे से अपने गांव लौट रहा था। सामने से आ रहे तेज रफ्तार बुलेट सवार अज्ञात युवकों ने उनकी बाइक में सीधी टक्कर मार दी, जिससे मौके पर चीख-पुकार मच गई। जानकारी के अनुसार, गांव दुल्हेरा निवासी बबलू अपनी 40 वर्षीय पत्नी समीना के साथ बाइक पर सवार होकर कस्बे से लौट रहा था। जैसे ही वे रजबहे की पटरी से होते हुए गांव के पुल के निकट पहुंचे, तभी सामने से आ रहे बुलेट सवार युवकों ने उनकी बाइक में तेज टक्कर मार दी। हादसे में समीना गंभीर रूप से घायल हो गई, जबकि बबलू को भी चोटें आईं।

घटना की सूचना मिलते ही मौके पर स्थानीय ग्रामीण पहुंचे और पुलिस को जानकारी दी। पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए दोनों घायलों को कस्बे के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया, जहां इलाज के दौरान समीना की मौत हो गई। महिला की मौत की खबर सुनते ही परिजनों में कोहराम मच गया। अस्पताल पहुंचे मृतका के परिजन बेसुध हो गए और रो-रोकर बुरा हाल था। घटना की जानकारी मिलते ही जिला पंचायत सदस्य विजय चौधरी भी अस्पताल पहुंचे और पीड़ित परिवार को सांत्वना दी। उन्होंने पुलिस से दोषियों के खिलाफ सख्त व त्वरित कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने महिला के शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और अज्ञात बुलेट सवारों की तलाश में जांच शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि सीसीटीवी फुटेज व अन्य सुरागों के आधार पर जल्द ही आरोपियों को पकड़ लिया जाएगा।

# बसेडा से हिंदू युवती को भगा ले गया दूसरे समुदाय का युवक, मुकदमा दर्ज

**मुजफ्फरनगर।** छपार थाना क्षेत्र के एक गांव में दूसरे समुदाय का युवक एक किशोरी को बहका-फुसलाकर ले गया। किशोरी की मां ने आरोपी के विरुद्ध थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। जानकारी के अनुसार

सोमवार को छपार थाना क्षेत्र के गांव बसेडा से दूसरे समुदाय का एक युवक किशोरी को बहका-फुसलाकर ले गया। किशोरी की मां ने थाने में आरोपी के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया कि आरोपी काफी समय से किशोरी को परेशान करता था। उसे समझाने की कोशिश की तो उल्टे जान से मारने की धमकी देता था। महिला ने पुलिस को बताया कि सोमवार को वह उनकी पुत्री को भगा ले गया। किशोरी की मां ने बेटी के साथ अनहोनी की आशंका व्यक्त की है। मामला दो समुदायों का होने पर पुलिस अलर्ट हुई है। उनकी तलाश में जुट गई है।

# मुखबिरों से परेशान बंगाली समाज ने लगाई न्याय की गुहार

**मोरना।** मुखबिरों द्वारा फर्जी सूचना देकर झूठे मामलो मे फंसाने की ऑडियो मिलने पर बंगाली समाज के व्यक्तयों ने भोपा थाने पर पहुंचकर न्याय की मांग की है।

भोपा थाना क्षेत्र के गांव छछरौली निवासी भीम आर्मी के सतीश कुमार व विनेश कुमार के नेतृत्व में बंगाली समाज के दर्जनों व्यक्ति सोमवार को भोपा थाना पर पहुंचे जहां सतीश कुमार ने तहरीर देकर बताया की बंगाली समाज के व्यक्ति गन्ना कोल्हू क्रेशर आदि मे मजदूरी कर परिवार का भरण पोषण कर रहे है। बंगाली समाज के ही दो व्यक्ति फर्जी सूचनाएं देकर प्रशासन को भर्मित करते है। जिनकी मोबाइल पर आपसी बातचीत का ऑडियो उन्हें मिला है जिसमें दोनों व्यक्ति बेगुनाह युवकों को फर्जी रूप से फंसाने की योजना बना रहे है। दोनों व्यक्ति बेगुनाह व्यक्तियों पर रुआब ग़ालिब करते रहते है। जिनसे समाज के लोग परेशान है। बंगाली समाज के लोगो ने आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग करते हुए पुलिस से न्याय की मांग की है।

## गांधी कॉलोनी पुल के पास टूटी पुलिया, वाहन चालक रहें सावधान!

**मुजफ्फरनगर।** शहर की गांधी कॉलोनी में गली नंबर 9 के प्रवेश पर स्थित पुलिया क्षतिग्रस्त हो चुकी है। वर्तमान में पुलिया का नया निर्माण कार्य जारी है, जिसके चलते गांधी कॉलोनी पुल से पचेंडा रोड की ओर उतरते ही सड़क पर काफी मात्रा में मिट्टी जमा हो गई है। यह स्थिति तेज गति से आने वाले वाहनों के लिए दुर्घटना का कारण बन सकती है। वार्ड सभासद अमित पटपटिया ने गांधी कॉलोनी पुल से आवागमन करने वाले सभी निवासियों से अपील की है कि वे इस मार्ग पर गति का विशेष ध्यान रखें और गली नंबर 9 के उपयोग से परहेज करें। उन्होंने यह भी कहा कि अगले कुछ दिनों तक गली से गुजरने वालों को थोड़ी असुविधा हो सकती है, जिसके लिए वे खेद प्रकट करते हैं।

LDPS
Affiliated to CBSE (From Class Nursery to 12th)
Dayal Puram, Khatauli (Muzaffarnagar)
ACADEMIC POSTS
PRT's | TGT's | PGT's
Hindi/Sanskrit/English/Maths/Science/S.St./Biology/
Economics/Accounts/Physical Education
Qualification : Graduation/Post Graduation with B.Ed.
COORDINATORS
Academic Experience 5+ years as per CBSE Guidelines
Application(s) with complete bio data should be mailed within 2 days.
Mob : 9027549806, 7500185186 email : ldpskhatauli51@gmail.com

रॉयल बुलेटिन
स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक अनिल रॉयल ने मै. साईं प्रिंटिंग प्रेस, डी-85, सैक्टर-6 नोएडा-201301 से मुद्रित कराकर **रॉयल हाऊस, 174, गांधी कालौनी (उत्तरी), मुजफ्फरनगर (उ.प्र.) से प्रकाशित किया।**
सम्पादक:
◆अनिल रॉयल
✆:(0131) 2412222, मो. 9412211222
e-mail Address : royalbulletin@gmail.com

● नशा छुड़ाएं ● बवासीर भगाएं ● सफेद दाग हटाएं
खोई हुई ताकत व जवानी दोबारा प्राप्त करें।


शराब छुड़ाएं
शराबी को लाने/बताने की जरूरत नहीं
जर्दा, गुटका, तम्बाकू, स्मैक, अफीम, डोडे (पोस्त), नोरफीन, मोरफीन, कैप्सूल प्रोक्सीवान, कोरैक्स, फैंसीडिल, हैरोइन, मैथाडोन व धूम्रपान से पक्का छुटकारा (असर पहले ही दिन)

बवासीर भगाएं
बिना इंजेक्शन/आपरेशन

बाल घने सफेदी, सीकरी, झडना, टूटना बंद, लम्बाई मनचाही
सफेद दाग, मिर्गी, मधुमेह
का पक्का आयुर्वेदिक इलाज (समय: सुबह 10 से 5 बजे तक)
मिलें : हर रोज
शंकर दवाखाना
(भारत सरकार द्वारा रजिस्टर्ड) नक्कालों से सावधान
गली पान, दाल मंडी, मुजफ्फरनगर ✆ 0131-2432326, 9719442124
नजला, खांसी, दमा, सांस, गठिया बाय, लिकोरिया, पेट के रोग, पतला होने, सेहत बनाने, सुखमय विवाहित जीवन हेतु देसी इलाज के परामर्श के लिए मिले।







# अवैध मजार पर टकराव के संकेत, साकेत कॉलोनी में बढ़ा जनआक्रोश

## 15 जून को हनुमान चालीसा पाठ की चेतावनी

**मुजफ्फरनगर।** साकेत कॉलोनी की गली नंबर 3 में स्थित एक कथित अवैध मजार को लेकर तनाव की स्थिति बनती नजर आ रही है। राष्ट्रीय हिंदू शक्ति संगठन और कॉलोनीवासियों की संयुक्त बैठक में इस अवैध निर्माण को हटाने की मांग ने अब चेतावनी का रूप ले लिया है। संगठन ने साफ शब्दों में कहा है कि यदि 14 जून तक जिला प्रशासन ने कार्रवाई नहीं की, तो 15 जून को संगठन के कार्यकर्ता स्थानीय लोगों के साथ मिलकर खुद मजार हटाएंगे और उसी स्थान पर हनुमान चालीसा का पाठ करेंगे। साकेत कॉलोनी के ट्रांसफार्मर वाली गली में सड़क के बीचोंबीच सरकारी भूमि पर बनी इस मजार को लेकर कॉलोनीवासियों में गहरी नाराजगी है। संगठन के राष्ट्रीय संयोजक संजय अरोड़ा ने कहा कि यह पूरा क्षेत्र हिंदू बहुल है, और सड़क पर इस प्रकार की अवैध धार्मिक संरचना का कोई औचित्य नहीं है। यह मजार अवैध रूप से बनाई गई है और इसके संबंध में जिलाधिकारी को कई बार ज्ञापन सौंपे जा चुके हैं, लेकिन प्रशासन मौन है, उन्होंने कहा। संगठन की महिला इकाई से जुड़ी



श्रीमती सरिता शर्मा अरोड़ा ने बैठक में कहा, जब सर्वोच्च न्यायालय ने साफ निर्देश दिए हैं कि सरकारी ज़मीन पर कोई भी अवैध निर्माण तुरंत हटाया जाए, तो फिर प्रशासन किस दबाव में चुप है? उन्होंने बताया कि कॉलोनीवासी इस मजार से काफी समय से परेशान हैं, यह सड़क जाम होने, आवागमन में बाधा और सामाजिक असंतुलन का कारण बनती जा रही है। बैठक का आयोजन अनिल मलिक के आवास पर किया गया। प्रारंभ में संगठन ने प्रशासन को 10 जून तक का समय दिया था, लेकिन हाल ही में मुख्यमंत्री के संभावित दौरे के कारण प्रशासनिक व्यस्तताओं को देखते हुए यह समयसीमा बढ़ाकर 14 जून की गई है। संगठन का साफ कहना है कि अगर इस तिथि तक प्रशासन द्वारा कोई कार्रवाई नहीं होती, तो वे खुद इस अवैध ढांचे को हटाएंगे और हनुमान चालीसा पाठ के माध्यम से सार्वजनिक विरोध दर्ज कराएंगे। इस सामूहिक बैठक में कॉलोनी के अनेक सम्मानित नागरिक और संगठन के पदाधिकारी मौजूद रहे। संजय अरोड़ा, सरिता शर्मा अरोड़ा, प्रवीण जैन, संजय गोस्वामी, श्याम वर्मा, अनुराग सिंगल, संदीप मालिक, बिजेंद्र मालिक, सुशील वर्मा, आर. आर. मालिक, प्रमोद शर्मा, अनिल मलिक, प्रवीण, मुकेश सिंह, अजय अग्रवाल, पंकज त्यागी, राजेंद्र कौशिक, अमित गोयल, अजय गुप्ता, अभिषेक अग्रवाल, कार्तिक त्यागी, नीरज अग्रवाल, प्रभात तायल, उज्ज्वल जैन, कुलदीप शर्मा, बिट्टू, अनिल कुमार, दिनेश आदि।

**अब अगली नजर 15 जून पर**- स्थानीय निवासियों और संगठन की चेतावनी के बाद अब प्रशासन की अगली कार्रवाई पर सबकी निगाहें टिक गई हैं। यदि स्थिति नहीं संभली, तो यह विवाद कानून-व्यवस्था की चुनौती बन सकता है।

# बाल संप्रेक्षण गृह से वायरल वीडियो ने मचाई हलचल, बाल अपचारी ने दिखाई दबंगई

**मुजफ्फरनगर।** नगर कोतवाली क्षेत्र स्थित बाल संप्रेक्षण गृह से एक चौंकाने वाला वीडियो सामने आया है, जिसने सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। वायरल हो रहे इस वीडियो में एक बाल अपचारी पंजाबी गाने की धुन पर दबंगई दिखाता नजर आ रहा है। वीडियो में जेल परिसर के भीतर की तस्वीरें साफ दिखाई दे रही हैं, जहां बाल अपचारी एक जाली के पीछे खड़ा होकर अपने किसी मित्र को जल्द रिहाई की बात कहता दिख रहा है। वीडियो में सीसीटीवी कैमरे की स्क्रीन भी स्पष्ट रूप से दिखाई दे रही है, जिससे यह साफ होता है कि यह दृश्य जेल परिसर के अंदर का ही है। इस बात ने प्रशासनिक अमले में हड़कंप मचा दिया है। यह अब जांच का विषय बन गया है कि वीडियो आखिर किसके मोबाइल से बनाया गया और जेल परिसर से बाहर कैसे पहुंचा।

गौरतलब है कि यह पहला मौका नहीं है जब मुजफ्फरनगर के बाल संप्रेक्षण गृह से इस तरह की लापरवाही सामने आई हो। कुछ वर्ष पूर्व इसी जेल से पश्चिमी उत्तर प्रदेश के कुख्यात गैंगस्टर विक्की त्यागी की हत्या के आरोपी सागर मलिक और सौरभ मलिक फरार हो गए थे, तब भी जेल की सुरक्षा पर सवाल उठे थे, लेकिन लगता है कि कोई ठोस सुधार नहीं किया गया। इस ताजा मामले को लेकर संप्रेक्षण गृह के



अधिकारियों ने अब तक कोई बयान नहीं दिया है। उनकी चुप्पी ने संदेह को और गहरा कर दिया है। आशंका जताई जा रही है कि कहीं जेल कर्मचारियों की मिलीभगत से ही मोबाइल बाल अपचारियों को उपलब्ध तो नहीं कराया जा रहा। यह सवाल इसलिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि जेल परिसर में मोबाइल का होना किसी भी स्थिति में सामान्य नहीं माना जा सकता। वर्तमान में जेल प्रशासन और जिला प्रशासन इस पूरे प्रकरण की जांच में जुटा हुआ है। अगर कर्मचारी दोषी पाए जाते हैं, तो उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की संभावना जताई जा रही है। वहीं, इस वीडियो के सामने आने के बाद बाल संप्रेक्षण गृह की सुरक्षा प्रणाली की समीक्षा की मांग भी जोर पकड़ने लगी है।



# हरियाणा की कंपनी ने 700 करोड़ की ठगी की, मुजफ्फरनगर में पीड़ितों का हंगामा

**मुजफ्फरनगर।** हरियाणा की एक कंपनी द्वारा 700 करोड़ रुपये की ठगी का सनसनीखेज मामला सामने आया है। कंपनी ने 12त्न मासिक लाभ का लालच देकर देशभर के हजारों निवेशकों से पैसे जुटाए। मुजफ्फरनगर में दर्जनों पीड़ितों ने एसएसपी कार्यालय पहुंचकर कंपनी और उसके मालिकों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। पीड़ितों का आरोप है कि शुरुआत में उन्हें कुछ समय तक लाभ दिया गया, लेकिन बाद में तकनीकी कारणों का हवाला देते हुए भुगतान रोक दिया गया। अब कंपनी मालिक पैसे लौटाने से साफ इनकार कर रहे हैं और धमकियां भी दे रहे हैं। पीड़ित मनमोहन ने बताया कि सिर्फ मुजफ्फरनगर शहर में ही कंपनी ने करीब 2 से 3 करोड़ रुपये की ठगी की है, जबकि पूरे देश में यह रकम 700 करोड़ तक पहुंच चुकी है। उन्होंने बताया कि आरोपी हरियाणा और मुजफ्फरनगर के बुढ़ाना क्षेत्र से संबंधित हैं। पीड़ितों ने निवेश के दस्तावेज पेश कर स्स्क्क से त्वरित कार्रवाई की मांग की है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने मामले को गंभीरता से लेते हुए कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

# 12 वर्षीय बच्ची के रेप के मामले में पति-पत्नी को उम्रकैद, 1 लाख रुपये मुआवजा पीड़िता को मिलेगा

**मुजफ्फरनगर।** जनपद शामली के एक चर्चित मामले में विशेष पॉक्सो अदालत ने एक पति-पत्नी को 12 वर्षीय बच्ची के साथ रेप के मामले में दोषी करार देते हुए उम्रकैद की सजा सुनाई है। कोर्ट ने दोनों दोषियों पर 50-50 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया है। अदालत ने स्पष्ट किया कि कुल 1 लाख रुपये की यह राशि पीड़िता को बतौर मुआवजा दी जाएगी। यह मामला 11 अप्रैल 2015 का है, जब शामली की शिव विहार कॉलोनी में रहने वाले मकान मालिक की 12 वर्षीय बेटी के साथ कथित रूप से उनके किराएदार अमित शर्मा और उसकी पत्नी रूबी शर्मा ने रेप किया। आरोप था कि दोनों पति-पत्नी ने बच्ची को बहला-फुसलाकर अपने कमरे में बुलाया और रेप किया। इस मामले में पीड़िता की मां ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। मामले की सुनवाई विशेष पॉक्सो अदालत की पीठासीन अधिकारी मंजुला भलोतिया की कोर्ट में हुई। अभियोजन पक्ष की ओर से शासकीय अधिवक्ता प्रदीप बाल्यान और दिनेश शर्मा ने पक्ष रखा। सबूतों और गवाहों के आधार पर अदालत ने पति-पत्नी को दोषी मानते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई। यह फैसला बाल अधिकारों की रक्षा के लिए न्यायपालिका की गंभीरता और संवेदनशीलता को दर्शाता है।

# मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के आगमन से पहले शुक्रताल में सुरक्षा व्यवस्था का जायजा

## एडीजी समेत आला अधिकारियों ने किया निरीक्षण





**मुजफ्फरनगर।** आगामी 11 जून को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के प्रस्तावित शुक्रताल दौरे को लेकर तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। सोमवार को अपर पुलिस महानिदेशक (एडीजी) मेरठ जोन भानू भास्कर, मण्डलायुक्त सहारनपुर मण्डल अटल कुमार राय, पुलिस उपमहानिरीक्षक अभिषेक सिंह, जिलाधिकारी उमेश मिश्रा और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार वर्मा ने भोपा क्षेत्र स्थित कार्यक्रम स्थल का संयुक्त निरीक्षण कर सुरक्षा एवं प्रशासनिक तैयारियों की समीक्षा की।

निरीक्षण के दौरान कार्यक्रम स्थल की बैरिकेडिंग, वाहनों की पार्किंग व्यवस्था, सफाई, मोबाइल टॉयलेट्स, वीवीआईपी और मीडिया गैलरी, चेकिंग पॉइंट, हेलीपैड और आपात स्थितियों से निपटने की तैयारियों का बारीकी से परीक्षण किया गया। अधिकारियों ने फायर ब्रिगेड, डॉक्टरों की टीम और एंबुलेंस की तैनाती के स्थानों का भी अवलोकन किया और स्पष्ट निर्देश दिए कि सुरक्षा और सुविधा व्यवस्था में कोई कमी न रह जाए। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण आदित्य बंसल, यातायात प्रभारी अतुल कुमार चौबे, क्षेत्राधिकारी भोपा डॉ. रवि शंकर, क्षेत्राधिकारी खतौली राम आशीष यादव समेत प्रशासन और पुलिस के कई अधिकारी मौजूद रहे। मुख्यमंत्री के कार्यक्रम को सफल और शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए प्रशासनिक स्तर पर व्यापक तैयारियां की जा रही हैं।

# डीजल चोरी का भंडाफोड़, 4 गिरफ्तार

## 4300 लीटर डीजल और 1.05 लाख नकद बरामद

**मुजफ्फरनगर।** नई मंडी थाना पुलिस ने एक बड़ी सफलता हासिल करते हुए डीजल चोरी के मामले में चार अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया है। पकड़े गए आरोपियों के पास से कुल 4300 लीटर डीजल, 1,05,000 रुपये नगद और एक पिकअप ट्रक UP-32 BT-0935 बरामद किया गया है, जिसका इस्तेमाल चोरी में किया गया था। इस कार्रवाई को पुलिस ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार वर्मा के नेतृत्व में अंजाम दिया। टीम में थाना प्रभारी दिनेश चंद समेत कुल 11 पुलिसकर्मी शामिल थे। 31 मई 2025 को साउथ सिविल लाइन निवासी अभिमन्यु चौहान ने नई मंडी थाना में शिकायत दर्ज कराई थी कि आरके फ्यूल स्टेशन, ट्रांसपोर्ट नगर में कार्यरत कर्मचारी सलमान और जोनीपाल द्वारा 7000 लीटर डीजल चोरी किया गया है। इस पर थाना पुलिस ने स्न्वढ्ढक्र संख्या 274/



2025 के तहत धारा 303(2), 317(3), 3(5) बीएनएस में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की। 8 जून की रात मुखबिर की सूचना पर पुलिस टीम ने बाईपास रोड स्थित एक खंडहर मकान पर छापा मारा, जहां चार लोग प्लास्टिक ड्रमों में डीजल भरकर पिकअप ट्रक में लोड कर रहे थे। पुलिस ने मौके से चारों को दबोच लिया। गिरफ्तार आरोपी सलमान पुत्र मालेखां, निवासी नऊआ नगला, भोजीपुरा, बरेली उम्र 26 वर्ष, जफरूद्दीन पुत्र तसलीम, निवासी सुल्तानपुर, नौगांवा सादात, अमरोहा उम्र 42 वर्ष, सतीश पाल उर्फ जोनीपाल पुत्र राजपाल, निवासी नसीरपुर, मुजफ्फरनगर उम्र 42 वर्ष, जिंकल पुत्र भगवान सिंह, निवासी तुगलकाबाद, रज्जेपुर, अमरोहा उम्र 24 वर्ष है। पूछताछ में सलमान ने बताया कि वह फ्यूल स्टेशन पर टैंक और मशीन लगाने का कार्य करता था। 21 अप्रैल को डाले गए डीजल में से धीरे-धीरे सबमर्सिबल पंप से चोरी की गई 7000 लीटर डीजल में से कुछ सड़क किनारे ट्रक चालकों को बेच दी गई थी, जबकि बाकी डीजल खंडहर मकान में छिपाया गया था। चोरी से कमाए पैसे अभियुक्तों ने आपस में बांट लिए थे।

पुलिस द्वारा पकड़े जाने के समय ये लोग शेष डीजल को पिकअप ट्रक में लादकर ले जा रहे थे। इस सराहनीय कार्रवाई को अंजाम देने वाली टीम में थाना प्रभारी दिनेश चंद, उप निरीक्षक मोहित सिंह, चरण सिंह, संदीप सिंह, तूफान सिंह सहित अन्य कांस्टेबल शामिल थे।

# नगरपालिका अध्यक्ष ने कम्पनी गार्डन का किया औचक निरीक्षण, सफाई व्यवस्था पर दिया विशेष जोर



**मुजफ्फरनगर।** नगरपालिका परिषद् की अध्यक्ष मीनाक्षी स्वरूप ने सोमवार सुबह मेरठ रोड स्थित कम्पनी गार्डन (कमला नेहरू वाटिका) का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने सफाई व्यवस्था, पौधों की देखरेख, पार्कों की स्थिति और प्रस्तावित विकास कार्यों का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान मालियों व सफाई कर्मचारियों की उपस्थिति भी जांची गई, जो सभी उपस्थित मिले। पालिकाध्यक्ष ने माली और सफाईकर्मियों को जिम्मेदारियों का स्पष्ट रूप से बंटवारा करने के निर्देश दिए। नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अतुल कुमार, मुख्य सफाई निरीक्षक योगेश कुमार गोलियान और सफाई निरीक्षक प्लाक्षा मैनवाल को कार्य आवंटित करते हुए कम्पनी गार्डन की सफाई व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने पर जोर दिया गया। निरीक्षण के दौरान कम्पनी गार्डन के चारों ओर मुख्य चारदीवारी के निर्माण, ओपन जिम व मनोरंजन पार्क की व्यवस्थाओं का आकलन किया गया। पालिकाध्यक्ष ने निर्देश दिए कि इन कार्यों को शीघ्र शुरू किया जाए। विश्व पर्यावरण दिवस पर लगाए गए पौधों की देखरेख के लिए मालियों को विशेष निर्देश दिए गए। पालिकाध्यक्ष मीनाक्षी स्वरूप ने गार्डन में टहलने आए लोगों से सीधा संवाद स्थापित कर उनकी समस्याएं जानीं। लोगों ने शेड निर्माण की मांग की, जिस पर अधिकारियों को त्वरित कार्यवाही के निर्देश दिए गए। साथ ही बागवानी और पार्कों के रखरखाव को लेकर भी दिशा-निर्देश जारी किए गए। निरीक्षण के दौरान सभासद मनोज वर्मा, मोहित मलिक, नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अतुल कुमार, सीएसआई योगेश कुमार, एसआई प्लाक्षा मैनवाल, वाटिका सुपरवाइजर दुष्यंत कुमार व लिपिक मनोज पाल भी मौजूद रहे।

# बच्चों के बीच हुई मामूली कहासुनी के बाद दो पक्षों के बीच मारपीट

**खतौली।** बच्चों के बीच हुई मामूली कहासुनी के बाद दो पक्षों के बीच जमकर मारपीट हुई। थाने पहुंचे दोनों पक्षों ने एक दूसरे पर आरोप प्रत्यारोप लगाकर कार्यवाही किए जाने की मांग पुलिस से की है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। जानकारी के अनुसार एक पक्ष के घायल युवक नदीम ने बताया कि मोहल्ले में खेल रहे बच्चों के बीच कहासुनी हो गई थी। आरोप है कि मोहल्ले में ही रहने वाले अहसान पक्ष के लाठी डंडों से



लैस पुरुष और और महिलाओ ने उसके घर पर धावा बोल दिया। हमलावरों ने मारपीट किए जाने के दौरान पथराव किया। मामूली बात पर दो पक्षों के लोगों को आपस में गुत्थम गुत्था होते देख मौके पर तमाशबीनों का जमावड़ा लग गया। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने लाठी भांजकर आपस में झगड़ने वालों को दूर तक दौड़ाकर घायलों को सरकारी अस्पताल पहुंचाया। थाने पहुंचे दोनों पक्षों ने एक दूसरे पर आरोप प्रत्यारोप लगाकर कार्यवाही किए जाने की मांग पुलिस से की है।

# भीम आर्मी और आसपा ने टोल कर्मचारियों पर कार्रवाई की मांग को लेकर किया प्रदर्शन, आंदोलन की दी चेतावनी

**मुजफ्फरनगर**- मीरापुर टोल प्लाजा पर हुए विवाद को लेकर भीम आर्मी और आजाद समाज पार्टी (आसपा) के कार्यकर्ताओं ने मुजफ्फरनगर एसएसपी कार्यालय पर जोरदार प्रदर्शन किया। कार्यकर्ताओं ने टोल कर्मियों पर बदसलूकी, अवैध वसूली और पक्षपातपूर्ण पुलिस कार्रवाई के गंभीर आरोप लगाए। प्रदर्शनकारियों ने कहा कि दो दिन पहले मीरापुर टोल प्लाजा पर आसपा युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष हुमायूं सिद्दीकी के साथ टोल कर्मियों ने अभद्रता की और उनके साथ हाथापाई की। इसके बावजूद टोल कर्मियों पर कोई कार्रवाई नहीं हुई, उल्टा पीड़ित कार्यकर्ताओं पर ही मुकदमा दर्ज कर लिया गया।

**थाना प्रभारी पर धक्का-मुक्की का आरोप**- प्रदर्शन के दौरान यह आरोप भी सामने आया कि मौके पर पहुंचे मीरापुर थाना प्रभारी ने प्रदर्शनकारियों के साथ धक्का-मुक्की की, इससे कार्यकर्ताओं में नाराजगी और बढ़ गई। भीम आर्मी के जिला अध्यक्ष रजत निठारिया ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि टोल कर्मियों ने हमारे कार्यकर्ता के साथ मारपीट की, लेकिन मुकदमा हमारे ही लोगों पर लिखा गया। यह न सिर्फ अन्याय है, बल्कि प्रशासन की निष्क्रियता भी दर्शाता है। अगर एक सप्ताह के भीतर मुकदमा वापस नहीं लिया गया और दोषियों पर कार्रवाई नहीं हुई, तो हम बड़ा आंदोलन करेंगे। प्रमुख मांगें-टोल कर्मियों पर मुकदमा दर्ज किया जाए, कार्यकर्ताओं पर दर्ज फर्जी मुकदमे वापस लिए जाएं, मीरापुर टोल पर हो रही अवैध वसूली की जांच हो, अधूरे हाईवे पर टोल वसूली को तत्काल रोका जाए, भीम आर्मी और आसपा ने चेतावनी दी है कि यदि मांगे नहीं मानी गईं तो वह सड़क से सदन तक आंदोलन की रणनीति बनाएंगे।



# लोई गांव में गाडी की साइड से भड़का खूनी संघर्ष, मारपीट और पथराव की वीडियो वायरल

**मुजफ्फरनगर।** फुगाना थाना क्षेत्र के लोई गांव में एक मामूली विवाद हिंसक संघर्ष का रूप ले गया। मामला तब शुरू हुआ जब एक पिकअप गाड़ी की साइड मकान की दीवार से टकरा गई। इसके बाद दोनों पक्षों के बीच कहासुनी हुई, जो देखते ही देखते मारपीट और पथराव में बदल गई। घटना में दोनों ओर से लाठी-डंडे चले और कई लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। हिंसक घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। सूचना पाकर पुलिस टीम तुरंत मौके पर पहुंची और घायल व्यक्तियों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए जांच शुरू कर दी है।



## संपादकीय

# संवैधानिक संस्थाओं के कामकाज को शुचिता और पारदर्शी बनाना प्राथमिक शर्त

लोकतांत्रिक व्यवस्था की मजबूती के लिए संवैधानिक संस्थाओं के कामकाज में शुचिता और पारदर्शिता प्राथमिक शर्त है। मगर राजनीतिक नफे-नुकसान के गणित में सरकारों ने सबसे अधिक कमजोर इन्हीं संस्थाओं को किया है। शायद ही कोई संवैधानिक संस्था बची है, जो भ्रष्टाचार और कदाचार की जकड़बंदी से मुक्त हो। फिर भी जब इन संस्थाओं के भीतर से ही शुचिता लाने के संकल्प उभरते हैं, तो स्वाभाविक रूप से बेहतरी की उम्मीद बनती है। देश की न्यायपालिका में भी भ्रष्टाचार के आरोप लंबे समय से लगते रहे हैं। निचली अदालतों पर तो ऐसे आरोप आम रहे हैं, पर ऊपरी अदालतों में भी पिछले कुछ वर्षों से ऐसे मामले सामने आए हैं, जिससे न्यायपालिका की साख पर सवाल उठने लगे हैं।ऐसे में प्रधान न्यायाधीश बीआर गवई ने इस समस्या को साफगोई से स्वीकार किया और इसे दूर करने का संकल्प दोहराया है, तो सकारात्मक नतीजों का भरोसा बना है। ब्रिटेन के उच्चतम न्यायालय में आयोजित एक गोलमेज सम्मेलन में न्यायमूर्ति गवई ने कहा कि न्यायपालिका में भ्रष्टाचार और कदाचार की घटनाओं से जनता का भरोसा टूटता है। दुख की बात है कि न्यायपालिका के भीतर भी भ्रष्टाचार और कदाचार के मामले सामने आए हैं। यह बात उन्होंने दिल्ली में न्यायाधीश यशवंत वर्मा के घर से बरामद जली नगदी नोटों के संदर्भ में कही।प्रधान न्यायाधीश ने भारतीय न्यायपालिका के भीतर जड़ें जमा रही या जमा चुकी उन सभी समस्याओं को बड़े साफ शब्दों में स्वीकार किया, जिन्हें लेकर अंगुलियां उठती रही हैं। पिछले कुछ वर्षों में उच्चतम न्यायालय और कुछ उच्च न्यायालयों के न्यायाधीशों के राजनीतिक दबाव में या निजी स्वार्थ साधने के मकसद से फैसले सुनाने को लेकर काफी असंतोष जाहिर किया जाता रहा है। कुछ न्यायाधीशों ने सेवामुक्त होने के तुरंत बाद सरकारी पद स्वीकार कर लिया, तो कुछ चुनावी मैदान में उतर गए। इसे किसी भी रूप में नैतिक नहीं माना गया।हालांकि अब उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीशों ने संयुक्त रूप से संकल्प लिया है कि वे सेवानिवृत्ति के बाद कोई सरकारी पद स्वीकार नहीं करेंगे, न इस्तीफा देकर चुनाव लड़ेंगे। इससे यह उम्मीद तो बनी है कि शीर्ष न्यायालय के न्यायाधीश सत्ता के किसी दबाव में आकर कोई फैसला सुनाने से बच सकेंगे। राजनीतिक लोभ और दबाव से मुक्त हुए बिना न्यायपालिका सही अर्थों में अपने दायित्व का निर्वाह नहीं कर सकती। इसलिए प्रधान न्यायाधीश का इस दिशा में प्रयास सराहनीय है।लोकतंत्र में न्यायपालिका पर लोगों का भरोसा इसलिए भी बने रहना बहुत जरूरी है कि यही एक स्तंभ है, जिस पर संविधान की रक्षा का दायित्व और राजनीतिक तथा व्यवस्थागत कदाचार पर नकेल कसने का अकूत अधिकार है। यह भी अनुभव जगजाहिर है कि जब भी न्यायपालिका कमजोर दिखती है, तो सत्ता पक्ष की मनमानियां बढ़ती जाती हैं।

# भारत में बना दुनिया का सबसे ऊंचा रेलवे ब्रिज, पाकिस्तान-चीन क्यों परेशान

**20वीं सदी की शुरुआत में कश्मीर के राजा प्रताप सिंह ने जम्मू और श्रीनगर के बीच एक रेल लिंक की नींव रखी, लेकिन राजा की मौत के बाद 1925 में इसका काम बंद कर दिया गया।हालांकि, 1890 तक वजीराबाद (अब पाकिस्तान में) से जम्मू के बीच रेल लाइनें बन चुकी थीं। 1947 में बंटवारे के बाद देश की 40 प्रतिशत रेल लाइनें और संसाधन पाकिस्तान के हिस्से में चले गए। साथ ही पाकिस्तान ने वजीराबाद-जम्मू रेलवे लाइन को बंद कर दी। आजादी के बाद 1952 में पहली बार कश्मीर तक रेल पहुंचाने का काम शुरू हुआ। इसके लिए एक छोटी सी कोशिश की गई। दरअसल, पंजाब के जालंधर तक ट्रेन जाती थी। वहीं जालंधर के आगे मुकरियां से पठान कोट के बीच पटरी थी, लेकिन मुकरियां और जालंधर के बीच रेलवे लाइन नहीं थी। ऐसे में यहां 72.6 किमी. रेलवे लाइन बिछाई गई। 7 अप्रैल 1952 को जांलधर से पठान कोट तक ट्रेन चलना शुरू हुई, लेकिन अब भी कश्मीर 227 किमी. दूर था।**

(जाहिद अहमद)

6 जून को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दुनिया के सबसे ऊंचे 'चिनाब रेलवे ब्रिज' का उद्घाटन किया। कश्मीर घाटी में चिनाब नदी पर बना ये ब्रिज इंजीनियरिंग का बेमिसाल नमूना है, जो पेरिस के एफिल टावर से भी ऊंचा है। यह ब्रिज 40 किलो तक विस्फोटक और 8 तीव्रता तक का भूकंप भी झेल सकता है। इसके बनने से पाकिस्तान और चीन परेशानियां बढ़ गई हैं, लेकिन कश्मीर में इतना बड़ा रेल इंफ्रास्ट्रक्चर बनाने में 133 साल लग गए।

आखिर चिनाब ब्रिज के बनने की पूरी कहानी क्या है, भारत के लिए ये इतना अहम और खास क्यों है और इससे पाकिस्तान और चीन को क्या दिक्कतें हैं; जानेंगे आज के एक्सप्लेनर में अंग्रेजों के समय घाटी तक रेल पहुंचाने की कोशिश हुई।1892 में अंग्रेजों ने जम्मू से कश्मीर तक रेल लाइन बिछाने की कोशिश की। चीन से व्यापार को बेहतर करने के लिए इस पूरे इलाके में रेल लाइन बिछाई जा रही थी, लेकिन कुछ खास हासिल नहीं हुआ।

20वीं सदी की शुरुआत में कश्मीर के राजा प्रताप सिंह ने जम्मू और श्रीनगर के बीच एक रेल लिंक की नींव रखी, लेकिन राजा की मौत के बाद 1925 में इसका काम बंद कर दिया गया।हालांकि, 1890 तक वजीराबाद (अब पाकिस्तान में) से जम्मू के बीच रेल लाइनें बन चुकी थीं। 1947 में बंटवारे के बाद देश की 40 प्रतिशत रेल लाइनें और संसाधन पाकिस्तान के हिस्से में चले गए। साथ ही पाकिस्तान ने वजीराबाद-जम्मू रेलवे लाइन को बंद कर दी।

आजादी के बाद 1952 में पहली बार कश्मीर तक रेल पहुंचाने का काम शुरू हुआ। इसके लिए एक छोटी सी कोशिश की गई।

दरअसल, पंजाब के जालंधर तक ट्रेन जाती थी। वहीं जालंधर के आगे मुकरियां से पठान कोट के बीच पटरी थी, लेकिन मुकरियां और जालंधर के बीच रेलवे लाइन नहीं थी।

ऐसे में यहां 72.6 किमी. रेलवे लाइन बिछाई गई। 7 अप्रैल 1952 को जांलधर से पठान कोट तक ट्रेन चलना शुरू हुई, लेकिन अब भी कश्मीर 227 किमी. दूर था।

1966 में पठानकोट से माधोपुर और माधोपुर से कठुआ तक ट्रैक बिछाया गया। ट्रेन भी चलाई गई।

कठुआ पहुंचते ही जम्मू-कश्मीर शुरू हो जाता है। इस रास्ते पर ट्रैक बिछाना बहुत मुश्किल काम था, जिसकी वजह थी रावी नदी। इस नदी पर छोटे-बड़े पुल बनाए गए।

**1972 में जम्मू पहुंची पहली यात्री ट्रेन 'झेलम एक्सप्रेस'-** 1965 में भारत-पाकिस्तान जंग के दौरान भारतीय सेना को बॉर्डर के इलाकों में पहुंचने में काफी मुश्किलें आईं। तब प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी को लगा कि घाटी में रेल नेटवर्क को बढ़ाना पड़ेगा, जिससे सेना और लोगों को फायदा हो।

अर्ली टाइम्स की रिपोर्ट के मुताबिक, 1969 में कठुआ से जम्मू तक पहुंचने के लिए रेलवे लाइन की नींव रखी गई। इसका जिम्मा नॉर्दर्न रेलवे को मिला। कठुआ से जम्मू के बीच 76 किमी लंबी रेल लाइन बिछाई गई, जो पठानकोट-कठुआ ब्लॉक से शुरू होकर जम्मूतवी तक जाती थी। ये प्रोजेक्ट इतना अहम था कि 1971 की जंग के दौरान भी इसका काम नहीं रुका।

1972 में इस रेलवे लाइन का काम पूरा हुआ। 2 अक्टूबर 1972 को पहली मालगाड़ी चलाई गई। इसके बाद 2 दिसंबर 1972 को नई दिल्ली से जम्मू तक एक यात्री ट्रेन चलाई गई। तब इस ट्रेन को दुल्हन की तरह सजाया गया। केंद्रीय मंत्री डॉ. कर्ण सिंह और ओम मेहता इस ट्रेन से जम्मू पहुंचे। पहले इसे 'श्रीनगर एक्सप्रेस' कहा जाता था, लेकिन अब 'झेलम एक्सप्रेस' कहा जाता है। झेलम एक्सप्रेस को पहले 'श्रीनगर एक्सप्रेस' कहा जाता था और अब ये पुणे से जम्मूतवी तक जाती है। जम्मू तक रेल पहुंचने पर यह दिल्ली से जुड़ गया था, लेकिन अब भी कश्मीर तक पहुंचना बाकी था। उस वक्त कश्मीर केवल एनएच-



44 हाईवे से ही पहुंचा जा सकता था, जो उधमपुर से होकर जाता था। उधमपुर को कश्मीर का गेटवे माना जाता है। ऐसे में कश्मीर तक रेल पहुंचाने की शुरुआत यहीं से हुई।

**1994 में शुरू हुआ चिनाब ब्रिज का रेल प्रोजेक्ट यूएसबीआरएल -** अर्ली टाइम्स की रिपोर्ट के मुताबिक, 1983 में इंदिरा गांधी ने जम्मू-उधमपुर रेलवे लाइन की नींव रखी। 5 साल में 50 करोड़ की लागत से 53 किमी. ये रेलवे लाइन तैयार होनी थी, लेकिन इसे बनाने में 21 साल लग गए और 515 करोड़ खर्च हुए। शिवालिक की पहाड़ियों को काटकर 20 टनल और 158 पुल बनाए गए।

1994 में तत्कालीन प्रधानमंत्री पी. वी. नरसिम्हा राव ने उधमपुर-श्रीनगर-बारामूला रेल लिंक यानी एसबीआरएल प्रोजेक्ट शुरू किया। शुरुआत में इसका बजट 2.5 हजार करोड़ रुपए था, जो 2025 तक बढ़कर 42.93 हजार करोड़ रुपए हो गया।

**2003 में चिनाब ब्रिज पर मुहर लगी, 22 साल में तैयार हुआ-** कारगिल युद्ध के बाद 2002 में तत्कालीन प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने यूएसबीआरएल को सेंट्रल प्रोजेक्ट घोषित किया। यानी इस प्रोजेक्ट का खर्च केंद्र सरकार ने उठाया और निगरानी रखी।

2003 में सरकार ने हर मौसम में कश्मीर घाटी को देश के दूसरे हिस्सों से जोड़ने के लिए चिनाब ब्रिज बनाने का फैसला किया। 2009 तक इस ब्रिज को बनकर तैयार होना था। हालांकि ऐसा नहीं हो पाया।

डॉ. मनमोहन सिंह की सरकार के दौरान उधमपुर से कश्मीर तक दोनों छोर पर रेल लाइनें बिछाई गईं, लेकिन इनके बीच में रेलवे लाइन नहीं बनी।

2014 में पीएम नरेंद्र मोदी ने एसबीआरएल प्रोजेक्ट के लिए प्रोएक्टिव गवर्नेंस एंड टाइमली इम्प्लिमेन्टेशन यानी प्रगति पहल शुरू की। इसके तहत पीएम मोदी ने चिनाब ब्रिज के निर्माण की खुद निगरानी की और जरूरी फंड मंजूर किया। अब करीब 2 दशक के बाद 1,486 करोड़ रुपए की लागत से चिनाब नदी पर ये ब्रिज बनकर तैयार हो गया है। इसके साथ कश्मीर को भारत से सीधे जोड़ने का सपना भी पूरा हुआ।

**120 साल तक भूकंप, बाढ़ और बर्फबारी को झेल सकता है चिनाब ब्रिज-** दुनिया के सबसे ऊंचे रेलवे ब्रिज 'चिनाब ब्रिज' को भूकंप, बाढ़, बर्फबारी और विस्फोटकों से बचाने के लिए खास तरीके से तैयार किया गया है। ब्रिज का इलाका भूकंप के जोन चार में आता है, लेकिन इसे भूकंप क्षेत्र पांच के लिए डिजाइन किया गया है। यानी यह भूकंप के लिहाज से काफी सुरक्षित है और रिक्टर स्केल पर 8 की तीव्रता वाले भूकंप को भी आसानी से झेल लेगा। इस ब्रिज को अगले 120 साल के लिए बनाया गया है।

चिनाब रेलवे ब्रिज को तैयार करने में कुल 17 खंभे बनाए गए हैं। इसका सबसे ऊंचा कॉन्क्रीट का बना खंभा 49.343 मीटर का है और इसका सबसे ऊंचा स्टील का खंभा करीब 130 मीटर का है। स्टील के इस खंभे को बनाने के लिए 29 हजार टन से भी ज्यादा स्टील का इस्तेमाल किया गया है।

डिफेंस रिसर्च एंड डेवलपमेंट ऑर्गनाइजेशन यानी ष्ठक्रष्ठह्र की मदद से इस ब्रिज को ब्लास्ट लोड के लिए भी डिजाइन किया गया है। यानी 40 किलोग्राम या इससे ज्यादा विस्फोटक होने पर भी इस ब्रिज पर ब्लास्ट का कोई असर नहीं पड़ेगा।

**चिनाब ब्रिज भारत से कश्मीर को अलग होने से 4 बड़े तरीकों से रोकेगा-** अलगाववादी भावना पर लगाम लगेगी- बेहतर कनेक्टिविटी और विकास से कश्मीर के लोगों में भारत के साथ एकता की भावना बढ़ेगी। इससे अलगाव यानी कश्मीर को भारत से अलग करने की सोच खत्म होगी। कश्मीर का सबसे बड़ा मुद्दा अलगाववाद है। इस ब्रिज से कश्मीर को भारत से अलग करने की मांग खत्म हो जाएगी।

हर मौसम में रास्ता चालू रहेगा- यह ब्रिज कश्मीर को जम्मू और देश के बाकी हिस्सों से हमेशा जोड़े रखेगा। अभी तक सर्दियों के मौसम में कश्मीर जाने में परेशानी होती थी क्योंकि बर्फबारी के कारण सड़कें बंद हो जाती थीं, लेकिन अब चिनाब ब्रिज के जरिए हर मौसम में कश्मीर पहुंचा जा सकेगा।

आर्थिक विकास बढ़ेगा- कश्मीर के सेब, शॉल, केसर समेत अन्य उत्पाद देश के बड़े बाजारों में आसानी से पहुंचेंगे। इससे कश्मीर की आर्थिक व्यवस्था मजबूत होगी और विकास तेजी से बढ़ेगा। वहीं सस्ती रेल यात्रा से कश्मीर में पर्यटकों की संख्या बढ़ेगी, जिससे स्थानीय रोजगार बढ़ेगा।

सेना की आवाजाही तेजी से होगी- इस ब्रिज के जरिए सेना और अर्धसैनिक बलों की तेजी से आवाजाही होगी। संघर्ष या बिगड़ते हालात के दौरान जल्दी डिप्लॉयमेंट हो सकेगा। इससे सीमावर्ती इलाकों में सेना की पहुंच मजबूत होगी और सुरक्षा बढ़ेगी।

**चिनाब ब्रिज से पाकिस्तान और चीन की चिंता क्यों बढ़ी है?**

डिफेंस एक्सपर्ट रिटायर्ड लेफ्टिनेंट कर्नल जेएस सोढ़ी के मुताबिक, चिनाब ब्रिज कश्मीर के अखनूर इलाके में बना है। जैसे नॉर्थ ईस्ट में सिलीगुड़ी कॉरिडोर को चिकन नेक कहा जाता है, जहां अगर चीन का कब्जा हो जाए तो देश दो हिस्सों में टूट सकता है। इसी तरह अखनूर इलाका कश्मीर का चिकन नेक है। ऐसे में यहां चिनाब ब्रिज का बनना भारत के लिए सामरिक तौर पर बेहद अहम है। इससे कश्मीर पर भारत की पकड़ ज्यादा मजबूत हो जाएगी।

कश्मीर में लंबे समय तक तैनात रहे रिटायर्ड लेफ्टिनेंट जनरल संजय कुलकर्णी बताते हैं, 'चिनाब रेलवे ब्रिज कनेक्ट होने के साथ ही दिल्ली की कश्मीर में सीधी पहुंच हो जाएगी। इससे हमारी सामरिक और सैन्य क्षमताओं में जबरदस्त इजाफा होगा। कश्मीर में तैनात सेना तक आर्म्स, एम्युनिशन, टैंक सीधे घाटी में पहुंच सकेंगे। बारामूला तक रेल कनेक्ट होने से बॉर्डर तक रसद की पहुंच भी आसान होगी।'

जंग की स्थिति में इस ब्रिज की वजह से पाकिस्तान पर भारत भारी पड़ेगा। यह लाइन ऑफ कंट्रोल यानी एलओसी से महज 64 किमी. दूर बना है, जिससे सेना और रसद बॉर्डर पर जल्दी पहुंच सकेगा। इसके अलावा घाटी में विकास होगा और ये इलाका हर मौसम में देश के दूसरे हिस्सों से जुड़ा रहेगा, जो पाकिस्तान और चीन के लिए चिंता का सबब है।

# धर्मशाला और मैक्लोडगंज पर्यटन- तिब्बती संस्कृति और हिमालयी सौंदर्य का अद्भुत संगम

(प्रीटी)

धर्मशाला से लगभग 10 किमी दूर स्थित मैक्लोडगंज तिब्बती संस्कृति और बौद्ध दर्शन का प्रमुख केंद्र है। यह छोटा सा कस्बा विदेशी पर्यटकों, ध्यान-साधकों, योगाभ्यासियों और पर्वतारोहण प्रेमियों के बीच बेहद लोकप्रिय है।

हिमाचल प्रदेश के कांगड़ा जिले में स्थित धर्मशाला और मैक्लोडगंज उत्तर भारत के सबसे प्रसिद्ध पर्यटन स्थलों में गिने जाते हैं। ये स्थान न केवल अपनी प्राकृतिक सुंदरता, शांत वातावरण और





बर्फ से ढकी पहाड़ियों के लिए जाने जाते हैं, बल्कि तिब्बती संस्कृति, बौद्ध धर्म और अध्यात्मिकता के प्रमुख केंद्र भी हैं। धर्मशाला को 'छोटा ल्हासा' भी कहा जाता है क्योंकि यह तिब्बती शरणार्थियों का प्रमुख निवास स्थान है।

**धर्मशाला-शांत वादियों में बसा आध्यात्मिक केंद्र-** धर्मशाला दो भागों में बँटा हुआ है – अपर धर्मशाला (मैक्लोडगंज) और लोअर धर्मशाला। यहाँ का मौसम साल भर सुहावना बना रहता है और यहाँ की हरियाली, ऊँची पहाड़ियाँ, देवदार और चीड़ के वृक्ष इसे स्वर्ग जैसा अनुभव देते हैं।

**प्रमुख आकर्षण-** एचपीसीएल क्रिकेट स्टेडियम- समुद्र तल से लगभग 1457 मीटर की ऊंचाई पर स्थित यह स्टेडियम दुनिया के सबसे सुंदर क्रिकेट स्टेडियमों में से एक है।

कांगड़ा आर्ट म्यूज़ियमः यहाँ आप पहाड़ी चित्रकला, तिब्बती और बौद्ध वस्तुओं का संग्रह देख सकते हैं।

त्सुगलाखांग कॉम्प्लेक्सः यह दलाई लामा का निवास और आधिकारिक मठ है, जहाँ लोग बौद्ध धर्म और ध्यान की गहराइयों को अनुभव कर सकते हैं।

**मैक्लोडगंजः तिब्बती जीवनशैली और प्रकृति का संगम-** धर्मशाला से लगभग 10 किमी दूर स्थित मैक्लोडगंज तिब्बती संस्कृति और बौद्ध दर्शन का प्रमुख केंद्र है। यह छोटा सा कस्बा विदेशी पर्यटकों, ध्यान-साधकों, योगाभ्यासियों और पर्वतारोहण प्रेमियों के बीच बेहद लोकप्रिय है।

**प्रमुख आकर्षण-** नामग्याल मठ- यह दलाई लामा का निजी मठ है और ध्यान-प्रेमियों के लिए विशेष स्थान है।

भागसूनाग मंदिर और झरना- यह प्राचीन मंदिर भगवान शिव को समर्पित है और पास ही स्थित झरना एक सुंदर प्राकृतिक स्थल है।

त्रियुंड ट्रेक- यह एक मध्यम स्तर का ट्रेक है जहाँ से धौलाधार की पर्वतमालाएँ बेहद निकट से दिखती हैं। यह ट्रेकिंग प्रेमियों के लिए स्वर्ग समान है।

तिब्बतन मार्केट- यहाँ से आप तिब्बती हस्तशिल्प, थंका पेंटिंग, ऊनी कपड़े और बुद्ध प्रतिमाएँ खरीद सकते हैं।

क्या करें धर्मशाला और मैक्लोडगंज में?

ध्यान और योग शिविरों में भाग लें

बौद्ध धर्म पर आधारित वर्कशॉप

स्थानीय तिब्बती भोजन का आनंद लें (मोमो, थुकपा आदि)

ट्रेकिंग, कैम्पिंग और पैराग्लाइडिंग जैसी साहसिक गतिविधियाँ

स्थानीय भिक्षुओं से बातचीत और बौद्ध संस्कृति को समझना

**यात्रा का उत्तम समय-** मार्च से जून और सितंबर से नवंबर के बीच का समय यात्रा के लिए सबसे उपयुक्त है। सर्दियों में बर्फबारी देखने के लिए दिसंबर-जनवरी का समय भी लोकप्रिय है।

**कैसे पहुँचे?**

हवाई मार्ग- निकटतम हवाई अड्डा गग्गल (धर्मशाला) है, जो शहर से लगभग 13 किमी दूर है।

रेल मार्ग- सबसे नजदीकी रेलवे स्टेशन पठानकोट है, जहाँ से टैक्सी या बस द्वारा धर्मशाला पहुँचा जा सकता है।

सड़क मार्ग- दिल्ली, चंडीगढ़ और अमृतसर से नियमित बस सेवाएं उपलब्ध हैं।

धर्मशाला और मैक्लोडगंज केवल पर्यटन स्थल नहीं, बल्कि आत्मिक शांति, सांस्कृतिक विविधता और प्राकृतिक सुंदरता के संगम स्थल हैं। यदि आप जीवन की दौड़-भाग से कुछ समय निकालकर प्रकृति और आत्मा के साथ एक रिश्ता बनाना चाहते हैं, तो यह स्थल आपके लिए एक आदर्श गंतव्य है।

# राजनीति को नई दिशा देते विपक्षी दलों के नये चेहरे

**सिंदूर ऑपरेशन के बाद पाकिस्तान दुनिया से सहानुभूति बटोरने के लिये जहां विश्व समुदाय में अनेक भ्रम, भ्रांतिया एवं भारत की छवि को छिछालेदार करने में जुटा है, वहीं भारत का डर दिखा-दिखा कर ही पाक अनेक देशों से आर्थिक मदद मांग रहा है। इन्हीं स्थितियों को देखते हुए दुनिया के सामने भारत का पक्ष रखने के लिए केंद्र सरकार ने जिस तरह से सात सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडलों का गठन किया है और इन दलों में विपक्षी दलों के सांसद एवं नेताओं ने भारत का पक्ष बिना आग्रह, दुराग्रह एवं पूर्वाग्रह के दुनिया के सामने रखा, उसकी जितनी सराहना की जाये, कम है।**

(ललित गर्ग)

विदेशों में सटीक एवं प्रभावी भारतीय पक्ष रखने के कारण शशि थरुर जहां असंख्य भारतीयों की वाह-वाही लूट रहे हैं, वहीं कांग्रेस पार्टी में उनका भारी विरोध हो रहा है। चर्चा एवं विवादों में चल रहे शशि थरूर केरल के तिरुवंतपुरम से चार बार के कांग्रेस के सांसद हैं।

सिंदूर ऑपरेशन के बाद पाकिस्तान दुनिया से सहानुभूति बटोरने के लिये जहां विश्व समुदाय में अनेक भ्रम, भ्रांतिया एवं भारत की छवि को छिछालेदार करने में जुटा है, वहीं भारत का डर दिखा-दिखा कर ही पाक अनेक देशों से आर्थिक मदद मांग रहा है। इन्हीं स्थितियों को देखते हुए दुनिया के सामने भारत का पक्ष रखने के लिए केंद्र सरकार ने जिस तरह से सात सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडलों का गठन किया है और इन दलों में विपक्षी दलों के सांसद एवं नेताओं ने भारत का पक्ष बिना आग्रह, दुराग्रह एवं पूर्वाग्रह के दुनिया के सामने रखा, उसकी जितनी सराहना की जाये, कम है। इन विपक्षी नेताओं ने विदेश में भारतीय राष्ट्रवाद को सशक्त एवं प्रभावी तरीकों से व्यक्त किया। देश ने इन नेताओं को अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते और एक लय में आगे बढ़ते देखा, जबकि संसद में वे केवल आपस में लड़ते दिखलाई देते थे। यह सराहनीय पहल भारत के लिये एक बड़ी उपलब्धि बनी है, जो भारत की भविष्य की राजनीति के भी नये संकेत दे रही है। क्योंकि इसने भारत में एक नए एवं सकारात्मक राजनीतिक नेतृत्व को उभरता हुआ दिखाया है। यूं तो सात दलों के सभी सदस्यों ने भरपूर तरीके से शानदार प्रदर्शन करते हुए भारत का पक्ष रखकर दुनिया को भारत के पक्ष में करने की सार्थक पहल की है, लेकिन कांग्रेस के शशि थरूर एवं एआईएमआईएम सांसद असदुद्दीन ओवैसी एक नये किरदार में नजर आये हैं। थरुर को लेकर कांग्रेस पार्टी में प्रारंभ से ही विरोध एवं विरोधाभास की स्थितियां बनी हुई।

विदेशों में सटीक एवं प्रभावी भारतीय पक्ष रखने के कारण शशि थरुर जहां असंख्य भारतीयों की वाह-वाही लूट रहे हैं, वहीं कांग्रेस पार्टी में उनका भारी विरोध हो रहा है। चर्चा एवं विवादों में चल रहे शशि थरूर केरल के तिरुवंतपुरम से चार बार के कांग्रेस के सांसद हैं। वे एक ऐसे कूटनीतिज्ञ राजनेता हैं, जो अपने राजनीतिक कौशल का प्रदर्शन करना जानते हैं। वे एक ऐसे स्वतंत्र सोच एवं साहसी निर्णय लेने वाले नेता भी हैं जो अपनी पार्टी के रुख से अलग भी स्टैंड लेते रहे हैं। लेकिन ताजा सन्दर्भों में वे कांग्रेस के लिए अब असहज सच्चाई बन गए हैं। क्योंकि थरूर ने वह सब कुछ किया है जिसकी पार्टी में इजाजत नहीं है। प्रतिनिधि मण्डल में थरूर के नाम पर कांग्रेस ने आपत्ति जताई थी, क्योंकि कांग्रेस ने केंद्र को थरूर का नाम नहीं दिया था। थरूर ने कहा था- मैं सम्मानित महसूस कर रहा हूं, जब भी राष्ट्रीय हित की बात होगी और मेरी सेवाओं की जरूरत होगी, तो मैं पीछे नहीं रहूंगा।' थरूर ने कांग्रेस छोड़ने की अटकलों के सवाल पर कहा- जब आप देश की सेवा कर रहे हों, तब ऐसी चीजों की ज्यादा परवाह नहीं करनी चाहिए। हमारे राजनीतिक मतभेद भारत के बॉर्डर के बाहर जाते ही खत्म हो जाते हैं। सीमा पार करते ही हम पहले भारतीय होते हैं। थरूर इन दिनों अमेरिकी सहित कई देशों के दौरे पर हैं, जहां वे ऑपरेशन सिंदूर को लेकर बने मल्टी पार्टी डेलीगेशन को सुपर लीड कर रहे हैं। सरकार के समर्थन में बोलने पर कांग्रेस के अनेक नेता थरुर की खिंचाई करने में जुटे हैं। उन्हीं में एक नेता उदित राज ने थरूर को भाजपा का सुपर प्रवक्ता तक बता दिया है। जबकि कांग्रेस नेता राहुल गांधी प्रधानमंत्री मोदी और सत्तारूढ़ भाजपा पर ऑपरेशन सिंदूर के बाद भारत-पाकिस्तान युद्धविराम को लेकर लगातार हमलावर हैं।

4 जून 2025 को राहुल गांधी ने तब हद ही कर दी जब उन्होंने दावा किया कि प्रधानमंत्री मोदी ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के दबाव में आत्मसमर्पण कर दिया। इतना ही नहीं ये सब कहने का अंदाज भी उनका इतना खराब था कि जैसे कोई दुश्मन देश का बंदा बोल रहा हो। राहुल गांधी ने यह भी कहा था कि, मैं भाजपा और आरएसएस वालों को अच्छे से जान गया हूं, इनको थोड़ा सा दबाओ तो डर कर भाग जाते हैं। राहुल ने आगे कहा, उधर से ट्रंप ने फोन किया और इशारा किया कि मोदीजी क्या कर रहे हो? नरेंदर, सरेंडर और 'जी हुजूर' करके मोदीजी ने ट्रंप के इशारे का पालन किया। राहुल गांधी के इस भ्रामक एवं गुमराह करने वाले बयान का थरुर ने जोरदार तरीके से जबाव दिया एवं कांग्रेस पार्टी को ही घेरा। राष्ट्रपति ट्रम्प की भारत-पाक के बीच मध्यस्थता के बयान पर थरूर बोले- मैं यहां किसी विवाद को हवा देने नहीं आया हूं। अमेरिकी राष्ट्रपति का सम्मान है। हमें नहीं पता उन्होंने पाकिस्तान से क्या कहा, पर हमें किसी की सलाह की जरूरत नहीं थी।

आग्रह-दुराग्रह से ग्रसित होकर कांग्रेस के नेता एक-दूसरे को नीचा दिखाने की ही बातें कर रहे हैं, इन कांग्रेसी नेताओं में दायित्व की गरिमा और गंभीरता समाप्त हो गई है। राष्ट्रीय समस्याएं और विकास के लिए खुले दिमाग से सोच की परम्परा उनमें बन ही नहीं रही है। जब मानसिकता दुराग्रहित है तो 'दुष्प्रचार' ही होता है। कोई आदर्श संदेश राष्ट्र को नहीं दिया जा सकता। राष्ट्र-विरोधी राजनीति एवं सत्ता-लोलुपता की नकारात्मक राजनीति हमें सदैव ही उल्ट धारणा (विपथगामी) की ओर ले जाती है। ऐसी राजनीति राष्ट्र के मुद्दों को विकृत कर उन्हें अतिवादी दुराग्रहों में परिवर्तित कर देती है। राहुल गांधी एवं कांग्रेस ने राष्ट्रीय संकट में भी यही सब करके आम जनता से अधिक दूरियां बना ली है। शशि थरुर ने तो बड़ी लकीरें खींच दी, कांग्रेस कब ऐसी लकीरें खिंचने की पात्रता विकसित करेंगी? हर राजनीतिक दल को कई बार अग्नि स्नान करता पड़ता है, पर आज कांग्रेस तो 'कीचड़ स्नान' कर रहा है। जहां तक कांग्रेस नेताओं का सवाल है, एक और निहित संदेश सामने आया कि सिर्फ गांधी परिवार ही कांग्रेस का नेतृत्व नहीं कर सकता जबकि भारत की सबसे पुरानी पार्टी में अभी भी प्रतिभाओं का खजाना है, उसके पास अनुभवी नेता हैं, जो जटिल मुद्दों को समझने और नेतृत्व देने में सक्षम हैं।

बड़ी लकीरें तो प्रतिनिधिमण्डल में गये अन्य विपक्षी दलों के नेताओं ने भी खींची है। जिनमें एआईएमआईएम सांसद असदुद्दीन ओवैसी ने विश्व की राजधानियों में भारत की स्थिति और मौजूद विकास को भी रेखांकित किया है। ओवैसी- जो भारत के अल्पसंख्यकों को प्रभावित करने वाले मुद्दों को उठाने के लिए जाने जाते हैं- उन्होंने पाकिस्तान को कड़ी भाषा में आड़े हाथों लिया। यहां तक कि उन्होंने पाकिस्तान द्वारा जारी की गई फर्जी तस्वीरों का जिक्र करते हुए कहा कि नकल के लिए भी अकल चाहिए! ओवैसी की राष्ट्रवादी सोच तो समय-समय पर सामने आती रही है। इस तरह मुस्लिम नेतृत्व अगर उदारता दिखाता तो देश के करोड़ों मुसलमानों के प्रति एक विश्वास और भाईचारे की भावना बढ़ती है। ओवैसी ने तो सबकी निगाहे अपनी ओर खींच ली थीं। इसी तरह डीएमके सांसद कनिमोझी करुणानिधि ने अपनी तल्ख और चतुराई भरे अंदाज से भारतीयों एवं दुनिया का दिल जीत लिया है। सांसद कनिमोझी ने स्पेन में अपने हिस्से का पक्ष रखते हुए भारत की राष्ट्रीय भाषा एकता और विविधता का जिक्र कर ऐसी बात कही है जिसके बाद वो जमकर वाहवाही लूट रही हैं। कनिमोझी ने इसके साथ ही कहा कि हमारे अपने मुद्दे हो सकते हैं, अलग-अलग विचारधाराएं हो सकती हैं, संसद में हमारे बीच तीखी बहस हो सकती है, लेकिन जब भारत की बात आती है, तो हम एक साथ खड़े होते हैं, यही संदेश हम लेकर आए हैं।' उनकी ये बातें इसलिए भी खास हैं क्योंकि जहां एक ओर उनकी पार्टी राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 में प्रस्तावित त्रि-भाषा नीति को चुनौती देते हुए गैर-हिंदी भाषी राज्यों पर हिंदी थोपने की बात कर रही है। वहां कनिमोझी एकता और विविधता को राष्ट्रीय भाषा बताते हुए अपना पक्ष रख रही हैं। डीएमके सांसद का ये अंदाज सुर्खियों का विषय बना है और लोग जमकर इसकी तारीफ कर रहे हैं। इसी तरह शिवसेना यूबीटी की प्रियंका चतुर्वेदी ने भारत को न केवल बुद्ध और गांधी, बल्कि श्रीकृष्ण की भूमि भी बताया, जिन्होंने पांडवों से आग्रह किया था कि धर्म की रक्षा के लिए आवश्यक हो तो युद्ध करने से न हिचकिचाएं। अब यह देखना बाकी है कि क्या सरकार ऐसे और कूटनीतिक प्रयासों में विपक्षी नेताओं का इस्तेमाल करना जारी रखेगी। लेखक, पत्रकार, स्तंभकार हैं। (इस लेख में लेखक के अपने विचार हैं।)

## भीषण आग की सूचना मिलने पर व्यापारियों से मिलने पहुँचे। भाजपा के वरिष्ठ नेता विनीत शारदा



मेरठ। आज भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं भाजपा व्यापार प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक विनीत अग्रवाल शारदा शास्त्री नगर आवास विकास के पास व्यापारियों की दुकानों में भीषण आग की सूचना मिलने पर व्यापारियों से मिलने पहुँचे। भाजपा के वरिष्ठ नेता विनीत शारदा से पीड़ित सभी व्यापारियों सचिन वर्मा ,हरीश मल्होत्रा एवं भानुप्रताप आदि से मिलकर विस्तार से घटना की जानकारी ली। जानकारी मिलने पर बहा के हालात देखकर व्यापारियों की तबाही देखकर भाजपा नेता विनीत शारदा भावुक हो गये उनकी आँखों में आँसू आ गये । व्यापारियों के नुकसान के विषय में भाजपा नेता विनीत शारदा ने व्यापारियों को ढाँढस बँधवाते हुए उन्हें विश्वास दिलाया। आज देश और प्रदेश में मोदी और योगी की सरकार है मैं वायदा करता हूँ आपको ज्यादा से ज्यादा नुकसान कि भरपाई कराऊँगा। व्यापारी मेरी आत्मा है अपनी आत्मा का जरासा भी नुकसान नहीं होने दूँगा। विनीत शारदा ने कहाँ वो प्रदेश के मुख्यमंत्री को विस्तार से घटना की जानकारी देंगे और व्यापारी वर्ग के नुकसान की भरपाई कराने की कोशिश करेंगे विनीत शारदा के साथ आलोक सिसोदिया सहित व्यापारी साथ में थे।

## अवैध पशु कटान के साथ एक अभियुक्त गिरफ्तार, 50 किलो मांस बरामद



मेरठ थाना देहली गेट पुलिस ने अवैध पशु कटान करने वाला अभियुक्त गिरफ्तार किया है। अभियुक्त के कब्जे से 50 किलो पशु मांस व कटान के उपकरण बरामद किया है । प्रभारी निरीक्षक थाना देहली गेट मय पुलिस टीम के थाना क्षेत्रान्तर्गत ईद उल अजहा पर कुर्बानी के नाम पर अवैध कटान को रोकथान करने के उद्देश्य से चैकिंग व गस्त की जा रही थी। पुलिस द्वारा मुखबिर की सूचना पर गली सेठान मौ0 सराय लालदास से पशु कटान करते हुए एक अभि0 को गिरफ्तार किया गया। इस दौरान घटना स्थल से 70 किलो अवैध मांस व एक दाब व लकड़ी का गुटका बरामद हुआ । गिरफ्तारी/बरामदगी के आधार पर थाना देहली गेट मेरठ पर मु0अ0स0 115/2025 धारा 325 बीएनएस व 11 पशु क्रूरता निवारण अधि0 पंजीकृत किया गया । अभियुक्त के विरुद्ध आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है। गिरफ्तार अभियुक्त का नाम शेख अमजद पुत्र शेख मुईनुद्दीन निवास हाल पता गली सेठान मौ0 सराय लालदास थाना देहली गेट मेरठ मूल पता ग्राम नुद्रनपुर थाना होरीपल जनपद हुगली प0 बंगाल है।

## नोएडा में पुलिस आयुक्त ने थाना सेक्टर–63 के नवनिर्मित भवन का किया लोकार्पण

नोएडा। ग्राम बहलोलपुर के पास बने थाना सेक्टर-63 के नवनिर्मित प्रशासनिक भवन, आवासीय परिसर व कमिश्नरेट गौतमबुद्धनगर के प्रथम ई-मालखाने का लोकार्पण आज पुलिस आयुक्त लक्ष्मी सिंह ने किया। इस अवसर पर उन्होंने उच्च गति की इंटरनेट सुविधा और पेपरलेस कार्यप्रणाली पर विशेष जोर दिया। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न जनप्रतिनिधि, औद्योगिक संगठनों के प्रतिनिधि, व्यापारी, आरडब्ल्यूए के सदस्य और क्षेत्र के संभ्रांत लोग उपस्थित रहे। लोकार्पण कार्यक्रम में पुलिस आयुक्त लक्ष्मी सिंह ने कहा कि हमारा उद्देश्य पुलिसिंग को नागरिकों के लिए अधिक सुलभ, पारदर्शी और प्रभावी बनाना है। इस नए भवन के माध्यम से हम बेहतर सेवाएं प्रदान करेंगे और पुलिसकर्मियों के लिए एक सुरक्षित एवं समर्पित कार्य वातावरण सुनिश्चित करेंगे। उन्होंने बताया कि नवनिर्मित थाना भवन में कई अत्याधुनिक सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं। इनमें प्रशासनिक कार्यालय, महिला हेल्प डेस्क, साइबर सेल, सीसीटीएनएस कक्ष, विवेचना कक्ष, हवालात, मालखाना और पुलिसकर्मियों के लिए विश्राम कक्ष (रेस्ट रूम) शामिल हैं। भवन को ग्रीन एनर्जी से लैस किया गया है, साथ ही उच्च गति की इंटरनेट सुविधा और पेपरलेस कार्यप्रणाली पर विशेष जोर दिया गया है। महिलाओं की सुरक्षा और सुविधा को ध्यान में रखते हुए एक अलग महिला हेल्प डेस्क की स्थापना की गई है, जहाँ वह अपनी शिकायतें निःसंकोच दर्ज करा सकती हैं। आगंतुकों के बैठने, पार्किंग और अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं का भी पूरा ध्यान रखा गया है। पुलिस आयुक्त ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे इस भवन का उपयोग अधिकतम दक्षता से करें और आम नागरिकों की समस्याओं का समयबद्ध समाधान सुनिश्चित करें। उन्होंने सभी पुलिसकर्मियों से अपने कर्तव्यों का निर्वहन ईमानदारी और समर्पण के साथ करने का आह्वान किया।

# सेवा भारती की बैठक में सेवा कार्य का लिया संकल्प

मेरठ। आज सेवा भारती मेरठ महानगर की योजना बैठक मधुकर कुंज लोहिया नगर में हुई , जिसमें सेवा भारती गत वर्ष के सेवा कार्यों की समीक्षा की गई तथा आगामी वर्ष के लिए 'सेवा कार्यों का संकल्प' घोषित किया गया।

मुख्य उद्बोधन सह-विभाग संघचालक विनोद भारती जी का रहा। विनोद भारती ने बताया कि पूरे देश में अभावग्रस्त और उपेक्षित सेवा बस्तियों में सेवा भारती के 1,50,000 सेवा केन्द्र कार्य कर रहे हैं। मेरठ महानगर की 135 सेवा बस्तियों की 70 सेवा बस्तियों में शोषित पीड़ित उपेक्षित परिवारों के लिए सेवा कार्य चलायें जा रहे हैं।



सेवा भारती मेरठ के पूर्वी और पश्चिमी क्षेत्र की कार्यकारिणी की घोषणा की गई। पूर्वी मेरठ महानगर के अध्यक्ष जनार्दन शर्मा तथा मन्त्री डा. कपिल गर्ग और कोषाध्यक्ष सौरभ अग्रवाल घोषित किए गये। पश्चिमी मेरठ महानगर के अध्यक्ष गौरव गोयल ,मन्त्री नीरज मिन्टी तथा कोषाध्यक्ष अमित रस्तोगी की घोषणा हुई। सेवा भारती मेरठ, महानगर पूर्व के नवनिर्वाचित अध्यक्ष जनार्दन शर्मा ने बताया कि इस वर्ष हिन्दु परिवारों की अनाथ और अभावग्रस्त कन्याओं के लिए मेरठ शहर में एक महिला छात्रावास बनाने की योजना है जिसमें अभावग्रस्त बालिकाओं की शिक्षा और रहने का प्रबंध होगा तथा नगर की सभी सेवा बस्तियों में सेवा कार्य के विस्तार का लक्ष्य है।

इस योजना बैठक में सह-विभाग संघचालक विनोद भारती, सेवा भारती मेरठ प्रान्त के अध्यक्ष कैलाश चंद्र शर्मा, मंत्री डा. आनन्द पाल सिंह, उपाध्यक्ष विपुल सिंघल एवं बड़ी संख्या में नगर-वासी और सेवा भारती के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# बागपत प्रशासन की अभिनव पहल आंचल – प्रदेश का पहला स्तनपान कक्ष बड़ौत बस डिपो पर किया स्थापित

बागपत। महिला सशक्तिकरण एवं बाल कल्याण के लिए जिलाधिकारी बागपत की अनोखी पहल बागपत। सार्वजनिक स्थानों पर फीडिंग बूथ की स्थापना मिशन शक्ति, जिसका उद्देश्य महिलाओं की सुरक्षा, संरक्षा और आत्मनिर्भरता के लिए सशक्त बनाना है, को धरातल पर साकार करेगी। जागरूकता बढ़ाकर, सुरक्षित वातावरण स्थापित करके मिशन शक्ति महिलाओं के जीवन को बदलने और एक ऐसा समाज बनाने का प्रयास करता है जो समावेशी और सशक्त हो। मातृत्व को सम्मान और शिशु स्वास्थ्य को प्राथमिकता देने हेतु बागपत प्रशासन ने एक महत्वपूर्ण पहल आंचल की शुरूआत की है। इस पहल के तहत उत्तर प्रदेश का पहला स्तनपान कक्ष बड़ौत




बस डिपो पर स्थापित किया जा रहा है, जिसका शुभारंभ जिलाधिकारी अस्मिता लाल द्वारा आज 09 जून2025 दिन सोमवार को किया गया। यह स्तनपान कक्ष लिटिल फिट फाउंडेशन डॉ अभिनव तोमर द्वारा संचालित, विश्व स्वास्थ्य संगठन (WHO) एवं यूनिसेफ के सहयोग से स्थापित किया गया है और इसे रीसाइकल्ड सामग्री – 350 किलो प्लास्टिक, 170 किलो आयरन स्क्रैप व 15 किलो लकड़ी – से तैयार किया गया है, जिससे यह पर्यावरण-संवेदनशील भी रहेगा।

इस पहल का उद्देश्य महिलाओं को सार्वजनिक स्थानों पर स्तनपान कराने हेतु सुरक्षित, स्वच्छ और सम्मानजनक स्थान उपलब्ध कराना है। यह न सिर्फ नवजात के पोषण व रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ावा देगा, बल्कि महिलाओं को शिक्षा व रोजगार के लिए घर से बाहर निकलने में सहूलियत देगा। डीएम अस्मिता लाल ने कहा, मां और बच्चे की सेहत समाज की सामूहिक जिम्मेदारी है। आंचल पहल मातृत्व को सम्मान देने और महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने की दिशा में एक मजबूत कदम है। यह सामाजिक सोच में बदलाव, लैंगिक समानता और परिवार के सहयोग की भावना को मजबूत करेगी।

# हरियाणा की शराब के साथ दो तस्कर गिरफ्तार, 62 पेटी शराब बरामद

मेरठ। थाना परतापुर पुलिस द्वारा अवैध हरियाणा मार्का के भिन्न-भिन्न ब्रांड की 62 पेटियां शराब बरामद की गयी हैं। इस दौरान गोवा मार्का के 1080 फर्जी स्टीकर, चिट व एक बुलैरो पिकअप सहित शराब तस्कर गिरफ्तार किए गए हैं। थाना परतापुर पुलिस द्वारा चैकिंग के दौरान भूडबराल मेट्रो स्टेशन के आगे मुखबिर की सूचना पर बोलेरो पिकअप गाडी को रोकने की कोशिश की तो पिकअप गाडी चालक ने पुलिस को देखकर गाडी भगा ली। थाना पुलिस द्वारा बुलेरो पिकअप गाडी के आगे वाहन लगाकर मेरठ दिल्ली एक्सप्रेस के ऊपर चढने वाले रास्ते के पहले पकड लिया। गाडी को चैक करने पर गाडी के अन्दर से 62 पेटी हरियाणा मार्का के भिन्न-भिन्न ब्रान्ड की मिली। मौके से दो अभियुक्तगण चालक बुलैरो परिक्षित वर्मा पुत्र प्रमोद निवासी सोनाहटी खडखडी




थाना गागलहेडी जनपद सहारनपुर और संदीप पुत्र कालूराम निवासी ग्राम भूडबराल थाना परतापुर मेरठ को गिरफ्तार किया गया व गोवा मार्का शराब के चिट (स्टीकर) बरामद हुए।

शराब तस्करों से कडाई से पूछताछ पर बताया कि उक्त शराब की गाडी सुभाष पुत्र सुरेन्द्र निवासी ग्राम भूडबराल थाना परतापुर मेरठ व मनोज पुत्र सतपाल निवासी म0नं0 34 भोजपुर अड्डा थाना भोजपुर जनपद गाजियाबाद की है तथा जो दोनों अपनी गाडी (ब्रेजा) से हमारे पीछे पीछे चल रहे है । हरियाणा से शराब लाते है। उस पर गोवा मार्का के फर्जी स्टीकर लगाकर गोवा में ऊंचे दामों पर बेचकर धोखाधडी से अवैध धन अर्जित करते हैं। जिस पिकअप गाडी से शराब जाती है उस पर भी डाकपार्सल लिखा रखा है ताकि रास्ते में पुलिस गाडी को डाक की गाडी समझकर चेकिंग न करे । थोडी देर बाद पीछे से एक ब्रेजा गाडी आती दिखाई दी जो हम पुलिस वालों को देखकर अपनी ब्रेजा गाडी छोडकर भाग गये। जिनका पीछा है0का0 सुखराज सिंह व का0 गुलदीप द्वारा किया गया परन्तु दोनों अभियुक्त अंधेरा का फायदा उठाकर भाग गये। गिरफ्तार अभियुक्तों को समय 03.14 बजे हिरासत पुलिस लिया गया तथा थाना हाजा पर अभियुक्तगण के विरूद्ध आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

## आईआईटी में प्रवेश की आवेदन तिथि 22 जून तक बढ़ा




मेरठ। आईटीआई में प्रवेश के लिए आवेदन की तिथि एक बार फिर से बढ़ा दी गई है। अब आईआईटी में 22 जून तक प्रवेश लिया जा सकता है। बता दें तीसरी बार आईआईटी में प्रवेश की आवेदन तिथि बढ़ाई गई है। प्रवेश सत्र-2025 से प्रारम्भ होने वाले प्रशिक्षण सत्र में एनसीवीटी एवं एससीवीटी पाठ्यक्रम में अंतगर्त जिले के राजकीय एंव निजी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में चयन,प्रवेश के लिए राज्य व्यावसायिक प्रशिक्षण परिषद की वेबसाईट www.SCVTUP.IN पर ऑनलाईन आवेदन कर सकेंगे। इससे पहले प्रवेश लेने की अंतिम तारीख 12 मई निर्धारित थी। उसके बाद इसको बढ़ाकर 5 जून तक कर दिया गया था। लेकिन अब अभ्यर्थियों के हित को ध्यान में रखते हुए ऑनलाइन आवेदन की सुविधा 22 जून 2025 रात्रि 12 बजे तक के लिए बढ़ा दी गई है। जनपद में संचालित राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान बच्चा पार्क तथा पीपीपी योजनान्तर्गत स्थापित राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, साकेत में संचालित है। इसकी साथ ही जिले में कुल 21 निजी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान भी हैं। जिनमें विभिन्न एक वर्षीय एंव दो वर्षीय व्यवसायों में अभ्यार्थियों को प्रशिक्षण प्रदान किया जाता है।

# एनसीआर में घर के बाहर से वाहनों को चुराने वाले दो चोर पकड़े, कई वाहन बरामद

नोएडा। दिल्ली एनसीआर क्षेत्र में रात के समय घर के बाहर खड़ी होने वाले वाहनों को मास्टर की (चाबी) व इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस से ताला तोड़कर चोरी करने वाले एक गिरोह के दो शातिर बदमाशों को थाना सेक्टर-24 पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने अभियुक्तों के कब्जे से चोरी की एक ब्रेजा कार, तीन मोटरसाइकिल, दो स्कूटी, ताला तोड़ने के उपकरण, 4 गाड़ी के टूटे हुए लॉक, 3 ईसीएम, 2 डिवाइस कार लॉक खोलने के लिये, 9 चाबी विभिन्न गाड़ियों की, 6 नम्बर प्लेट व एक मास्टर की (चाबी) सहित अन्य सामान बरामद किया है। एडीसीपी नोएडा सुमित कुमार शुक्ला ने बताया किथाना सेक्टर-24 पुलिस ने आज इलेक्ट्रॉनिक सर्विलांस व तकनीकी साक्ष्यों की सहायता से चेकिंग के दौरान वाहन चोरी करने वाले 2 अभियुक्त अनिल उर्फ अनीश पवार पुत्र लालबाबू तथा राजू सिंह उर्फ योगेश पुत्र खड़ग सिंह को सेक्टर-11 से सेक्टर-56 की तरफ आने वाले रास्ते से गिरफ्तार किया है। उन्होंने बताया कि अभियुक्तों के कब्जे व निशादेही से चोरी की गई एक कार ब्रेजा, 3 मोटरसाइकिल, 2 स्कूटी, 2 की (ताला तोड़ने के लिये), 4 गाड़ी के लॉक टूटे




हुए, 3 ईसीएम, 2 डिवाईस कार लॉक खोलने के लिये व उनके वायर व 9 चाबी विभिन्न गाड़ियों की, 1 प्लास, 1 पेंचकस, 1 छैनी, 1 चुम्बक का टुकड़ा, 2 चाबी, 6 नम्बर प्लेट (3 गाड़ियों की) व एक मास्टर की (चाबी) बरामद हुए हैं।

उन्होंने बताया कि अभियुक्त रात्रि के समय एनसीआर क्षेत्र में घर के बाहर खड़े दो पहिया व चार पहिया वाहनों की रेकी करने के बाद मास्टर की (चाबी) व इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस के माध्यम से वाहन का ताला तोड़कर चोरी करने में माहिर है। उन्होंने बताया कि अभियुक्तों के खिलाफ विभिन्न थानों में 22 मुकदमे दर्ज है। दोनों बदमाशों के अन्य आपराधिक इतिहास के बारे में जानकारी एकत्र की जा रही है।

# दिव्यांगों को दुकान निर्माण के लिए मिलेगी वित्तीय सहायता

मेरठ। दिव्यांगों को दुकान निर्माण के लिए सरकार की ओर से वित्तीय सहायता प्रदान की जाएगी। ये जानकारी जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी सुधीर कुमार ने दी है। उन्होंने बताया कि दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग द्वारा संचालित दुकान निर्माण, दुकान संचालन योजनान्तर्गत प्रति लाभार्थी को वित्तीय सहायता के रूप में 10 हजार की धनराशि दी जाती है। इसमें 7,500 रुपये 4 प्रतिशत वार्षिक साधारण ब्याज की दर पर ऋण के रूप में तथा 2500 रुपये अनुदान के रूप में दिया जाता है। योजना का लाभ लेने के लिए दिव्यांगजन अपना आवेदन पत्र वेबसाइट http://divyangjandukan. Upsdc.gov.in पर आनलाइन करे। इसके लिए आयु सीमा 18 वर्ष से कम व 60 से अधिक नहीं होनी चाहिए। दिव्यांग व्यक्ति की न्यूनतम दिव्यांगता 40 प्रतिशत दिव्यांग प्रमाण पत्र हो।

# खाली प्लाट में युवक का शव मिलने से सनसनी



मेरठ। गांव जानी खुर्द स्थित ब्लॉक कार्यालय के पास सोमवार सुबह उस समय हड़कंप मच गया, जब एक खाली पड़े प्लॉट में एक युवक का शव पड़ा मिलने से सनसनी फैल गयी । मृतक की उम्र लगभग 35 वर्ष बताई जा रही है। युवक के सिर पर गंभीर चोट के निशान हैं और जमीन पर खून के काफी धब्बे भी पाए गए हैं।

सूचना मिलते ही जानी पुलिस मौके पर पहुंची और शव के आसपास जांच शुरू की। ग्रामीणों की भीड़ भी घटनास्थल पर जमा हो गई, लेकिन शव की शिनाख्त नहीं हो सकी। युवक ने सफेद शर्ट और स्लेटी रंग की पैंट पहन रखी थी। फोरेंसिक टीम को भी मौके पर बुलाया गया, जिसने घटनास्थल से साक्ष्य जुटाए। पुलिस ने आसपास के लोगों से पूछताछ की, लेकिन किसी ने भी मृतक की पहचान नहीं की। सीओ सरधना संजय कुमार जायसवाल के मुताबिक, शिनाख्त न होने के चलते शव को अज्ञात में मोर्चरी भेजा गया है। मामले की जांच की जा रही है। हत्या की आशंका से इनकार नहीं किया जा सकता।

## नोएडा की नामी सोसायटी से आभूषण व विदेशी मुद्रा चुराने वाले दो चोर गिरफ्तार

नोएडा। नोएडा, गाजियाबाद, बुलंदशहर सहित एनसीआर के विभिन्न क्षेत्र में घूम-फिरकर बंद घरों की रेकी करने के बाद कीमती सामान चोरी करने वाले एक गिरोह के दो शातिर बदमाशों को थाना सेक्टर-24 पुलिस ने गिरफ्तार किया है। कब्जे से पुलिस ने चोरी के आभूषण, विदेशी मुद्रा व सिक्के बरामद किया है। दोनों बदमाशों के खिलाफ जनपद गौतमबुद्ध नगर के विभिन्न थानों में 7 मुकदमें दर्ज है। एडीसीपी नोएडा सुमित कुमार शुक्ला ने बताया कि थाना सेक्टर-24 पुलिस ने आज इलेक्ट्रॉनिक सर्विलांस व तकनीकी साक्ष्यों की सहायता से मिली जानकारी पर बंद पडे घरों व मकानों की रैकी करके चोरी करने वाले 2 अभियुक्त सोनू गौतम पुत्र सीता राम और मनोज कुमार वर्मा पुत्र हरीप्रेम वर्मा को एआरटीओ ऑफिस के पीछे वाली सड़क से गिरफ्तार किया गया है। अभियुक्तों के कब्जे से चोरी की 4 अंगूठी पीली धातु, 1 गले का हार सफेद धातु, 2 गले का हार पीली व सफेद धातु, 14 डॉलर (सिंगापुर देश के), 200 रुपए (इन्डोनेशिया देश के), 6 चाँदी के सिक्के व 1 चाँदी का नोट बरामद किया है। एडीसीपी ने बताया कि पूछताछ के दौरान अभियुक्तों द्वारा बताया गया कि वह एनसीआर क्षेत्र में घूम-फिरकर घरों की रैकी करते है तथा चोरी किये गये आभूषणों को औने-पौने दामों में राह चलते व्यक्तियों को बेच देते है।

# आज का इतिहास

नयी दिल्ली 09 जून (वार्ता) भारतीय एवं विश्व इतिहास में 10 जून की महत्त्वपूर्ण घटनाएँ इस प्रकार है।

1246: नसीरुद्दीन मुहम्मद शाह प्रथम दिल्ली के शासक बने। इससे पहले दिल्ली के सुलतान अलाउद्दीन मसूद शाह को निर्वासित कर दिया गया।

1829: ब्रिटेन की ऑक्सफोर्ड और कैम्ब्रिज यूनिवर्सिटी के बीच पहली बोट रेस।

1848: न्यूयॉर्क और शिकागो के बीच पहला टेलीग्राफ लिंक शुरू।

1931: नार्वे ने पूर्वी ग्रीनलैंड पर कब्जा किया।

1934: सोवियत संघ और रोमानिया के बीच राजनयिक संबंध दोबारा स्थापित।

1940: इटली ने द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान फ्रांस और ब्रिटेन के खिलाफ लड़ाई की घोषणा की।

1946: राजशाही खत्म होने के बाद इटली गणतांत्रिक राष्ट्र बना।

1966: वायु सेना के लड़ाकू विमान 'मिगइ का महाराष्ट्र के नासिक जिले से उत्पादन शुरू।

1967: इजड्रायल ने संयुक्त राष्ट्र के प्रस्ताव पर युद्ध विराम को स्वीकार करके छह दिन से चल रहे अरब युद्ध को समाप्त कर दिया। इस दौरान इजड्रायल ने यहूदियों, ईसाइयों और मुसलमानों के लिए पवित्र माने जाने वाले यरूशलम पर पूरी तरह से कब्जा कर लिया।

1971: अमेरिका ने चीन के 21 साल के व्यापार प्रतिबंध को खत्म कर दिया।

1972: मुंबई के मडगांव बंदरगाह से पूर्ण वातानुकूलित पोत हर्षवर्धन का जलावतरण।

1986: भारत ने इंग्लैंड को 5 विकेट से हराकर लॉर्ड्स में पहली टेस्ट जीत दर्ज की।

1999: नाटो ने कोसोवो प्रांत पर पिछले 79 दिन से की जा रही बमबारी को रोकने का ऐलान किया। देश से सर्ब सैनिकों की वापसी शुरू होने पर यह घोषणा की गई।

2002: पाकिस्तान ने विश्व की दूसरी सबसे ऊंची चोटी के-2 का नाम बदलकर 'शाहगौरीइ कर दिया।

2003: अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा का मंगलयान रोवर लॉन्च।

2021: कवि, प्रोफेसर एवं फिल्म निमार्ता बुद्धदेव दासगुप्ता का निधन।

2021: एशियाई खेलों के स्वर्ण पदक विजेता डिंको सिंह का निधन।

# रंग संसार

## ठंडे बस्ते में नहीं गई सलमान-शाह रुख की स्पाई थ्रिलर, लेटेस्ट अपडेट में मिली गुड न्यूज



नई दिल्ली। 2023 में निमार्ता आदित्य चोपड़ा के यशराज फिल्म्स के बैनर तले बनने वाली फिल्म पठान के जरिए शाह रुख खान ने स्पाई यूनिवर्स में एंट्री की। फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर गदर काट दिया और 500 से ज्यादा का कलेक्शन करके ऑल टाइम ब्लॉकबस्टर साबित हुई। उस दौरान मेकर्स की तरफ से एक और स्पाई थ्रिलर टाइगर वर्सेज पठान का एलान किया गया। जिसमें सलमान खान और शाह रुख खान की जोड़ी एक साथ नजर आने वाली थी।

लंबे समय से इस मूवी को लेकर तरह-तरह की खबरें सामने आईं और माना ये गया कि शायद ये फिल्म ठंडे बस्ते में चली गई है। लेकिन अब टाइगर वर्सेज पठान पर लेटेस्ट अपडेट आया है, जो ऑडियंस की एक्साइटमेंट बढ़ा सकता है।

बंद नहीं हुई टाइगर वर्सेज पठान

2 साल के लंबे इंतजार के बाद यशराज फिल्म्स की तरफ से टाइगर वर्सेज पठान को लेकर कोई अहम जानकारी सामने नहीं आई। फैंस मानने लगे थे कि अब शायद पर्दे पर टाइगर और पठान की जोड़ी न देखने को मिली। लेकिन अब के क्लोज डवलपमेंट की तरफ से जो जानकारी सामने आ रही है, उससे इस अपकमिंग स्पाई थ्रिलर की उम्मीद बढ़ गई है।पीपिंग मून वेबसाइट की रिपोर्ट के अनुसार निमार्ता आदित्य चोपड़ा टाइगर वर्सेज पठान को बड़े पैमाने पर पेश करने की तैयारी कर रहे हैं। स्पाई यूनिवर्स की फिल्में दोहराव की तरफ बढ़ रही है, जिसकी वजह से उन्हें नए दृष्टिकोण की जरूरत पड़ रही है, ताकि कहानी में नयापन नजर आ सके।इसका नए सिरे से मूल्यांकन करके फिल्म को प्रस्तुत करने की तैयारी की जा रही है। इसका ये मतलब नहीं है कि टाइगर वर्सेज पठान बंद हो गई है, बल्कि इसके लिए अलग और रोचक तरह के महत्वपूर्ण बदलवाए किए जा रहे हैं।

इस खबर के सामने आने के बाद ये तय हो गया है कि फ्यूचर में सिनेप्रेमियों को टाइगर और पठान की जोड़ी एक बार से रंग जमाती हुई नजर आएगी।

# राज काज

## 'मस्क के साथ संबंध सुधारने की कोई इच्छा नहीं', ट्रंप ने टेस्ला के सीईओ को दी खुली धमकी




न्यूयार्क। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा है कि उनकी अमेरिकी अरबपति और टेस्ला के सीईओ एलन मस्क के साथ संबंध सुधारने की कोई इच्छा नहीं है। साथ ही उन्होंने चेतावनी दी कि यदि मस्क उन उम्मीदवारों को वित्तपोषित करते हैं जो उन रिपब्लिकनों के खिलाफ चुनाव लड़ते हैं जिन्होंने राष्ट्रपति के घरेलू नीति बिल के पक्ष में मतदान किया, तो इसके गंभीर परिणाम होंगे।हाल ही में सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर दोनों के बीच जबरदस्त तलवारें खीची थीं। दोनों ने एक-दूसरे पर वार करने में कोई कसर नहीं छोड़ी थी। एक कार्यक्रम में ट्रंप ने स्पष्ट किया कि उनके पास मस्क से बात करने की कोई योजना नहीं है। उन्होंने कहा- "मैंने कभी भी मस्क के साथ अपने संबंधों को लेकर कोई चिंता नहीं की। मुझे उनकी गतिविधियों से कोई फर्क नहीं पड़ता।"

मस्क ने कुछ पोस्ट किए डिलीट

वैसे पर्दे के पीछे, दोनों के करीबी लोग सुलह कराने की कोशिश कर रहे हैं। मस्क ने ट्रंप के खिलाफ किए कुछ कड़े पोस्ट इंटरनेट मीडिया से हटा दिए हैं जबकि ट्रंप ने भी मस्क की और आलोचना करने में संयम बरता है। ट्रंप के सलाहकार मानते हैं कि यदि दोनों में समझौता हो भी जाता है तो यह रिश्ता पहले जैसा नहीं होगा।

# दैनिक राशिफल 10 मंगलवार जून, 2025

**मेष** – मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश सफल होगी। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। नवीन जिम्मेदारी बढने.के आसार रहेंगे। अपने काम को प्राथमिकता से करें।

**वृष** – आत्मविश्वास बढ़ेगा। कारोबारी काम में बाधा उभरने से मानसिक अशांति बनी रहेगी। यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा। सुविधा और समन्वय बना रहने से कामकाज में प्रगति बन जाएगी। आर्थिक हित के काम को साधने में मदद मिल जाएगी। मांगलिक कार्योंक्रमों का आयोजन होगा।

**मिथुन** – विरोधी नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेगा। स्वास्थ्य लाभ में समय और धन व्यय होगा। मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का बना रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी। लेन-देन में आ रही बाधा दूर करने का प्रयास होंगे। परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी।

**कर्क** – पर-प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। आलस्य का त्याग करें। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। यार-दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंग।

**सिंह** –कार्यक्षेत्र में संतोषजनक सफलता मिलेगी। अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। पत्नी व संतान पक्ष से थोड़ी चिंता रहेगी। शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। नौकरी में पदोन्नति की संभावना है। मित्रों से सावधान रहें तो ज्यादा उत्तम है।

**कन्या** – पठन-पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी। खान-पान में सावधानी रखें। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगें। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। निष्ठा से किया गया कार्य पराक्रम व आत्मविश्वास बढ़ाने वाला होगा।

**तुला** – खान-पान में सावधानी रखें। शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। संतान पक्ष की समस्या समाप्त होगी। व्यापार में प्रगति होगी। अपने अधीनस्त लोगों से कम सहयोग मिलेगा। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा।

**वृश्चिक** – जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। व्यापार व नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी। पुरुषार्थ का सहारा लें। कार्यसिद्धि होने में देर नहीं लगेगी। आर्थिक लाभ उत्तम रहेगा। शैक्षणिक कार्यों में रुचि बढ़ेगी। परिवार में किसी मांगलिक कार्य पर वार्ता होगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। लेन-देन में अस्पष्टता ठीक नही।

**धनु** –धार्मिक कार्य में समय और धन व्यय होगा। अपना काम दूसरों के सहयोग से पूरा होगा। मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का बना रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी। लेन-देन में आ रही बाधा दूर करने का प्रयास होंगे। पुराने मित्र से मिलन होगा। स्वविवेक से कार्य करें।

**मकर** – समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। स्वविवेक से कार्य कर।

**कुम्भ** – हित के काम में आ रही बाधा मध्याह्न पश्चात् दूर हो जाएगी। अपने काम आसानी से बनते चले जाएंगे। साथ ही आगे के लिए रास्ता भी बन जाएगा। यात्रा का योग। जीवन साथी अथवा यार-दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। पूंजी निवेश सोच-समझकर करें।

**मीन** – कहीं रुका हुआ पैसा वसूलने में मदद मिल जाएगी। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। कार्यक्षेत्र में आगे बढड्ढे में रुकावट का एहसास होगा। विरोधियों के सक्रिय होने की संभावना है। शत्रुहानि की आशंका रहेगी। आय के योग बनेंगे। किसी की सफलता से प्रेरित होंगे।

# दैनिक पंचांग

**10 जून 2025 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति**




**मंगलवार** 2025 वर्ष का 161 वा दिन **दिशाशूल** उत्तर **ऋतु** वर्षा। **विक्रम संवत्** 2082 **शक संवत्** 1947 **मास** ज्येष्ठ **पक्ष** शुक्ल **पक्ष** कृष्ण **तिथि** चतुर्दशी 11.36 बजे को समाप्त। **नक्षत्र** अनुराधा 18.02 बजे को समाप्त। **योग** सिद्ध 13.45 बजे को समाप्त। **करण** वणिज 11.36 बजे तदनन्तर विष्टि 00.28 बजे रात्र को समाप्त। **चन्द्रायु** 13.9 घण्टे **रवि क्रान्ति** उत्तर 23° 01' **सूर्य** उत्तरायन **कलि अहर्गण** 1872371 **जूलियन दिन** 2460836.5 **कलियुग संवत्** 5125 **कल्पारंभ संवत्** 1972949123 **सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885123 **वीरनिर्वाण संवत्** 2551 **हिजरी सन्** 1446 **महीना** जिल्हेज **तारीख** 13 **विशेष** वट पूर्णिमा व्रत, पूर्णिमा उपवास, ज्येष्ठ पूर्णिमा।

| ग्रह स्थिति | | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य | वृष में | मिथुन | 05.38 बजे से |
| चंद्र | वृश्चिक में | कर्क | 07.51 बजे से |
| मंगल | सिंह में | सिंह | 10.07 बजे से |
| बुध | मिथुन में | कन्या | 12.19 बजे से |
| गुरु | मिथुन में | तुला | 14.30 बजे से |
| शुक्र | मेष में | वृश्चिक | 16.45 ब.से |
| शनि | मीन में | धनु | 19.01 बजे से |
| राहु | कुंभ में | मकर | 21.06 बजे से |
| केतु | सिंह में | कुंभ | 22.52 बजे से |
| राहुकाल | | मीन | 00.25 बजे से |
| 3.00 से 4.30 बजे तक | | मेष | 01.56 बजे से |
| | | वृष | 03.36 बजे से |

| दिन का चौघड़िया | | | रात का चौघड़िया | | |
|---|---|---|---|---|---|
| रोग | 05.53 से | 07.22 बजे तक | काल | 05.42 से | 07.13 बजे तक |
| उद्वेग | 07.22 से | 08.15 बजे तक | लाभ | 07.13 से | 08.45 बजे तक |
| चर | 08.15 से | 10.19 बजे तक | उद्वेग | 08.45 से | 10.16 बजे तक |
| लाभ | 10.19 से | 11.48 बजे तक | शुभ | 10.16 से | 11.48 बजे तक |
| अमृत | 11.48 से | 01.16 बजे तक | अमृत | 11.48 से | 01.19 बजे तक |
| काल | 01.16 से | 02.45 बजे तक | चर | 01.19 से | 02.51 बजे तक |
| शुभ | 02.45 से | 04.13 बजे तक | रोग | 02.51 से | 04.22 बजे तक |
| रोग | 04.13 से | 05.42 बजे तक | काल | 04.22 से | 05.54 बजे तक |

**चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अत: आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें। ■ Jagrutidaur.com, Bangalore

# शामली में 32 लाख की लूट के दो आरोपी मुठभेड़ में दबोचे, 10 लाख कैश और असलहे बरामद





**शामली।** हाईवे पर धागा व्यापारी के मुनीम से हुई 32 लाख की लूट के मामले में शामली पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस और एसओजी टीम ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए दो बदमाशों को मुठभेड़ में घायल कर गिरफ्तार कर लिया है। पकड़े गए बदमाशों के कब्जे से पुलिस ने लूटी गई रकम में से 10 लाख रुपये नकद, वारदात में प्रयुक्त वैगनआर कार

और दो तमंचे बरामद किए हैं। मुठभेड़ में गोली लगने से घायल बदमाशों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जबकि उनके अन्य साथी अभी भी फरार हैं। करीब छह दिन पूर्व सदर कोतवाली क्षेत्र के हाईवे स्थित बलवा गांव के पास फ्लाईओवर के निकट धागा व्यापारी के मुनीम अनिल और ड्राइवर सतनाम के साथ फिल्मी स्टाइल में लूट की वारदात हुई थी। पानीपत निवासी व्यापारी के कर्मचारी मेरठ से कैश लेकर लौट रहे थे, तभी बुलेरो और वैगनआर सवार बदमाशों ने खुद को लस्छ अधिकारी बताकर उन्हें रोक लिया। बुलेरो पर 'भारत सरकार' लिखा हुआ था, जिससे बदमाशों की बातों पर भरोसा हो गया और उन्होंने 32 लाख की रकम लूट ली।

घटना के बाद से ही पुलिस ने डीआईजी सहारनपुर अभिषेक कुमार के निर्देशन और एसपी शामली रामसेवक गौतम की अगुवाई में ऑपरेशन शुरू किया। कई टीमें गठित कर बदमाशों की तलाश की जा रही थी। रविवार शाम सूचना मिली कि कैराना थाना क्षेत्र के टपराना बाईपास के पास हाईवे पर दो संदिग्ध बदमाश मौजूद हैं। पुलिस और एसओजी टीम ने तत्काल घेराबंदी की, जिस पर बदमाशों ने फायरिंग शुरू कर दी। जवाबी कार्रवाई में पुलिस ने दोनों को पैर में गोली मारकर घायल कर दिया। पकड़े गए बदमाशों की पहचान शुभम उर्फ गौरव और मोहित निवासी बेहड़ा चादीनगर, जनपद बागपत के रूप में हुई है। पूछताछ में उन्होंने बताया कि वे फाइनेंस कंपनी में वाहन रिकवरी एजेंट हैं और इस वारदात को अपने अन्य साथियों के साथ अंजाम दिया था। पुलिस ने इनके कब्जे से 10 लाख कैश, लूट में इस्तेमाल की गई वैगनआर कार, दो तमंचे, जिंदा व खोखा कारतूस बरामद किए हैं। घायलों को सदर सीएचसी में भर्ती कराया गया है। पुलिस अब इनके फरार साथियों की तलाश में दबिश दे रही है। एसपी शामली ने कहा कि लूट में शामिल सभी आरोपियों को जल्द गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

## बच्चों ने स्विमिंग पूल में नहाने, मस्ती करने और उछल कूद करने का आनन्द उठाया



**शामली।** शहर के श्री सत्यनारायण इंटर कॉलिज में समर कैम्प में सोमवार को बच्चों ने स्विमिंग पूल में नहाने, मस्ती करने और उछल कूद करने का आनन्द उठाया। समर कैम्प के सभी बच्चे गोहरनी रोड स्थित स्विमिंग पूल पर पहुंचे और स्विमिंग पूल में ठंडे पानी से नहाने का आनन्द लिया और शीतलता का अनुभव किया। प्रधानाचार्य अनिल कुमार शर्मा ने सबको सुरक्षा सम्बन्धी निर्देशों से अवगत कराया और उपस्थित समस्त स्टाफ को भी बच्चों का ध्यान रखने के सख्त आदेश दिये। छोटे बच्चों व बडें बच्चों के लिये अलग-अलग स्विमिंग पूल की व्यवस्था थी। पानी में नहाते हुए और क्रीडा करते हुए बच्चे ऐसे प्रतीत हो रहे थे जैसे छोटी-छोटी मछलियां उछल कूद कर रही हों। नहाने के बाद सभी बच्चों ने घर से लाया हुआ नाश्ता जैसे सैंडविच, चिप्स, कुरकुरे, बिस्कुट, फ्रूटी आदि का भी आनन्द लिया। कैम्प संचालिका छवि शर्मा बच्चों की देख रेख और सुरक्षा सम्बन्धी दायित्व का निर्वाह बडे ध्यान पूर्वक कर रही थी। जिससे बच्चों को किसी प्रकार की कठिनाई नहीं आयी।

## बौद्धिक व सेवा विभाग की प्रदर्शनी का शुभारम्भ राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ मेरठ प्रान्त ने किया

**शामली।** शामली में संचालित राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ मेरठ प्रान्त के संघ शिक्षा वर्ग में बौद्धिक व सेवा विभाग की प्रदर्शनी का शुभारम्भ राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ



मेरठ प्रान्त द्वारा किया गया, जिसमें स्वयंसेवकों का बौद्धिक व शारीरिक विकास के प्रति जागरूक किया गया। गत 7 जून से 23 जून तक मेरठ प्रान्त द्वारा आयोजित संघ शिक्षा वर्ग सामान्य का संचालन शहर के सिल्वर बैल्स पब्लिक स्कूल में हो रहा है, जिसमें मेरठ प्रान्त के 28 जनपदों से आये लगभग 700 स्वयंसेवक प्रतिभाग कर रहे है। सोमवार को नगर शामली में संचालित संघ शिक्षा वर्ग में बौद्धिक विभाग एवं सेवा विभाग द्वारा प्रदर्शनी का शुभारम्भ मेरठ प्रान्त के प्रान्त संघचालक एवं वर्ग के सर्वाधिकारी प्रेमचन्द द्वारा किया गया। उन्होंने बताया कि इस प्रदर्शनी के माध्यम से आये हुए शिक्षार्थियों को अपने प्राचीन धर्मग्रन्थों, उपनिषदों, वेदों व हमारे महापुरूषों के विषय में जानने का अवसर मिलता है तथा हम सभी के द्वारा अपने घरों में इन धार्मिक ग्रन्थों का नित्य अध्ययन करने से संस्कारयुक्त वातावरण निर्माण होता है व अपने धर्म संस्कृति के प्रति श्रद्धा का निर्माण होता है। इस अवसर पर वर्ग के कार्यवाह अरविन्द कुमार, प्रान्त प्रचारक व वर्ग पालक अनिल, सह प्रान्त प्रचारक आनन्द, क्रान्ति, भूपेन्द्र, अतुल, देशपाल आदि मौजूद रहे।

# तीनों तहसीलों में आयोजित हुआ सम्पूर्ण समाधान दिवस





**शामली।** सोमवार को जिले की तीनों तहसीलों में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में प्राप्त 112 शिकायतों में से मात्र 12 शिकायतों का ही मौके से पर निस्तारण किया जा सका है। कैराना तहसील में फरयादियों की शिकायते सुनते हुए डीएम एसपी ने प्रमुखता के आधार पर फरयादियों की समस्याओं का निस्तारण करने के निर्देश दिए है। डीएम ने चेतावनी दी कि यदि लापरवाही मिलती है तो कार्यवाही की जायेगी। सोमवार को कैराना तहसील में डीएम अरविन्द कुमार चौहान की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। डीएम ने फरियादियों की शिकायतों को सुनते हुए सभी विभागीय अधिकारियों को कड़े निर्देश देते हुए जनसमस्याओं का समय से गुणवत्तापरक निस्तारण करने के निर्देश दिये। साथ ही चेतावनी दी कि यदि जन शिकायतों के निस्तारण में किसी भी प्रकार की लापरवाही बरती जाती है तो उसको बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। डीएम के समक्ष 39 शिकायती पत्र प्राप्त हुए, जिनमें से मात्र 6 शिकायतों का निस्तारण हो सका। मौके पर एसपी रामसेवक गौतम, एसडीएम कैराना निधि भारद्वाज, जिला विकास अधिकारी सत्यराम यादव, पीडी डीआरडीए प्रेम चन्द आदि मौजूद रहे। इसके अलावा तहसील शामली में सीडीओ विनय कुमार तिवारी की अध्यक्षता में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। उनके समक्ष 42 शिकायतें आईं, जिनमें से मात्र 5 शिकायतों का मौके पर निस्तारण कर दिया गया। इस अवसर पर तहसीलदार शामली प्रियंका जायसवाल मौजूद रही। तहसील ऊन में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन एडीएम सत्येन्द्र सिंह की अध्यक्षता में हुआ। जिनके समक्ष 31 शिकायते आई और मात्र एक शिकायत का मौके पर निस्तारण हो सका। इस अवसर पर एसडीएम ऊन संदीप त्रिपाठी मौजूद रहें।

## जैन समाज के शमशान घाट पर पेयजल की कमी, हैड पंप लगाने की मांग

**कैराना।** तहसील दिवस के अवसर पर शहरवासियों ने जैन समाज के शमशान घाट पर पेयजल सुविधा स्थापित करने की मांग उठाई है। कस्बा कैराना खुरगान रोड बाईपास पर स्थित शमशान घाट का निर्माण तेजी से चल रहा है, लेकिन वहां पर अभी तक पेयजल की कोई सुविधा नहीं है। सभासद शगुन मित्तल ने इस संबंध में अपने पत्र में जिलाधिकारी से प्रार्थना की है कि शमशान घाट के समीप एक सरकारी हैड पंप लगाने की कृपा करें। उनका कहना है कि शमशान घाट पर जल संकट के चलते श्रद्धालुओं को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है।

स्थानीय लोगों का कहना है कि यह पंप न केवल जैन समाज के लिए, बल्कि अन्य समुदायों के लिए भी अत्यंत आवश्यक है, ताकि अंतिम संस्कार के समय में पानी की कमी न हो और जनसमुदाय को कठिनाइयों का सामना न करना पड़े। शहरवासी उम्मीद कर रहे हैं कि प्रशासन इस मांग पर शीघ्र कार्रवाई करेगा ताकि उनकी आवश्यकता की पूर्ति की जा सके।

## समाजसेवी संगठनों ने मीठे पानी की छबील लगाकर लोगों को शर्बत का वितरण किया

**शामली।** भीषण गर्मी का प्रकोप बढने से समाजसेवी संगठनों द्वारा सोमवार को मीठे पानी की छबील लगाकर लोगों को शर्बत का वितरण किया गया। सोमवार को शहर के झिंझाना रोड पर प्रमुख समाजसेवी व वीवी इंटर कालेज के प्रबंधक संजय संगल द्वारा भीषण गर्मी में लोगों को राहत देने के लिए ठंडे पानी की छबील लगाई।



इस दौरान उनके द्वारा आने जाने वाले राहगीरों को शर्बत वितरित किया गया। जिससे लोगों की भीषण गर्मी में प्यास बुझ सकी। इस अवसर पर डा. अनुराग शर्मा, मनोज शर्मा, मुस्तफा, सागर गर्ग, आयुष संगल, विक्रांत गर्ग, नीरज संगल, वाहिद, सुमैर, शिवम शर्मा आदि मौजूद रहे।

## कैराना में नए बिजली घर की मांग, जनहित में सरकारी जमीन आवंटित करने की आवश्यकता



**कैराना।** गर्मी के मौसम में विद्युत संकट से परेशान नागरिकों ने एक नया बिजली घर बनाने की मांग की है। कस्बा कैराना में पिछले कई दिनों से ओवरलोडिंग के कारण शहर की विद्युत आपूर्ति पूरी तरह से ढह गई है, जिससे आम जनमानस को कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है।

जानकारी के अनुसार, बिजली संकट ने नागरिकों के दैनिक जीवन को प्रभावित किया है। भयंकर गर्मी के चलते लोग परेशान हैं और बिजली की अनियमित आपूर्ति से स्वास्थ्य पर भी खतरा मंडरा रहा है। इस समस्या का समाधान निकालने के लिए नागरिकों ने उपजिलाधिकारी से एक नया बिजली घर बनाने के लिए सरकारी जमीन आवंटित करने की मांग की है।

सभासद शगुन मित्तल ने बताया कि नगर क्षेत्र में पालिका की कई जगहें ऐसी हैं जहां सरकारी जमीन उपलब्ध है। यदि उस जमीन का सही उपयोग किया जाए, तो नए बिजली घर के निर्माण की प्रक्रिया को जल्दी गति दी जा सकती है। शहरवासियों ने स्थानीय प्रशासन से आग्रह किया है कि जनहित को ध्यान में रखते हुए इस प्रकरण को तत्परता से सुलझाया जाए। नगर के लोगों की मांग है कि संबंधित अधिकारी को निर्देशित किया जाए, ताकि राहत प्रदान करने के लिए तुरंत कदम उठाए जा सकें। उन्होंने कहा कि सरकार की ओर से त्वरित कार्रवाई करने की उम्मीद है ताकि उन्हें राहत मिल सके।

# जलभराव की समस्या को लेकर ग्रामीणों के साथ एसडीएम से मिले सपा विधायक



**कैराना।** कैराना विधानसभा क्षेत्र से समाजवादी पार्टी के विधायक चौधरी नाहिद हसन ने तहसील मुख्यालय पर पहुंचकर एसडीएम से मुलाकात की। उन्होंने गांव आल्दी की गलियों में हुए जलभराव की समस्या के निराकरण की मांग की है। वहीं, एसडीएम ने जलभराव की समस्या के शीघ्र निस्तारण का आश्वासन दिया है।

सोमवार को कैराना सीट से समाजवादी पार्टी के विधायक चौधरी नाहिद हसन कांधला ब्लॉक क्षेत्र के गांव आल्दी के ग्रामीणों के साथ में तहसील मुख्यालय पर पहुंचे। जहां पर उन्होंने एसडीएम कैराना निधि भारद्वाज से मुलाकात की। उन्होंने एसडीएम को गांव आल्दी की गलियों में हुए जलभराव की समस्या से अवगत कराया। बताया कि घरों से निकलने वाले दूषित पानी की निकासी की सुचारू व्यवस्था न होने से गली में गंदा पानी भरा हुआ है। यह पानी ग्रामीणों के घरों में जा घुसा है, जिस कारण महिलाएं मकान की छत पर भोजन बनाने को विवश है। कैराना-कांधला मार्ग की ओर आने वाले गांव के मुख्य रास्ते पर नाला निर्माण कराए जाने से जलभराव की समस्या का निस्तारण हो सकता है। इस मार्ग पर लोक निर्माण विभाग की भूमि उपलब्ध है, जिस पर एक-दो लोगो ने अवैध कब्जा कर रखा है। कब्जाधारी लोग नाला निर्माण के कार्य में बाधा उत्पन्न कर रहे है। नाला निर्माण होने से निकासी का गंदा पानी गांव में स्थित तालाब में जा सकता है। करीब दो माह से जलभराव की समस्या बनी हुई है, जिससे मार्ग पर ग्रामीणो का आवागमन भी बंद हो चुका है। ग्रामीणों के कई बार शिकायत करने के बावजूद समस्या पर कोई संज्ञान नही लिया गया। बरसात का मौसम नजदीक है। ऐसे में नाला निर्माण का कार्य शीघ्र कराया जाना अति आवश्यक है। विधायक ने जनहित को ध्यान में रखते हुए जलभराव की समस्या का निराकरण कराने को कहा है। उधर, विधायक नाहिद हसन का कहना है कि गांव आल्दी में जलभराव की समस्या बनी हुई है। इसी को लेकर ग्रामीणों के साथ में एसडीएम से मुलाकात की गई है। एसडीएम ने समस्या के शीघ्र निराकरण का आश्वासन दिया है।

## महिला ने छेडछाड का आरोप लगाया

**शामली।** शहर कोतवाली क्षेत्र के मौहल्ला पंसारियान बडी माता मंदिर रोड निवासी एक महिला ने कोतवाली पुलिस को शिकायती पत्र देकर मंदिर के प्रधान पर जबरदस्ती कमरे में खींचने का आरोप लगाते हुए मामले में जांच कर कार्यवाही करने की मांग की है। सोमवार को शहर के माता मंदिर रोड निवासी अन्नु पत्नी रविसन कुमार उर्फ सोनू ने कोतवाली पुलिस को शिकायती पत्र देकर बताया कि उसका पति मंदिर के प्रधान धनेन्द्र संगल उर्फ भूचल के यहां मजदूरी का कार्य करता है। गत 6 जून को शाम करीब 6 से 7 बजे के बीच पति घर पर नही था और प्रधान घर पर मजदूरी के रूपये देने के लिए आया। आरोप है कि इस दौरान महिला को घर पर अकेली देखकर कमरे में खींचने का प्रयास किया, जिसका विरोध किया तो गाली गलौच की गई और जान से मारने की धमकी दी गई। महिला ने बताया कि इस दौरान उसके कपडे भी फट गए। जिसकी शिकायत उसने डायल 1076 पर भी की थी। पीडिता ने मामले में जांच कर कार्यवाही की मांग की है।

# तेज धूप और लू के थपेड़ों ने लोगों को घरों में किया कैद





**शामली।** शामली में पड़ रही भीषण गर्मी ने आम जनजीवन के साथ-साथ कारोबार को भी बुरी तरह प्रभावित कर दिया है। तेज धूप और लू के थपेड़ों ने लोगों को घरों में कैद कर दिया है, जिससे बाजारों में सन्नाटा पसरा हुआ है। गर्मी का असर कपड़ों की दुकानों से लेकर खानपान के व्यवसाय तक साफ देखा जा सकता है।

सोमवार को मौसम का अधिकतम तापमान 41 डिग्री सैल्सियस और न्यूनतम तापमान 28 डिग्री सैल्सियस तक पहुंच गया। तापमान बढने से लगने लगा है कि दोपहर के समय तो जैसे आसमान से आग बरस रही हो। तेज गर्म हवाओं के चलते लोग जरूरी कामों को भी टालने लगे हैं। खासकर दोपहर के समय सड़कों पर सन्नाटा छा जाता है। दुपहिया वाहनों की बिक्री पर इसका खासा असर पड़ा है।

शोरूम संचालकों वैभव गर्ग, अभिषेक, दिनेश का कहना है कि ग्राहक आ ही नहीं रहे, जिससे बिक्री में भारी गिरावट आई है। व्यापारियों का कहना है कि अगर यही स्थिति बनी रही तो आने वाले दिनों में आर्थिक नुकसान और बढ़ सकता है। वहीं आम लोग भी इस झुलसाती गर्मी से बेहद परेशान हैं और मानसून के जल्दी आने की दुआ कर रहे हैं। गर्मी के कारण स्वास्थ्य समस्याएं भी बढ़ रही हैं। स्थानीय अस्पतालों में उल्टी-दस्त, डीहाइड्रेशन और हीट स्ट्रोक के मरीजों की संख्या तेजी से बढ़ रही है। डॉक्टरों के अनुसार, अत्यधिक तापमान और शरीर में पानी की कमी इसके मुख्य कारण हैं। चिकित्सकों ने लोगों को दिन के समय घर से बाहर निकलने से बचने और अधिक से अधिक पानी पीने की सलाह दी है।

# सम्पूर्ण समाधान दिवस में डीएम-एसपी ने सुनी समस्याएं



**कैराना।** डीएम अरविंद चौहान व एसपी रामसेवक गौतम ने तहसील मुख्यालय पर आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में पहुंचकर जनसमस्याएं सुनी। इस दौरान विभिन्न मामलों से सम्बंधित 39 शिकायती प्रार्थना-पत्र प्राप्त हुए, जिनमें से छह शिकायतों का ही मौके पर निस्तारण कर दिया गया। जिलाधिकारी ने शिकायतों के निस्तारण में लापरवाही बरतने पर कार्यवाही के लिए चेताया है।

विगत शनिवार को ईद-उल-अजहा पर्व का अवकाश होने के चलते सोमवार को तहसील मुख्यालय पर स्थित सभागार कक्ष में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता डीएम अरविन्द चौहान ने की। इस दौरान भूमि से अवैध कब्जा हटवाने, टंकी के नलकूप का रिबोर कराने, श्मशान घाट पर हैंडपंप लगवाने, कैराना कस्बे में एक और बिजलीघर बनवाने, विपक्षियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराकर गिरफ्तार कराने, गांवों में पेयजल आपूर्ति हेतु किये जा रहे कनेक्शन कार्य को पूर्ण कराए जाने, सार्वजनिक रास्तों से अवैध कब्जा हटवाने, राशन कार्ड बनवाने आदि से सम्बंधित 39 शिकायती प्रार्थना-पत्र प्राप्त हुए, जिनमें से छह शिकायतों का अधिकारियों ने मौके पर ही निस्तारण कर दिया। शेष प्रार्थना-पत्रों को शीघ्र निस्तारण हेतु सम्बंधित विभागों को प्रेषित कर दिया गया। जिलाधिकारी ने अधीनस्थ अधिकारियों को शिकायतों के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश दिए है। उन्होंने शिकायतों के निस्तारण में शिथिलता मिलने पर सख्त कार्यवाही की चेतावनी दी है। इस दौरान एसपी शामली रामसेवक गौतम, एसडीएम निधि भारद्वाज, तहसीलदार अर्जुन चौहान, आपूर्ति निरीक्षक मदनपाल सिंह, कोतवाली प्रभारी निरीक्षक कैराना धर्मेन्द्र सिंह समेत विभिन्न विभागों के अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## कुटुंब प्रबोधन गतिविधि का आयोजन, परिवारों को संस्कारित करने का लिया संकल्प

**कैराना।** सोमवार को नगर के सरस्वती विद्या मंदिर इण्टर कॉलेज में कुटुंब प्रबोधन गतिविधि की एक महत्वपूर्ण जिला बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में सभी नगर खंड के संयोजक और प्रमुख उपस्थित रहे। बैठक में सह प्रांत संयोजक बालकृष्ण ने कुटुंब प्रबोधन के कार्यों को हर परिवार तक पहुँचाने के लिए कार्यकर्ताओं को नियमित रूप से प्रशिक्षण दिया। उन्होंने बताया कि



शताब्दी वर्ष के अवसर पर हर घर तक संपर्क बनाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है, ताकि हिंदू परिवार संस्कारित और सशक्त हो सकें। साथ ही, उन्होंने सभी नगर खंडों में छोटे-छोटे पारिवारिक गोष्ठियाँ आयोजित करने के लिए प्रेरित किया।बैठक के अंत में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सह जिला संघचालक आलोक ने आशीर्वचन स्वरूप सभी को मार्गदर्शन दिया। बैठक में प्रात: संयोजक विनय कुमार, विभाग संयोजक देवदत्त, सह विभाग संयोजक मांगेराम, जिला संयोजक अनिल और शुभम सहित अन्य प्रमुख सदस्य उपस्थित रहे।

## शामली में दिव्यांग बच्चों के लिए 10 जून से शुरू होगा विशेष चिन्हांकन अभियान

**शामली।** जिलाधिकारी शामली अरविन्द कुमार चौहान ने बताया कि उत्तर प्रदेश शासन के निर्देशानुसार जनपद शामली में 10 जून 2025 से दिव्यांग बच्चों के चिन्हांकन हेतु विशेष अभियान की शुरुआत की जा रही है। इस अभियान के तहत विकास खण्ड स्तर पर शिविरों का आयोजन किया जाएगा, जिसमें दिव्यांग बच्चों का चिकित्सकीय परीक्षण कर उन्हें प्रमाण पत्र, यूडीआईडी कार्ड, सहायक उपकरण तथा अन्य योजनाओं का लाभ प्रदान किया जाएगा। शिविरों का आयोजन प्रात: 10.30 बजे से अपराह्न 4.00 बजे तक निम्न तिथियों पर किया जाएगा।

10 जून विकास खण्ड शामली, 11 जून थानाभवन, 12 जून ऊन, 13 जून कांधला, 19 जून कैराना। मुख्य चिकित्सा अधिकारी द्वारा गठित मेडिकल बोर्ड द्वारा दिव्यांग प्रमाण पत्र और यूडीआईडी कार्ड जारी किए जाएंगे। साथ ही, आवश्यकता अनुसार ट्राईसाइकिल, व्हीलचेयर, कान की मशीन, ब्रेल किट, स्मार्ट केन, कृत्रिम अंग आदि भी वितरित किए जाएंगे।

शिविर में पंजीकरण हेतु लाभार्थियों को आय प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, बैंक पासबुक, दिव्यांगता प्रमाण पत्र (यदि हो), शैक्षिक दस्तावेजों की छायाप्रति तथा 2 पासपोर्ट साइज फोटो लाना अनिवार्य है। जिलाधिकारी ने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया है कि शिविरों में सभी व्यवस्थाएं समयबद्ध रूप से सुनिश्चित कराई जाएं ताकि अधिक से अधिक दिव्यांग बच्चे इस योजना से लाभान्वित हो सकें।

# जंधेड़ी गौशाला के निरीक्षण पर पहुंचे डीएम, परखी व्यवस्था

**कैराना।** डीएम अरविंद चौहान ने गांव जंधेड़ी में संचालित गौशाला में पहुंचकर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने गौशाला में मौजूद गोवंशों के लिए हरे चारे एवं पीने के पानी की पर्याप्त व्यवस्था कराने के निर्देश दिए है। विगत दिनों हिंदूवादी संगठन के कार्यकर्ताओं ने गौशाला में अनियमितता के संगीन आरोप लगाते हुए धरना-प्रदर्शन किया था। सोमवार को सम्पूर्ण समाधान दिवस के उपरांत डीएम शामली अरविंद चौहान ब्लॉक क्षेत्र के गांव जंधेड़ी में संचालित गौशाला में पहुंचे। जहां पर उन्होंने गोवंशों के लिए की गई व्यवस्थाओं का गहनता से निरीक्षण किया। डीएम ने मौके पर मौजूद केयरटेकर से गोवंशो की संख्या तथा चारे व पानी आदि की व्यवस्था के बारे में जानकारी की। जिलाधिकारी ने भयंकर गर्मी के मद्देनजर गौशाला में मौजूद गोवंशों के नियमित रूप से नहलाने एवं पीने के पानी की समुचित व्यवस्था करने के निर्देश दिए। उन्होंने गौशाला में साफ-सफाई की व्यवस्था भी दुरुस्त रखने को कहा। जंधेड़ी गांव में संचालित गौशाला में करीब तीस गोवंश बताए गए है। इस दौरान एसपी शामली रामसेवक गौतम, एसडीएम निधि भारद्वाज, कोतवाली प्रभारी निरीक्षक धर्मेन्द्र सिंह आदि मौजूद रहे। विदित रहे कि विगत दिनों हिंदूवादी संगठन के कार्यकर्ताओं ने तहसील मुख्यालय पर पहुंचकर पूरे जनपद में गोवंशों की दुर्दशा के आरोप लगाए थे।

# पालिकाध्यक्ष के आवास के सामने बिना अनुमति के खोद दी गई सड़क

**मुजफ्फरनगर।** पालिकाध्यक्ष श्रीमती मीनाक्षी स्वरूप के नई मंडी स्थित आवास के सामने ही बिना अनुमति के आईजीएल कम्पनी ने सड़क को खोद डाला। यहां पर पाइप लाइन डालने के लिए पांच गड्ढे खोदे गए, जबकि इस सड़क को अभी हाल में बनवाया गया था। इस मामले में भाजपा के वरिष्ठ नेता विकल्प जैन और अन्य सभासदों द्वारा कड़ी नाराजगी जताई गई है। उन्होंने ठेकेदार के मजदूरों को मौके से भगा दिया और गड्ढों को बंद कराया। इस मामले में पालिकाध्यक्ष ने कम्पनी को पत्र भेजकर कडी नाराजगी जताई है। इन्द्रप्रस्थ गैस लिमिटेड (आईजीएल) द्वारा शहरी क्षेत्र में गैस पाइपलाइन डाली गई है। इस पाइप लाइन को डालने के लिए नगर पालिका से अनुमति लिया जाना अनिवार्य है। आईजीएल पर लगातार ही नियमों के खिलाफ सड़कों को खोदने के



आरोप लगते रहे हैं। सोमवार को नई मंडी स्थित मौहल्ला पटेलनगर में नगरपालिका परिषद् की चेयरमैन श्रीमती मीनाक्षी स्वरूप के आवास के सामने कम्पनी के एक ठेकेदार ने सड़क को खुदवा दिया। यहां पर मजदूरों से पांच गड्ढे करा दिए। यहां पर पहुंचे भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं सभासदपति विकल्प जैन, सभासद देवेश कौशिक ने बिना अनुमति के खोदी गई सड़क पर कड़ी नाराजगी जताई है। सभासदों ने मौके पर मजदूरों को हड़काया और ठेकेदार को भी मौके पर बुलवा लिया और तत्काल ही सभी गड्ढ़ों को बंद कराया। वहीं दूसरी ओर पालिकाध्यक्ष श्रीमती मीनाक्षी स्वरूप ने कहा कि आईजीएल कम्पनी ने गैस पाइप लाइन डालने के लिए बिना अनुमति के सड़क को खोदा है। इस मामले में निर्माण विभाग के जेई कपिल कुमार को नियमानुसार कार्यवाही कराने के निर्देश दिए है। जहां भी कंपनी द्वारा बिना अनुमति के सड़क निर्माण को क्षति पहुंचाई गई, उसकी क्षतिपूर्ति वसूलने के निर्देश दिए हैं। कम्पनी के खिलाफ कानूनी कार्रवाई के भी निर्देश दिए हैं।

# सांड के हमले में बुजुर्ग की दर्दनाक मौत से गांव में कोहराम

## चार महीने पहले बेटे की सड़क हादसे में गई थी जान

## अब पिता की मौत से परिवार पर टूटा दुःखों का पहाड़

**मुजफ्फरनगर।** खतौली थाना क्षेत्र के गांव चितौड़ा में रविवार रात एक उग्र सांड के हमले में 60 वर्षीय बुजुर्ग की मौत हो गई। मृतक अनुप सिंह कुछ महीने पहले अपने जवान बेटे को सड़क हादसे में खो चुके थे। बेटे की मौत का गम अभी कम भी नहीं हुआ था कि अब पिता की असमय मौत ने पूरे गांव को स्तब्ध कर दिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, रविवार रात करीब 11:30 बजे अनुप सिंह पुत्र दल सिंह अपने घर के बाहर टहल रहे थे। तभी अचानक एक उग्र आवारा सांड ने उन पर हमला कर दिया। सांड की नुकीली सींग सीधे उनके पेट में जा धंसी। हमला इतना जबरदस्त था कि मौके पर ही उनकी मौत हो गई। शोर सुनकर आसपास के लोग और परिजन मौके पर पहुंचे लेकिन तब तक देर हो चुकी थी। बताया गया है कि मृतक का बेटा भारतीय सेना में तैनात था और करीब चार महीने पहले सड़क दुर्घटना में उसकी भी असमय मृत्यु हो गई थी। बेटे की मौत के बाद से ही अनुप सिंह गहरे सदमे में थे और कम ही लोगों से मेलजोल रखते थे। रविवार रात हुई इस घटना ने परिवार को पूरी तरह तोड़कर रख दिया है। परिजनों ने गमगीन माहौल में सोमवार सुबह उनका अंतिम संस्कार कर दिया। शोकाकुल परिवार ने किसी भी प्रकार की कानूनी कार्रवाई से इनकार कर दिया। घटना के बाद गांव चितौड़ा में शोक के साथ-साथ आक्रोश भी व्याप्त है। ग्रामीणों का कहना है कि गांव में लंबे समय से आवारा गोवंश खुलेआम घूम रहे हैं। कई बार शिकायत करने के बावजूद प्रशासन ने इस ओर कोई ठोस कदम नहीं उठाया। लोगों ने मांग की है कि गांव में घूम रहे खतरनाक सांडों को जल्द से जल्द पकड़ा जाए ताकि भविष्य में ऐसी दर्दनाक घटनाएं दोबारा न हों। ग्रामीणों ने जिला प्रशासन से सख्त कदम उठाने की मांग करते हुए कहा कि यदि समय रहते आवारा पशुओं की समस्या का समाधान नहीं किया गया तो वे प्रदर्शन को मजबूर होंगे। गांव में शोक और भय का माहौल बना हुआ है।




# पुलिस ने वारंटी गिरफ्तार किये

**खतौली।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार वर्मा द्वारा शातिर अपराधियों, वारंटियों, वांछितो को गिरफ्तार करके जेल की सलाखों के पीछे भेजने का आदेश दिए जाने के अंतर्गत कोतवाली पुलिस ने पांच एनबीडब्ल्यू वारंटी अभियुक्तों को गिरफ्तार कर अदालत के समक्ष पेश किया है। कोतवाल बृजेश कुमार शर्मा ने बताया कि थाने में दर्ज मुकदमों के एनबीडब्ल्यू वारंटी अभियुक्तों अय्यूब पुत्र मिद्दा शेख निवासी ग्राम शेखपुरा थाना खतौली, गौरव पुत्र राम अवतार निवासी आवास विकास कॉलोनी खतौली, वसीम पुत्र सलीम निवासी मौहल्ला पक्काबाग जैन नगर खतौली, मोहित पुत्र चरण सिंह निवासी ग्राम कैलावडा कलां थाना खतौली, सरफराज पुत्र चाँदू निवासी ग्राम खोखनी थाना खतौली को इनके मसकनों से हिरासत में लेकर अदालत के समक्ष पेश किया गया है।

# जैसा खाए अन्न वैसा हो जाए मन-आर्य

**मुजफ्फरनगर।** यमों के परिपालन के साथ साथ नियमों का पालन करना भी व्यक्ति के लिए आवश्यक है। उक्त विचार भारतीय योग संस्थान के प्रांतीय कार्यकारिणी सदस्य एवं जनपद प्रभारी योगाचार्य सुरेंद्र पाल सिंह आर्य ने ग्रीन लैण्ड माडर्न जूनियर हाईस्कूल मुजफ्फरनगर में चल रहे किशोर बालक एवं बालिका चरित्र निर्माण योग शिविर में व्यक्त किया। उन्होंने बताया कि जहां यमों का संबंध अन्य प्राणियों के साथ अधिक है वहां नियमों का संबंध स्वयं के साथ है। शौच, संतोष,तप, स्वास्थ्य और ईश्वर प्रणिधान रूपी पांच नियम है। इनके परिपालन से साधक शरीर की शुद्धि से आरंभ करता हुआ अंत:करण की पूर्ण पवित्रता को प्राप्त करता है। परंतु यमों के परिपालन के बिना नियमों का परिपालन किसी भी प्रकार से लाभ नहीं देता। क्योंकि अन्य प्राणियों के प्रति व्यवहार को पवित्र ,शुद्ध किए बिना आंतरिक पवित्रता हो ही नहीं सकती। जो यमों को छोड़कर केवल नियमों का सेवन करता है वह व्यक्ति उन्नति को प्राप्त नहीं होता किंतु अधोगति को प्राप्त होता है। महर्षि मनु ने



भी कहा है कि इस नियम में भी यही रहस्य है कि अन्य प्राणियों के प्रति हिंसा करने वाला, वैरभाव रखने वाला ,असत्य का आचरण करने वाला ,चोरी करने वाला, परस्त्रियों से व्यभिचार करने वाला, परिग्रह करने वाले व्यक्ति के व्यक्तिगत नियम यथा शौच, संतोष, तप, स्वाध्याय और ईश्वर प्रणिधान मात्र बाह्य आडंबर होने से उसे कोई लाभ नहीं देते। शौच का अर्थ है- पवित्रता, बिना बाह्य और आंतरिक पवित्रता के कोई भी साधक योग मार्ग पर आगे नहीं बढ़ सकता। बाह्य शरीर की पवित्रता जल आदि तथा पवित्र पदार्थों के खाने-पीने से होती है। आंतरिक मन की पवित्रता का एक मुख्य कारण अन्न भी है। कहा भी गया है कि जैसा खाए अन्न वैसा हो जाए मन। इसलिए मन की पवित्रता हेतु साधक को मात्र सात्विक भोजन का ही ग्रहण करना चाहिए, अन्य राजसिक और तामसिक तथा हिंसा से प्राप्त होने वाले अखाद्य मांस, मदिरा आदि पदार्थों का सर्वथा परित्याग करना चाहिए। इसी प्रकार सत्य भाषण से तथा क्रोध युक्त, कटु कठोर धर्म युक्त वाणी का परित्याग कर वाणी की पवित्रता करनी चाहिए। इसके लिए महर्षि दयानंद सरस्वती लिखते हैं, धर्माचरण ,सत्य भाषण, विद्याभ्यास, सत्संग आदि साधनों से भीतर की शुद्धि होती है। उपर्युक्त प्रकार से चित के मलो अविद्या, राग, द्वेष आदि क्लेशों तथा काम, क्रोध, लोभ, मोह, अहंकार आदि मनोविकारों को दूर करने से आंतरिक पवित्रता का संपादन होता है। इसी प्रकार संतोष के बारे में उन्होंने बताया कि शरीर से पूर्ण धर्म अनुकूल पुरुषार्थ करने के पश्चात लाभ हानि में हर्ष अथवा शोक न करना तथा अधिक की प्राप्ति की लालसा न करना संतोष कहलाता है। बालक एवं बालिकाओं को चाहिए कि वें शिक्षा और स्वास्थ्य की प्राप्ति के लिए पूर्ण पुरुषार्थ करें। सर्वप्रथम योगाचार्य सुरेंद्र पाल सिंह आर्य ने ओम ध्वनि और गायत्री मंत्र से योग साधना शुरू करवाई। उन्होंने ताड़ासन, तिर्यक ताड़ासन, कटि चक्रासन, सूर्य नमस्कार आसन, कमर चक्रासन, वज्रासन, उष्ट्रासन, धनुरासन, उत्तानपादासन, चक्रासन तथा पश्चिमोत्तानासन करवाएं। बच्चों के मानसिक विकास के लिए उन्होंने कपालभाति, अनुलोम विलोम तथा भ्रामरी प्राणायाम और ध्यान करवाया। इस अवसर पर बहन मनीषा आर्या ने सभी बच्चों को प्रसाद के रूप में आम वितरित किए। शांति पाठ और वैदिक प्रार्थना से कार्यक्रम संपन्न हुआ।

# आल इंडिया धनगर समाज महासंघ के वरिष्ठ राष्ट्रीय उपाध्यक्ष निरंजन लाल धनगर का स्वागत किया



**मुजफ्फरनगर।** ऑल इंडिया धनगर समाज महासंघ के वरिष्ठ राष्ट्रीय उपाध्यक्ष निरंजन लाल धनगर का मुजफ्फरनगर आगमन पर धनगर समाज के लोगों के द्वारा स्वागत किया। स्वागत के उपरांत आयोजित बैठक में निरंजन धनगर ने धनगर समाज के लोगों को संवैधानिक अधिकारों के प्रति सचेत किया। साथ ही कहा कि आ रही कानूनी अड़चनों को जल्द ही समाप्त कराने का कार्य किया जाएगा तथा संगठन के सभी पदाधिकारीरियो को संगठित कर जिलाधिकारी/तहसीलदारों से मिलकर संविधान अनुसूचित जाति आदेश 1950के क्रम में प्रमाणपत्र जारी करने हेतु अपने जनप्रतिनिधियों का सहयोग लेकर प्रमाणपत्र जारी कराए तथा संवैधानिक अधिकारों को प्राप्त करें। बैठक में प्रदेश अध्यक्ष संजय धनगर ने कहा कि संगठन को मजबूती प्रदान करने के लिए अभियान चलाया जायेगा।

बैठक की अध्यक्षता मांगेराम धनगर तथा राजेन्द्र धनगर ने किया । इस अवसर पर आनंद धनगर, श्रीमति शर्मिला धनगर जिला पंचायत सदस्य मथुरा नकलीराम,किशनलाल धनगर, नकली राम धनगर, नीरज धनगर, सुरेश,डॉ सिद्धार्थ धनगर, सीमा धनगर, विजेन्द्र धनगर अमित धनगर आदि उपस्थिति रहे।

# सुंदरलाल बहुगुणा स्मृति सम्मान से सम्मानित किया

**खतौली-** पर्वतीय लोक विकास समिति दिल्ली तथा भारत संस्कृत परिषद ने संस्कृत सेवा और पर्यावरण संवर्धन में उत्कृष्ट कार्य करने वाले पंडित जवाहरलाल नेहरु स्मृति इंटर कॉलेज सठेडी खतौली के प्रधानाचार्य डॉ चन्द्रमोहन शर्मा को वर्ष 2025 के पद्म विभूषण सुंदरलाल बहुगुणा स्मृति सम्मान से सम्मानित किया है। दिल्ली में आयोजित सम्मान समारोह के मुख्य अतिथि विश्व हिंदू परिषद के संयुक्त महामंत्री वेंकट कोटेश्वर द्वारा डॉ चंद्रमोहन सिंह शर्मा को यह सम्मान प्रदान किया गया। उल्लेखनीय है कि यह सम्मान प्रति वर्ष पर्वतीय लोक विकास समिति दिल्ली और भारत संस्कृत परिषद द्वारा संस्कृत की सेवा करने वाले संस्कृत विद्वानों और पर्यावरण के संवर्धन में महत्वपूर्ण योगदान देने वाले लोगों को संयुक्त रूप से प्रदान किया जाता है। बसंत विहार दिल्ली में आयोजित समारोह में वरिष्ठ संस्कृत विद्वानों और पर्यावरणविदों की उपस्थिति में देश भर के दस विद्वानों को यह सम्मान दिया गया। समारोह में



बतौर मुख्य अतिथि के रूप में हिमाचल संस्कृत अकादमी के पूर्व निदेशक प्रोफेसर गणेश दत्त भारद्वाज, अति विशिष्ट अतिथि के रूप में लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय संस्कृत विद्यापीठ के डीन प्रोफेसर देवी प्रसाद त्रिपाठी, विशिष्ट अतिथि के रूप में हरियाणा संस्कृत अकादमी के पूर्व निदेशक एवं पूर्व जिला शिक्षा अधिकारी डॉ दिनेश शास्त्री, दिल्ली विश्वविद्यालय के दिल्ली स्कूल आफ जर्नलिज्म के संस्थापक निदेशक प्रोफेसर जयप्रकाश दुबे, रक्षा मंत्रालय के पूर्व निदेशक प्रोफेसर नीलांबर पांडे, हरियाणा साहित्य एवं संस्कृत अकादमी के साहित्य प्रकोष्ठ के निदेशक डॉ चितरंजन दयाल कौशल एवं वरिष्ठ शिक्षाविद तथा पर्वतीय लोक विकास समिति के अध्यक्ष डॉ. सूर्य प्रकाश सेमवाल आदि सहित बड़ी संख्या में गणमान्य लोग उपस्थित रहे। समारोह की अध्यक्षता सेवानिवृत लेफ्टिनेंट जनरल ए.एस.रावत ने की। डॉ चन्द्र मोहन शर्मा को पर्यावरण के संवर्धन एवं संस्कृत भाषा के प्रचार प्रसार करने के लिए पर्वतीय लोक विकास समिति दिल्ली तथा भारत संस्कृत परिषद द्वारा सम्मानित किए जाने पर जवाहर लाल नेहरू स्मृति इंटर कॉलेज के शिक्षकों, विधार्थियों के साथ ही इनके परिवार और ईष्ट मित्रों ने हर्ष व्यक्त किया है।

# सीडीओ के ड्राइवर इन्द्रपाल की हार्ट अटैक से मौत, विकास भवन में दी गई श्रद्धांजलि

मुजफ्फरनगर। आर्य समाज रोड स्थित प्लानिंग ऑफिसर कॉलोनी में रहने वाले सीडीओ के ड्राइवर इन्द्रपाल की हार्ट अटैक से मौत हो गई। अचानक तबीयत बिगड़ने पर उन्हें तत्काल एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहां उपचार के दौरान उन्होंने दम तोड़ दिया। सोमवार को इन्द्रपाल का अंतिम संस्कार किया गया। इस मौके पर मुख्य विकास अधिकारी कंडारकर कमल किशोर देशभूषण सहित जिले के कई अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे। इन्द्रपाल अपने पीछे पत्नी, पांच बेटियों और एक बेटे का भरा-पूरा परिवार छोड़ गए हैं। बताया गया कि इनमें से दो बेटियों की शादी हो चुकी है। उनके असमय निधन से परिवार सहित पूरा विकास भवन शोक में डूब गया है।

# भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा आयोजित मनीवाईज वित्तीय साक्षरता शिविर में ग्रामीण हुए आर्थिक रूप से सशक्त

**सहारनपुर।** बलियाखेड़ी ब्लॉक के कपासा गांव में भारतीय रिजर्व बैंक (त्ठप्) द्वारा संचालित महत्वपूर्ण 'मनीवाईज वित्तीय साक्षरता केंद्र' कार्यक्रम के तहत एक वृहद वित्तीय साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। क्रिसिल फाउंडेशन द्वारा आयोजित इस शिविर का मुख्य उद्देश्य ग्रामीणों को वित्तीय साक्षरता प्रदान कर उन्हें आर्थिक रूप से सशक्त और जागरूक बनाना था। भारतीय रिजर्व बैंक के एलडीओ/एजीएम, जेएस कालरा ने कहा कि भारतीय रिजर्व बैंक का 'मनीवाईज वित्तीय साक्षरता केन्द्र' कार्यक्रम जन-जन को वित्तीय साक्षर करने का एक महत्वपूर्ण प्रयास है। उन्होंने कहा कि उनका लक्ष्य है कि देश का प्रत्येक नागरिक अपनी आय का उचित प्रबंधन कर सके, सुरक्षित निवेश कर सके और वित्तीय धोखाधड़ी से बच सके। कपासा जैसे ग्रामीण क्षेत्रों में ऐसे शिविरों का आयोजन ग्रामीणों को मुख्यधारा की अर्थव्यवस्था से जोड़ने में सहायक है, जिससे वे आत्मनिर्भर बन सकें। उन्होंने ग्रामीणों को अच्छे लोन व खराब लोन के विषय में जागरूकत करते हुए कहा कि लोन केवल उसी समय लें, जब आपको लगे कि आप लोन से मिले पैसे को सहीं जगह निवेश कर इतनी आमदनी कर सकते हैं, जिससे लोन की किश्त भी चली जाये और आपको भी कुछ न कुछ



बच जाये। लोन हमेशा पंजीकृत बैंकों से ही लें। क्रिसिल फाउंडेशन की क्षमतावर्धन अधिकारी, शीजा खानम ने बताया कि क्रिसिल फाउंडेशन द्वारा भारतीय रिजर्व बैंक के मनीवाईज सीएफएल कार्यक्रम के तहत गांवों में वित्तीय साक्षरता कैम्प आयोजित कर अन्तिम व्यक्ति तक को वित्तीय साक्षर करने का कार्य किया जा रहा है इसके अलावा उनकी टीम वित्तीय समावेशन और जागरूकता बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने ग्रामीणों को बचत के महत्व, विभिन्न निवेश विकल्पों, और सरकार की सामाजिक सुरक्षा योजनाओं जैसे प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, और अटल पेंशन योजना के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि उनका मानना है कि वित्तीय ज्ञान ही सशक्तिकरण का पहला कदम है और यह उन्हें एक सुरक्षित भविष्य बनाने में मदद करेगा। एफएलसी, सैयद शान हुसैन ने कहा कि आज के दौर में डिजिटल बैंकिंग और सुरक्षित लेनदेन की जानकारी होना बेहद जरूरी है। उन्होंने ग्रामीणों को यूपीआई, मोबाइल बैंकिंग के फायदे और ऑनलाइन धोखाधड़ी से बचने के तरीकों के बारे में विस्तार से समझाया। इसके अलावा, आर्थिक नियोजन और बैंकिंग लोकपाल जैसी सुविधाओं के बारे में भी बताया गया, ताकि ग्रामीण अपनी वित्तीय समस्याओं का समाधान आसानी से कर सकें। हमारा प्रयास है कि ग्रामीण भी शहरी लोगों की तरह डिजिटल सुविधाओं का लाभ उठाएं और वित्तीय रूप से सुरक्षित रहें। शिविर के दौरान पुंवारका सीएफएल प्रबन्धक कंवरपाल सिंह व बलियाखेड़ी सीएफएल प्रबन्धक शुभम कुमार ने ग्रामीणों को व्यक्तिगत वित्तीय प्रबंधन के मूल सिद्धांतों, जैसे कि बचत के महत्व, विभिन्न निवेश विकल्पों (बैंक जमा, डाकघर योजनाएं आदि) और सामाजिक सुरक्षा योजनाओं (प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, अटल पेंशन योजना, सुकन्या समृद्धि योजना, राष्ट्रीय पेंशन योजना, प्रधानमंत्री श्रमयोगी मानधन योजना) के बारे में विस्तार से समझाया। इन योजनाओं का उद्देश्य समाज के हर वर्ग को वित्तीय सुरक्षा प्रदान करना है। कार्यक्रम में डिजिटल बैंकिंग के फायदे और उपयोग के तरीके भी समझाए गए, जिससे ग्रामीण आधुनिक बैंकिंग सेवाओं का लाभ उठा सकें। साथ ही, उन्हें आर्थिक धोखाधड़ी से बचने के उपाय और सुरक्षित लेनदेन के बारे में भी जागरूक किया गया, जो आज के समय में अत्यंत महत्वपूर्ण है।

आर्थिक नियोजन और बैंकिंग लोकपाल की भूमिका पर भी प्रकाश डाला गया, ताकि ग्रामीण अपनी वित्तीय शिकायतों का समाधान सही तरीके से कर सकें। इस अवसर पर ग्राम प्रधान पूनम के अलावा अनेक सम्भ्रांत व्यक्ति और बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे, जिन्होंने कार्यक्रम को सफल बनाने में अपना सहयोग दिया।



# सात दिवसीय 40 पुरायण पाठ का सोमवार को शुभारंभ

**खतौली।** श्री कृष्ण प्रणामी मंदिर सैनी नगर में आयोजित सात दिवसीय 40 पुरायण पाठ का सोमवार को शुभारंभ हुआ। धार्मिक आयोजन के अंतर्गत प्रतिदिन प्रात: साध्वी एवं साधु जनों द्वारा योगाभ्यास कर दिन का शुभारंभ किया जा रहा है। तत्पश्चात श्रद्धालुओं द्वारा पुरायण पाठ किया जा रहा है। बड़ी संख्या में श्रद्धालु आध्यात्मिक लाभ प्राप्त करने हेतु मंदिर पहुंच रहे हैं। संयोजिका साध्वी ललिता ने बताया कि इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य समाज में आध्यात्मिक जागरूकता फैलाना और श्रद्धालुओं को धर्मोपदेश के माध्यम से जीवन में सकारात्मकता प्रदान करना है। पुरायाण पाठ के दौरान भागवत वाणी पर भी विस्तृत चर्चा की जा रही है। जिससे श्रद्धालुओं को गूढ़ धार्मिक ज्ञान की प्राप्ति हो रही है। बताया कि 14 जून को भव्य शोभायात्रा नगर में निकाली जाएगी। शोभायात्रा में श्रद्धालु झांकियों व भजन-कीर्तन के साथ नगर भ्रमण करेंगे। शोभायात्रा में बढ़ चढ़कर भाग लेने का आव्हान श्रद्धालुओं से किया गया है। धार्मिक आयोजन में श्यामदास महाराज, संतोषी वृंदावन, अखंड महाराज, विक्रम महाराज, राजू, श्यामलाल सैनी, रामलाल सैनी, प्रकाश, राधे प्रणामी, ओमवती, बिरजू, वीरेंद्र, विष्णु, गोपाल आदि सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# उज्जवल चौधरी को न्याय दिलाने के लिए केंडिल मार्च निकाला

**खतौली।** गांव भैंसी, नावला, सोंटा, दुधाहड़ी, रायपुर नगली और मथेड़ी के ग्रामीणों ने उज्जवल चौधरी को न्याय दिलाने के लिए गांव में केंडिल मार्च निकाला। उज्जवल चौधरी के परिजनों का आरोप है कि सामान्य सर्जरी के लिए गाजियाबाद के एक हॉस्पिटल में भर्ती हुए उज्जवल चौधरी की डॉक्टरों की लापरवाही के चलते बीती 2 जून को मृत्यु हो गई थी। सोमवार प्रात गांव भैंसी के आस पास के ग्रामीणों ने मृतक उज्जवल चौधरी के घर से केंडिल मार्च शुरू होकर जी टी रोड़ स्थित शिव मंदिर पर जाकर समाप्त हुआ। वक्ताओं ने कहा कि दिवंगत उज्जवल चौधरी के परिजनों को न्याय दिलाने के लिए ग्रामीण गाजियाबाद तक पैदल मार्च निकालेंगे। केंडिल मार्च में राजू अहलावत, ऋतुराज अहलावत सुनील अहलावत, विनय चौधरी पिंटू, परवेज, संजय, राकेश जैन अम्बर, संजय राठी, संजीव राठी, नकुल अहलावत, सत्येंद्र अहलावत, संजय अहलावत, जसवीर राणा, परवेज अहलावत, बालेंद्र तोमर, दुष्यंत, अजीत, मनीष, सुधीर, हरीश, रविंद्र राठी, पंकज, सिद्धार्थ, धर्मेंद्र तोमर, पंकज त्यागी, दुष्यंत, आदि सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण शामिल रहे।





# छत पर टंकी में उबलने लगा है पानी? इन आसान ट्रिक्स से रखें ठंडा...नहीं रहेगी जलने की टेंशन

**जून की झुलसा देने वाली गर्मी में छत पर रखी टंकी का पानी भी खौलने लगता है। पानी इतना गर्म हो जाता है कि उसे इस्तेमाल करना भी मुश्किल हो जाता है। आइए जानें, छत पर रखी पानी की टंकी को ठंडा कैसे रखें?**

गर्मी के मौसम में दोपहर तो क्या सुबह के वक्त भी घर से निकलना काफी मुश्किल हो जाता है। पिछले दिनों बारिश से तापमान में थोड़ी-सी गिरावट दर्ज की गई थी, लेकिन अब फिर से भीषण गर्मी पड़नी शुरू हो चुकी है।

छत पर रखी टंकी पर पूरे दिन सीधी धूप पड़ती है। इसकी वजह से टंकी में रखा पानी आग की तरह खौलने लगता है। गलती से अगर दोपहर के वक्त नल चलाकर पानी से हाथ धो लिए, तो जलने के पूरे चांस रहते हैं। ऐसे में आप 2 हैक्स की मदद से अपनी छत की टंकी को कूल-कूल रख सकते हैं। आइए जानें, छत पर रखी टंकी के पानी को गर्मी में कैसे ठंडा रखें?

### इंसुलेटेड वॉटर टैंक कवर आएगा काम

गर्मी इतनी ज्यादा बढ़ चुकी है कि तापमान 40 डिग्री भी पार कर चुका है। तपता सूरज आग उगल रहा है, जिससे टंकी में रखा पानी भी उबलने लगता है। ऐसे पानी का इस्तेमाल करना मुश्किल होता है। इससे बर्तन या कपड़े भी नहीं धोए जा सकते। ऐसे में शाम होने तक टंकी के ठंडे होने का इंतजार करना पड़ता है। अगर आप भी इस समस्या से जूझ रहे हैं, तो आपको इंसुलेटेड वॉटर टैंक कवर का इस्तेमाल करना चाहिए। ये कवल धूप को सीधे टंकी पर पड़ने से रोकते हैं। इस कवर के इस्तेमाल से पानी गरम नहीं होता। इसे आप बाजार से आसानी से खरीद सकते हैं।

### छत पर टंकी के लिए लगाएं शेड

अगर आप पानी की टंकी को हमेशा के लिए ठंडा रखने वाला एक परमानेंट जुगाड़ करना चाहते हैं, तो आपको छत पर एक शेड तैयार करवाना चाहिए। इससे टंकी हमेशा धूप के सीधे संपर्क में आने से बची रहेगी और पानी भी ठंडा रहेगा।

### इन चीजों से ठंडा रखें पानी

अगर आप टंकी के पानी को ठंडा रखने के लिए पैसे खर्च नहीं करना चाहते हैं, तो आप थर्माकोल सीट, रेक्सीन या पुराने गद्दे को भी टंकी के आसपास लपेटकर उसे ठंडा रख सकते हैं। इसके लिए आपको ज्यादा पैसे खर्च करने की भी जरूरत नहीं पड़ेगी।



# घर की खूबसूरती में चार चांद लगाने के लिए बेस्ट हैं ये फर्नीचर, कम जगह में भी हो जाएंगे एडजस्ट

**घर की खूबसूरती को निखारने में अगर कोई कारगर चीज है, तो वह फर्नीचर होता है। इसका सही चुनाव आपके घर को चांद सा सजा सकता है। कुछ खास तरह के फर्नीचर हमेशा चलन में रहते हैं, लेकिन आज हम आपको ऐसे फर्नीचर के बारे में बताएंगे, जो कि कम जगह में भी फिट बैठ सकता है।**

आजकल के आधुनिक घरों में जगह की कमी होती है, लेकिन इसका मतलब यह बिल्कुल नहीं कि आप अपने घर को स्टाइलिश और आरामदायक नहीं बना सकती हैं। घर की खूबसूरती को निखारने के लिए आप अपने बेडरूम, लीविंग रूम से लेकर हॉल तक में अच्छी फर्नीचर लगा सकती हैं। सही फर्नीचर का चुनाव आपके छोटे से घर को भी बड़ा और आकर्षक लुक दे सकता है। ऐसे में, अगर आप अपने घर की खूबसूरती बढ़ाना चाहती हैं और जगह कम है, तो यह लेख आपके लिए है। यहां हम आपके लिए ऐसे बेहतरीन फर्नीचर आइडियाज लेकर आए हैं, जो न केवल आपके घर की शोभा बढ़ाएंगे, बल्कि कम जगह में भी आसानी से एडजस्ट हो जाएंगे। ये फर्नीचर पीस ऐसे डिजाइन किए गए हैं कि वे मल्टीफंक्शनल और आपकी हर जरूरत को पूरा कर सकें। चाहे आपका लिविंग रूम छोटा हो, बेडरूम में जगह कम हो या आपको अतिरिक्त स्टोरेज की जरूरत को पूरा कर सकते हैं। ये स्मार्ट और स्टाइलिश फ़र्नीचर समाधान आपके घर को ज्यादा व्यवस्थित और खूबसूरत बनाने में मदद करेंगे। तो आइए सर्राफ फर्नीचर के संस्थापक और सीईओ रघुनंदन सर्राफ से ऐसे ही कुछ शानदार फर्नीचर विकल्पों के बारे में जानते हैं, जो आपके घर को यूनिक लुक देने का काम कर सकते हैं।

### क्लासिक लकड़ी का फर्नीचर

लकड़ी के फर्नीचर से उत्पन्न होने वाली गर्माहट ही इसकी लोकप्रियता का कारण है। इसका जीवंत स्वरूप और आरामदायकता किसी भी जगह में आकर्षण भर देती है। शीशम और आम जैसी उच्च गुणवत्ता वाली लकड़ी, अपनी टिकाऊपन और लकड़ी पर बनी आकर्षक बनावट के कारण कॉफी टेबल, साइडबोर्ड और बुकशेल्फ जैसे बेहतरीन फर्नीचर आइटम बनाती हैं। इस तरह के फर्नीचर सिर्फ आपके घर को सुंदर बनाने तक ही काफी नहीं होते हैं, बल्कि यह पीढ़ियों तक विरासत के रूप में भी टिकाऊ बने रहते हैं।

### न्यूट्रल अपहोल्स्टर्ड सोफे

हर लिविंग रूम में एक सोफा जरूरी होता है और न्यूट्रल रंग का सोफा लिविंग रूम की सुंदरता को बढ़ाता है। बेज, ग्रे और हल्के भूरे रंग के न्यूट्रल अपहोल्स्टर्ड सोफे किसी भी रंग संयोजन में फिट होते हैं और उन्हें स्टाइल करना आसान होता है। इन्हें मौसमी रूप से स्टाइलिश थ्रो या चमकीले कुशन के साथ सजाया जा सकता है। एक न्यूट्रल सोफा एक अच्छी तरह से डिजाइन किए गए सोफे के लिए एकदम सही है, क्योंकि यह घर को सुंदर बनाता है। साथ ही, यह आरामदायक भी होता है, इसपर बैठने में दिक्कत नहीं होती है।

### मल्टीफंक्शनल फर्नीचर

आजकल, लोग ऐसे मल्टीफंक्शनल फर्नीचर आइटम की तलाश में रहते हैं, जो कम जगह में फिट हो सकें और अन्य सामान भी स्टोर किए जा सकें। इसके लिए आप स्टोरेज वाला ओटोमन या नेस्टिंग टेबल, या एक कंसोल टेबल आपके लिए बेहतरीन विकल्प हो सकते हैं। ये सभी आइटम बहुउद्देशीय तो होते ही हैं और दिखने में भी आकर्षक लगते हैं। ये आइटम जगह को बचाने के लिए खासकर बनाए गए हैं।

### एक्सेंट चेयर और स्टेटमेंट पीस

कभी-कभी एक कमरा को निखारने के लिए एक प्रभावशाली डिजाइन तत्व ही काफी होता है। इसके लिए आकर्षक बनावट और पैटर्न वाला एक्सेंट चेयर काफी अच्छा ऑप्शन हो सकता है। चाहे वह पुराना चमड़े का टुकड़ा हो या अधिक आधुनिक मूर्तिकला वाली कुर्सी, ये स्टेटमेंट चेयर दिखने में बेहद आकर्षक होती हैं। इन कुर्सियों में किसी भी जगह को सहजता से बदलने की शक्ति होती है।

### ग्लास और मिरर

ग्लास और मिरर वाले फर्नीचर कम समय में सजावट के लिए बेस्ट आइटम हैं, क्योंकि वे अलग इफेक्ट दिखाते हैं, जो कमरे बड़ा दिखाने का काम करता है। साथ ही, कमरे में चमक भी लाता है। इससे कमरा बड़ा लगता है, जबकि कांच के शीर्ष वाली कॉफी टेबल लिविंग एरिया या किसी अन्य कमरे की जगह को ज्यादा भरे बिना एक हवादार एहसास प्रदान करती है।





# लॉन्ग कुर्ती में दिखना है स्टनिंग तो पहले जान लें यह रूल्स

**जब भी एथनिक वियर की बात होती है तो सूट का नाम लिया जाता है। हालांकि, इन दिनों आपको मार्केट में केवल कंप्लीट सूट सेट ही नहीं मिलता, बल्कि अलग से कुर्तियां भी अवेलेबल हैं, जिन्हें कई तरह से स्टाइल किया जा सकता है।**

खासतौर से, लॉन्ग कुर्ती की मदद से आप ना केवल एथनिक लुक क्रिएट कर सकती हैं, बल्कि इंडो-वेस्टर्न स्टाइल को भी कैरी किया जा सकता है। इतना ही नहीं, आप केजुअल्स से लेकर आउटिंग यहां तक कि पार्टीज में भी इन लॉन्ग कुर्ती को स्टाइल कर सकती हैं। आमतौर पर देखने में आता है कि महिलाएं इन लॉन्ग कुर्तीज को केवल लेगिंग्स के साथ पेयर करती हैं, हालांकि, इन्हें अन्य भी कई तरीकों से कैरी किया जा सकता है। इतना ही नहीं, हर बार आप एक ही लॉन्ग कुर्ती को कई अलग-अलग तरीकों से कैरी करके एक न्यू लुक क्रिएट कर सकती हैं। 3 जींस के साथ करें स्टाइल यह लॉन्ग कुर्ती को स्टाइल करने का एक सिंपल लेकिन बेहतरीन आईडिया है। जींस के साथ हर टाइप की कुर्ती बेहद ही स्टाइलिश लगती है। भले ही वह फ्रंट ओपनिंग कुर्ती हो या फिर प्रिंटेड कुर्ती। आप चाहें तो इस लुक में स्टनिंग एसेसरीज कैरी करके एक स्टाइल स्टेटमेंट क्रिएट कर सकती हैं या फिर स्कार्फ को भी इस आउटफिट के साथ पेयर किया जा सकता है।

### श्रग में दिखेंगी स्टनिंग

अगर आप लॉन्ग कुर्ती को आउटिंग के दौरान कैरी कर रही हैं और अपने लुक से सबको इंप्रेस करना चाहती हैं तो ऐसे में आप इसके साथ श्रग कैरी कर सकती हैं। इस तरह आप अपने लुक में कलर ब्लॉकिंग कर सकती हैं। लॉन्ग कुर्ती विद श्रग स्टाइल में आप बॉटम वियर में लेगिंग्स से लेकर प्लाजो तक को पेयर कर सकती हैं। इसके साथ एक लॉन्ग पेंडेंट आपके लुक को खास बनाएगा।

### सिगरेट पैंट्स के साथ करें पेयर

अगर आप ऑफिस में लॉन्ग कुर्ती को स्टाइल करना चाहती हैं तो ऐसे में आप सिगरेट पैंट्स के साथ इसे पेयर कर सकती हैं। इसमें मैचिंग कलर से लेकर कॉन्ट्रास्टिंग कलर दोनों ही काफी अच्छे लगते हैं। वहीं फुटवियर में आप हील्स के अलावा जूतियां भी पेयर कर सकती हैं।

### शरारा के साथ करेंगी रॉक

यह लॉन्ग कुर्ती को स्टाइल करने का एक बेहतरीन आईडिया है। अगर आप पार्टी में लॉन्ग कुर्ती को पहनना चाहती हैं तो इसके साथ शरारा कैरी किया जा सकता है। यूं तो शरारा को कुर्ती के साथ मैचिंग कलर में सलेक्ट किया जा सकता है। लेकिन इसके अलावा, अगर आप चाहें तो व्हाइट या क्रीम कलर के शरारा को भी पेयर कर सकती हैं। इस लुक में चुनरी को भी कैरी किया जा सकता है। आप शरारा से मैचिंग चुनरी को पेयर करें। इसके साथ एसेसरीज में ब्रेसलेट काफी अच्छे लगते हैं।

### लॉन्ग कुर्ती विद लेयर्ड स्कर्ट

अगर आप लीक से हटकर लॉन्ग कुर्ती को स्टाइल करना चाहती हैं तो ऐसे में आप लेयर्ड स्कर्ट को अपने लुक का हिस्सा बनाएं। इसमें आप सॉलिड कलर्स को सलेक्ट कर सकती हैं। साथ ही कलर कॉन्ट्रास्टिंग करके अपने लुक को खास बना सकती हैं। खासतौर से, लॉन्ग स्ट्रेट कट कुर्ती के साथ फ्लेयर्ड स्कर्ट की पेयरिंग का ऑप्शन बेहद खास लगता है। इस लुक में आप ओकेजन के अनुसार एसेसरीज को सलेक्ट कर सकती हैं।



**किसी भी कपड़े में आपका लुक तभी अच्छा लगता है, जब वह रिंकल फ्री हों। अमूमन कपड़ों को रिंकल फ्री बनाने के लिए आयरन की मदद ली जाती है। हालांकि, पिछले कुछ समय से क्लॉथ स्टीमर के इस्तेमाल का चलन भी काफी बढ़ गया है। इसमें भाप की मदद से कपड़ों की सिलवटों को हटाया जाता है। चूंकि इन्हें इस्तेमाल करना काफी आसान होता है, इसलिए अधिकतर लोग क्लॉथ स्टीमर का इस्तेमाल करना पसंद करते हैं।**

# क्लॉथ स्टीमर का इस्तेमाल करते हुए नहीं करनी चाहिए ये पांच गलतियां

क्लॉथ स्टीमर पानी को गर्म करके भाप में बदल देते हैं और जब आप बटन दबाते हैं, तो भाप एक केंद्रित जेट में बाहर निकलती है। उस भाप से सिलवटें गायब हो जाती हैं। अमूमन क्लॉथ स्टीमर को इसलिए भी काफी पसंद किया जाता है, क्योंकि इससे ना केवल कपड़े, बल्कि परदों व फर्नीचर पर चढ़े हुए कपड़ों को भी आसानी से रिंकल फ्री बनाया जा सकता है। क्लॉथ स्टीमर बेहद ही यूजफुल होते हैं, लेकिन उन्हें सही तरह से इस्तेमाल करना बेहद जरूरी होता है। अमूमन क्लॉथ स्टीमर का इस्तेमाल करते समय लोग कुछ छोटी-छोटी गलतियां कर बैठते हैं, जिनसे आपको बचना चाहिए।

### बहुत जल्दी शुरू करना

अमूमन यह देखने में आता है कि जब लोग क्लॉथ स्टीमर का इस्तेमाल करते हैं तो उसका बटन दबाते ही तुरंत इस्तेमाल करना शुरू कर देता है। जबकि ऐसा नहीं करना चाहिए। क्लॉथ स्टीमर को गर्म होने और उपयोग के लिए तैयार होने में कुछ समय लगता है। इसे स्टार्ट करने के बाद भाप को कम से कम 30 सेकंड के लिए हवा में छोड़ें जब तक कि यह समान रूप से बाहर न आ जाए। इससे स्टीमर को किसी भी पानी के अवशेष को बाहर निकालने की अनुमति मिलती है, जो पिछली बार इस्तेमाल किए जाने के बाद से नोजल में अभी भी हो सकता है।

### हार्ड वॉटर का इस्तेमाल करना

अमूमन क्लॉथ स्टीमर का इस्तेमाल करते हुए उसमें पानी को डाला जाता है। हालांकि, इसमें कभी भी नल के पानी का इस्तेमाल नहीं करना चाहिए। इसमें मिनरल्स होते हैं, जो समय के साथ क्लॉथ स्टीमर को काफी नुकसान पहुंचा सकते हैं। इसलिए, मिनरल बिल्डअप को रोकने के लिए डिस्टिल्ड वाटरका उपयोग करें जो स्टीमर को क्लॉग नहीं करता है।

### एक ही जगह पर बहुत देर तक भाप देना

कई बार यह देखने में आता है कि लोग जब क्लॉथ स्टीमर का इस्तेमाल करते हैं, तो उसे एक ही जगह पर बहुत देर तक रखते हैं। जबकि आपको यह गलती नहीं करनी चाहिए। स्टीमर को बहुत देर तक एक ही जगह पर रखने से पानी के धब्बे पड़ सकते हैं या कपड़ा जल भी सकता है। इसलिए, स्टीमर को कपड़े पर लगातार घुमाते रहें।

### स्टीमर गलत तरीके से पकड़ना

क्लॉथ स्टीमर से आपको बेस्ट रिजल्ट मिले, इसके लिए आपको उन्हें सही तरह से पकड़ना और इस्तेमाल करना आना चाहिए। कभी भी स्टीमर की धातु की प्लेट को कपड़े के समानांतर न रखें, बल्कि इसे थोड़ा नीचे की ओर रखें। इससे भाप बेहतर तरीके से फैलती है और आपके कपड़ों पर बूंदों के गिरने का जोखिम कम होता है। साथ ही, प्लेट को बहुत दूर न पकड़ें।

### वॉटर टैंक को ओवरफिल करना

क्लॉथ स्टीमर को इस्तेमाल करते समय पानी की आवश्यकता होती है। लेकिन वाटर टैंक को ओवरफिल नहीं करना चाहिए, क्योंकि इससे लीकेज या पानी का रिसाव हो सकता है। हमेशा वाटर टैंक पर बताई गई फिल लाइन का पालन करें।



# तीनों तहसीलों में 123 शिकायतें दर्ज, 13 का अधिकारियों के माध्यम से मौके पर निस्तारण



**गौतमबुद्धनगर।** जनता की शिकायतों का त्वरित एवं गुणवत्ता के साथ समाधान सुनिश्चित कराने के उद्देश्य से जनपद की तीनों तहसीलों दादरी, जेवर और सदर में आज तहसील संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कुल 123 शिकायतें दर्ज की गईं, जिनमें से 13 शिकायतों का समाधान मौके पर ही संबंधित अधिकारियों द्वारा किया गया।

जिलाधिकारी गौतम बुद्ध नगर मनीष कुमार वर्मा द्वारा जेवर तहसील में संपूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर सर्वप्रथम अपने-अपने विभागों में संचालित लाभार्थीपरक योजनाओं को लेकर विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉलो का स्थलीय निरीक्षण किया गया। उन्होंने जनसामान्य की शिकायतों का अनुश्रवण करते हुए मौके पर ही संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि वृद्धावस्था, विधवा और दिव्यांगजन पेंशन के लिए प्राप्त सभी नए आवेदनों का सत्यापन पूरी पारदर्शिता एवं गंभीरता से किया जाए। उन्होंने कहा कि पात्र लाभार्थियों को योजनाओं का लाभ समय से प्राप्त हो, यह शासन की प्राथमिकता है। अतः संबंधित विभाग यह सुनिश्चित करें कि किसी भी योग्य व्यक्ति को अनावश्यक प्रतीक्षा न करनी पड़े। सत्यापन की प्रक्रिया को सरल, संवेदनशील और मानवीय दृष्टिकोण के साथ प्राथमिकता पर पूर्ण किया जाए ताकि पात्र व्यक्तियों को शीघ्र पेंशन का लाभ मिल सके।

जिलाधिकारी ने जेवर में तहसील संपूर्ण समाधान दिवस की अध्यक्षता करते हुए जनता की समस्याएं सुनीं और संबंधित विभागों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। जेवर तहसील में कुल 40 शिकायतें दर्ज की गईं, जिनमें से 02 का समाधान मौके पर किया गया।

जिलाधिकारी ने संपूर्ण समाधान दिवस में उपस्थित समस्त जिला स्तरीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि जनता की शिकायतों के समयबद्ध निस्तारण के लिए शासन गंभीर है। अतः अधिकारी निस्तारण में कोताही न बरतें और प्राथमिकता के साथ प्रत्येक शिकायत का मौके पर जांच कर पोर्टल पर समयबद्ध फीड कराना सुनिश्चित करें।

इस अवसर पर उप जिलाधिकारी जेवर अभय सिंह, उप जिलाधिकारी सदर न्यायिक विवेक भदोरिया, जिला विकास अधिकारी शिव प्रताप परमेश, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. नरेंद्र कुमार एवं संबंधित विभागीय अधिकारीगण उपस्थित रहे।

इसी क्रम में दादरी तहसील में अपर जिलाधिकारी भू0/अ0 राजेश कुमार की अध्यक्षता में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में 80 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें से 10 का शिकायतों का निस्तारण मौके पर किया गया। सदर तहसील में अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अतुल कुमार की अध्यक्षता में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में 03 शिकायतें दर्ज की गईं, जिसमें 01 शिकायत का निस्तारण मौके पर ही सुनिश्चित किया गया।

# नोएडा एयरपोर्ट के लिए बन रहे इमरजेंसी रोड निर्माण का डीएम ने किया निरीक्षण



**गौतमबुद्धनगर।** डीएम मनीष कुमार ने जेवर पहुंच कर एयरपोर्ट हेतु नेशनल हाईवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया द्वारा तैयार की जा रही 8 किलोमीटर लंबी 30मी0 चौड़ी इमरजेंसी रोड के निर्माण कार्य का स्थलीय निरीक्षण किया।

उप जिलाधिकारी जेवर अभय कुमार सिंह द्वारा एयरपोर्ट हेतु तैयार की जा रही इमरजेंसी रोड के कार्य कि वर्तमान तक की प्रगति से जिलाधिकारी को अवगत कराया गया।

जिलाधिकारी ने एयरपोर्ट हेतु इमरजेंसी रोड निर्माण के लिए किये जा रहे कार्यों का बहुत ही गहनता के साथ निरीक्षण करते हुए कार्यों की समीक्षा की और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश प्रदान करते हुए कहा कि जेवर एयरपोर्ट भारत एवं उत्तर प्रदेश सरकार का ड्रीम प्रोजेक्ट है, इसलिए इसके किसी भी कार्यों में शिथिलता न बरती जाए। साथ ही जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि इमरजेंसी रोड के निर्माण कार्य में और अधिक तेजी लाई जाए, ताकि कार्य को ससमय में पूर्ण किया जा सके।

जिलाधिकारी के निरीक्षण के दौरान उप जिलाधिकारी जेवर अभय कुमार सिंह, नेशनल हाईवे अथॉरिटी ऑफ़ इंडिया के अधिकारी व अन्य संबंधित अधिकारी गण उपस्थित रहे।

## विधायक विनय वर्मा ने उपमुख्यमंत्री से की शिष्टाचार भेंट



**नोएडा।** रविवार को लखनऊ स्थित आवास पर उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक से शोहरतगढ़ विधानसभा से विधायक विनय वर्मा ने शिष्टाचार भेंट-मुलाकात हुई। इस दौरान सामाजिक, राजनीतिक एवं संगठनात्मक विषयों पर भी चर्चा हुई। इस अवसर पर विधायक विनय वर्मा ने कहा कि मंत्री जी के विशाल अनुभवों से बहुत कुछ सीखने को मिला। उनका स्नेह, कुशल मार्गदर्शन एवं आशीर्वाद मेरे लिए हमेशा प्रेरणास्रोत रहा है।

# यूको बैंक ने किया एम एस एम ई आउटरीच कार्यशाला का आयोजन





**नोएडा।** एमएसएमई (सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम) देश की अर्थव्यवस्था की रीढ़ है। कुल जीडीपी का 30 प्रतिशत योगदान एमएसएमई सेक्टर दे रहा है। देश के निर्यात में एमएसएमई की 40 प्रतिशत भागीदारी है, जबकि 16 करोड़ लोगों को इस सेक्टर से रोजगार मिल रहा है। लेकिन चिंता की बात यह है कि देश में 6.5 करोड़ एमएसएमई में से केवल 3.5 करोड़ ही बैंकों से क्रेडिट ले रहे हैं। इस बड़े अंतर को दूर करने और एमएसएमई सेक्टर को बढ़ावा देने के लिए बैंकिंग सेक्टर काम कर रहा है। सेक्टर 37 स्थित होटल बेल मोंट के सभागार में आज दिनांक 9 जून 2025 को शाय 3 बजे यूको बैंक एवं एमएसएमई इंडस्ट्रियल एसोसिएशन नोएडा और इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड एकाउंटेंट के संयुक्त तत्वाधान में एमएसएमई आउटरीच प्रोग्राम को संबोधित करते हुए यूको बैंक के जीएम सुजॉय दत्ता ने यह बातें कहीं।

बैंक ने एमएसएमई को बढ़ावा देने के लिए कई तरह की योजनाएं उपलब्ध कराई हैं। इन्हीं योजनाओं से उद्यमियों को अवगत कराने के लिए पूरे देश भर में एमएसएमई आउटरिच प्रोग्राम का आयोजन किया जा रहा है।

एमएसएमई इंडस्ट्रियल एसोसिएशन के जिला अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह नाहटा ने कहा कि एमएसएमई सेक्टर बड़ी संख्या में रोजगार के अवसर पैदा करता है। यह सेक्टर विभिन्न उद्योगों में कुशल और अकुशल दोनों तरह के श्रमिकों के लिए रोजगार प्रदान करता है, जिससे बेरोजगारी दर में कमी आती है। साथ ही, आर्थिक विकास में इस सेक्टर का महत्वपूर्ण योगदान है। नवाचार और उद्यमशीलता को प्रोत्साहन के लिए बैंकिंग सेक्टर को मजबूत होने की जरूरत है। उन्होंने सेक्टर 9 एवम् सेक्टर दश के उद्योगों की सहूलियत के लिए सेक्टर 10 या जिला गौतमबुद्धनगर की भौगोलिक स्थिति के हिसाब से बैंक की नई ब्रांच खोलने का सुझाव दिया। उन्होंने कहा की सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्योग (एमएसएमई) देश की अर्थव्यवस्था की रीढ़ हैं, लेकिन बैंकिंग सेक्टर के सहयोग के बिना उद्योगों के विकास की कल्पना नहीं की जा सकती। उद्योगों के विकास में बैंकों के योगदान को नकारा नहीं जा सकता। आज देशभर में अनेक लघु और सूक्ष्म उद्योग ऐसे हैं, जो बैंकों के सहयोग के चलते ही उन्नति की राह पर अग्रसर हैं। एमएसएमई सेक्टर के लिए चलाई जा रही तमाम बैंकिंग योजनाओं से साबित होता है देश के प्रधानमंत्री अंतिम पंक्ति तक सरकारी बैंकों की योजनाओं को पहुंचाना चाहते हैं। बैंकों में वह शक्ति है जो बंद पड़े उद्योग को अपने सहयोग से ऑक्सीजन देने का काम कर सकते हैं।

यूको बैंक के जीएम कारोबार विकास, अंबिकानंद झा ने कहा कि यूको बैंक द्वारा आयोजित एमएसएमई (सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम) आउटरीच प्रोग्राम एक ऐसा कार्यक्रम है जिसका उद्देश्य छोटे और मध्यम उद्यमियों को वित्तीय सहायता प्रदान करना और उनके व्यवसाय के विकास में मदद करना है। इस कार्यक्रम के तहत, बैंक एमएसएमई को विभिन्न प्रकार के ऋण, सब्सिडी और अन्य वित्तीय सेवाएं प्रदान करता है। उन्होंने कहा कि हम ग्राहकों को बेहतर सेवाएं प्रदान करने के लिए वचनबद्ध हैं और यूको बैंक ईमानदारी से काम करता है ! उद्यमियों के हित में ही नहीं ब?ल्कि उद्योगों में काम करने वाले कर्मचारियों के लिए भी बैंक की ओर से योजनाएं चलाई जा रही हैं, जिससे उनके जीवन को भी संवारा जा सके।

इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट नोएडा चेप्टर के अध्यक्ष सी ए पवन चौहान ने इस मौके पर यूको बैंक द्वारा उद्यमियों और सीए के साथ मिलकर किए गए एम एस एम ई आउटरीच कार्यक्रम के लिए बैंक के अधिकारियों का धन्यवाद करते हुए बताया कि उद्यमी व्यापारियों को बैंको द्वारा ऋण देने के लिए मांगे जा रहे सभी पेपरों को तैयार कर देने आवश्यक होते है अतः अपने चार्टर्ड अकाउंटेंट के माध्यम से सभी पेपर समय पर तैयार करवा लेने चाहिए।

एम एस एम ई इंडस्ट्रियल एसोसिएशन नोएडा के अध्यक्ष सुरेन्द्र सिंह नाहटा ने कहा कि उद्योगों से ही देश का आर्थिक विकास संभव है। जिस देश में जहां एमएसएमई सेक्टर मजबूत होगा उसके विकास की संभावनाएं उतनी ही ज्यादा होगी। एमएसएमई महिलाओं, युवाओं, और वंचित वर्गों को सशक्त बनाने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। यह उन्हें स्वरोजगार और उद्यमिता के माध्यम से आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनने का अवसर प्रदान करते हैं।

इस दौरान उद्यमियों के लिए चलाई जा रहीं यूको बैंक की योजनाओं की जानकारी दी गई। कार्यक्रम में एसोसिएशन के कोषाध्यक्ष रमेश राठौर,वरिष्ठ उपाध्यक्ष सुभाष शर्मा, सचिव अनिता मिश्रा,वरिष्ठ उपाध्यक्ष रीना राणा,कानूनी सलाहकार अभिषेक कृष्णा,टैक्स सलाहकार मेहंदी हसन नकवी,वित्तीय सलाहकार आर्यन पुरी,नईम खान, रामतीरथ तिवारी,गुंजन शर्मा, उपाध्यक्ष दिलशाद,शहजाद असलम खान, आश मोहमद,अफसर खान,समीम सैफी,जब्बार खान,रोशन लाल,सुबोध कुमार, आदि दर्जनों उद्यमी मौजूद रहे। यूको बैंक सेक्टर 3 ब्रांच चीफ मैनेजर प्रिय रंजन सहित नोएडा की सभी ब्रांचों के अधिकारी भी मौजूद रहे। यूको बैंक के अधिकारियों ने फिल्म स्क्रीन के जरिए सभी योजनाओं को विस्तार से समझाया और यूको बैंक के जीएम,अंचल प्रबंधक,राजेश कुमार तिवारी ने बैंक की तरफ से हर संभव मदद किए जाने का भरोसा देते हुए सभी सभा में शामिल होने वाले खाता धारकों,उद्योगपतियों का धन्यवाद और आभार प्रकट किया।

# सम्वेदना फाउंडेशन्स द्वारा डिजिटल सशक्तिकरण की एक अनूठी शुरुआत






**नोएडा।** सम्वेदना फाउंडेशन्स ने अपने ज्ञानशाला केंद्र सेक्टर 53 में नवग्रह पूजन का आयोजन किया। इस शुभअवसर पर सभी के लिए सकारात्मक ऊर्जा, शांति और उन्नति की कामना करते हुए, संस्था ने डिजिटल शिक्षा की दिशा में एक सशक्त पहल की शुरुआत की। इस विशेष दिन पर ई-शिक्षा परियोजना का भव्य उद्घाटन किया गया, जिसका उद्देश्य वंचित बच्चों और महिलाओं को मूलभूत कंप्यूटर शिक्षा प्रदान करना है, ताकि वे डिजिटल दुनिया से जुड़कर आत्मनिर्भर बन सकें। कंप्यूटर लैब का उ?द्घाटन वरिष्ठ पत्रकार स्वस्तिक सहारा के ब्यूरो प्रफुल्ल पाण्डेय के द्वारा किया गया।

उन्होंने संस्था द्वारा पर्यावरण, शिक्षा एवं ट्रेनिंग देकर महिलाओं को स्वरोजगार के लिए प्रेरित करना आदि कार्यों की प्रशंसा की। कार्यक्रम में संस्था की अध्यक्ष श्वेता गुप्ता, उपाध्यक्ष प्रतिभा कुलश्रेष्ठ, कोषाध्यक्ष रूपम साध, सचिव राहुल वर्मा, कार्यकारिणी सदस्य अंजू कंधारी, मुख्य सलाहकार श्याम गुप्ता, सलाहकार ममता चौहान, ज्ञानशाला शिक्षिका मनोज, कार्यालय सहायक पूजा पाल, कंप्यूटर शिक्षिका जयंती झा, सिलाई केंद्र प्रशिक्षिका चाँदनी मिश्रा, ज्ञानशाला के बच्चे, संगिनी टीम और गणमान्य अतिथि सुलेखा साध, कमला देवी, श्वेता साध, रोहित पांडेय, संदीप, सोहित पांडेय, मोहित चौहान, सात्विक साध सहित अन्य मेहमान उपस्थित रहे।

इस अवसर पर संस्था की अध्यक्ष श्वेता गुप्ता ने ई-शिक्षा केंद्र की संकल्पना साझा करते हुए कहा की इस केंद्र का उद्देश्य केवल कंप्यूटर चलाना सिखाना नहीं है, बल्कि उन सभी बच्चों और महिलाओं को अवसर देना है जो तकनीक से जुड़कर खुद को आज की डीजिटल दुनिया से जोड़ना चाहते हैं। महिलाऐं जो किसी भी उम्र की हो, अगर सीखने की ललक है तो सम्वेदना का यह केंद्र हमेशा उनके लिए खुला है। हमारा मिशन है हर हाथ में हुनर और हर मन में आत्मविश्वास और हमारा विजन है एक ऐसा समाज बनाना जहाँ डिजिटल जानकारी हर किसी की पहुँच में हो। ई-शिक्षा केवल डिजिटल ज्ञान की शुरुआत नहीं है, बल्कि सशक्तिकरण की दिशा में एक मजबूत कदम है। सम्वेदना फाउंडेशन्स अपने सभी दानदाताओं, शुभचिंतकों और स्वयंसेवकों का हार्दिक आभार व्यक्त करता है, जिनके सहयोग से यह स्वप्न साकार हो पाया।

## श्री राम कथा में विश्वामित्र यज्ञ रक्षा एवं अहिल्या उद्धार की मार्मिक कथा का हुआ वर्णन



**नोएडा।** सेक्टर 93 सुपर एमआईजी सनातन धर्म मंदिर में आयोजित श्रीराम कथा के चौथे दिन कथा व्यास महामंडलेश्वर स्वामी पंचमानंद महाराज ने भगवान राम की बाल लीलाओं , विश्वामित्र यज्ञ रक्षा, अहिल्या उद्धार आदि प्रसंगों का सुंदर वर्णन किया। विश्वामित्र जी वन में यज्ञ करते हैं लेकिन राक्षस उनके यज्ञ में बाधा डालकर उसको पूर्ण नहीं होने देते हैं । विश्वामित्र जी ध्यानस्थ होकर देखते है तो उन्हें पता चलता है कि दशरथ पुत्र राम स्वयं विष्णु अवतार हैं और उनके बिना राक्षसों का संघार नहीं हो सकता है। दशरथ जी से राम ,लक्ष्मण को यज्ञ की रक्षा के लिए मांगते है। भगवान राम रास्ते में तड़का जैसी भयंकर राक्षसी का वध कर देते हैं साथ ही अन्य राक्षसों का वध कर यज्ञ को पूर्ण करवाते हैं। मुनि विश्वामित्र के साथ जाते समय रास्ते में गौतम ऋषि के श्रापवश पाषाण शिला बनी अहिल्या का अपनी चरण रज से उद्धार करते हैं। इसके बाद जनकपुर में विश्वामित्र जी के साथ आगमन होता है।

10 जून को धनुष यज्ञ, लक्ष्मण परशुराम संवाद, राम जानकी विवाह आदि प्रसंगों का सुंदर वर्णन कथा व्यास द्वारा किया जाएगा।

इस अवसर पर राजवीर सिंह, एल एस तिवारी,राजेश कुमार गुप्ता, वीरेंद्र द्विवेदी, शैलेश द्विवेदी, वीरेंद्र कुमार राय, देवमणि शुक्ल , रवि राघव, गोरे लाल, संजय पांडेय, हरि शंकर सिंह, रमेश चंद शर्मा, आचार्य विश्वनाथ त्रिपाठी, रमेश वर्मा, आचार्य गौरव, उमाकांत त्रिपाठी, सत्येन्द्र प्रताप सिंह,हंसमणि शुक्ला, विकास शर्मा, अनिल कुमार शर्मा, सर्वेश कुमार तिवारी,रमेश दास, अंगद सिंह तोमर, राम नरेश त्यागी , दिनेश पाठक, अरुण गौड़ व सहित तमाम सेक्टरवासी भक्त मौजूद रहे।

# फ़िलहाल प्रथम चरण के ग्रामों के किसानों के बच्चों को दी जाएगी प्राथमिकता, अन्य प्रभावित ग्रामों के किसानों के बच्चों को भी मिलेगा लाभ: धीरेन्द्र सिंह



**जेवर।** नोएडा अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट की आधारशिला पर टिके विकास की धुरी अब उन किसानों के परिवारों के जीवन यापन को उन्नत बनाने की ओर अग्रसर है, जिन्होंने नोएडा अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट को बनाए जाने हेतु अपनी जमीनों की सहमतियां दी थी।

इसी क्रम में 09 जून 2025 को किसानों से किए गए वायदे को पूरा किए जाने की दिशा में जेवर विधायक श्री धीरेन्द्र सिंह, यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण के मुख्य कार्यपालक अधिकारी श्री अरुण वीर सिंह जी और जनपद गौतमबुद्धनगर के जिलाधिकारी ने संयुक्त रूप से प्रथम चरण में जमीन देने वाले किसानों के बच्चों को रोजगार उपलब्ध कराए जाने हेतु एक रोजगार पोर्टल का शुभारंभ किया। इस रोज़गार पोर्टल का शुभारंभ नोएडा अंतरास्ट्रीय एयरपोर्ट साइट पर किया गया। कैंपों के माध्यम से प्रभावित किसानों के बच्चों के ऑनलाइन फार्म भरवाए जाएंगे। यह रोजगार पोर्टल उन परिवारों के बच्चों को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है, जिन्होंने जेवर में बन रहे नोएडा अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट के लिए प्रथम चरण में अपनी जमीनें की सहमति दी थीं। इस रोजगार पोर्टल के माध्यम से युवाओं को योग्यता के आधार पर स्थानीय व अन्य औद्योगिक इकाइयों में रोजगार के अवसर उपलब्ध कराए जाएंगे। साथ ही बच्चों का कौशल विकास भी कराया जाएगा।

ऑनलाइन रोजगार पोर्टल के शुभारंभ के मौके पर जेवर के विधायक श्री धीरेन्द्र सिंह ने कहा कि यह प्रयास मात्र नोएडा अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट के लिए ली गई जमीनों की भरपाई नहीं, बल्कि जमीन देने वाले किसानों के परिवारों का जीवन स्तर उन्नत बनाने की दिशा में ठोस कदम है। हमने किसानों से जमीनों का अधिग्रहण के समय वायदा किया था कि कोई किसान अपने बच्चों के भविष्य को लेकर चिंतित न हो। इसलिए आज यह रोज़गार पोर्टल उस वायदे को निभाने की दिशा में एक मील का पत्थर है।

इस मौके पर यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण के मुख्य कार्यपालक अधिकारी श्री अरुण वीर सिंह जी ने कहा कि रोजगार पोर्टल पारदर्शिता और दक्षता के साथ प्रभावित युवाओं को नौकरी से जोड़ने में अहम भूमिका निभाएगा।

इस मौके पर जिलाधिकारी जनपद गौतमबुद्ध नगर श्री मनीष वर्मा ने कहा कि प्रशासन के पास प्रभावित कुटुंब के बच्चों का डाटाबेस तैयार है। शीघ्र सभी प्रभावित किसानों को बच्चों को इस रोज़गार पोर्टल का लाभ मिलेगा। इस रोज़गार पोर्टल के शुभारंभ के मौके कर नोएडा अंतरास्ट्रीय एयरपोर्ट के अधिकारी भी उपस्थित रहे।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक अनिल रॉयल ने रॉयल बुलेटिन को मै. साई प्रिंटिंग प्रेस, डी-85, सैक्टर-6, नोएडा- 201301 से मुद्रित कराकर 318-द्वितीय तल, जयपुरिया प्लाजा, डीपीएस के सामने, सैक्टर-26, नोएडा (गौतमबुद्धनगर, उ.प्र.) से प्रकाशित किया।

सम्पादक: अनिल रॉयल

फोन: (0120) 4545477
मो. 9910779911
e-mail Address : royalnoida@gmail.com

# पुलिस आयुक्त ने थाना सेक्टर-63 के नवनिर्मित भवन का किया लोकार्पण

**नोएडा।** ग्राम बहलोलपुर के पास बने थाना सेक्टर-63 के के नवनिर्मित प्रशासनिक भवन, आवासीय परिसर व कमिश्नरेट गौतमबुद्धनगर के प्रथम ई-मालखाने का लोकार्पण आज पुलिस आयुक्त लक्ष्मी सिंह ने किया। इस अवसर पर उन्होंने उच्च गति की इंटरनेट सुविधा और पेपरलेस कार्यप्रणाली पर विशेष जोर दिया। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न जनप्रतिनिधि, औद्योगिक संगठनों के प्रतिनिधि, व्यापारी, आरडब्ल्यूए के सदस्य और क्षेत्र के संभ्रांत लोग उपस्थित रहे।



लोकार्पण कार्यक्रम में पुलिस आयुक्त लक्ष्मी सिंह ने कहा कि हमारा उद्देश्य पुलिसिंग को नागरिकों के लिए अधिक सुलभ, पारदर्शी और प्रभावी बनाना है। इस नए भवन के माध्यम से हम बेहतर सेवाएं प्रदान करेंगे और पुलिसकर्मियों के लिए एक सुरक्षित एवं समर्पित कार्य वातावरण सुनिश्चित करेंगे। उन्होंने बताया कि नवनिर्मित थाना भवन में कई अत्याधुनिक सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं। इनमें प्रशासनिक कार्यालय, महिला हेल्प डेस्क, साइबर सेल, सीसीटीएनएस कक्ष, विवेचना कक्ष, हवालात, मालखाना और पुलिसकर्मियों के लिए विश्राम कक्ष (रेस्ट रूम) शामिल हैं। भवन को ग्रीन एनर्जी से लैस किया गया है, साथ ही उच्च गति की इंटरनेट सुविधा और पेपरलेस कार्यप्रणाली पर विशेष जोर दिया गया है।

महिलाओं की सुरक्षा और सुविधा को ध्यान में रखते हुए एक अलग महिला हेल्प डेस्क की स्थापना की गई है, जहाँ वह अपनी शिकायतें निःसंकोच दर्ज करा सकती हैं। आगंतुकों के बैठने, पार्किंग और अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं का भी पूरा ध्यान रखा गया है।

पुलिस आयुक्त ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे इस भवन का उपयोग अधिकतम दक्षता से करें और आम नागरिकों की समस्याओं का समयबद्ध समाधान सुनिश्चित करें। उन्होंने सभी पुलिसकर्मियों से अपने कर्तव्यों का निर्वहन ईमानदारी और समर्पण के साथ करने का आह्वान किया। इस अवसर पर अपर पुलिस आयुक्त कानून व्यवस्था राजीव नारायण मिश्र, अपर पुलिस आयुक्त मुख्यालय अजय कुमार, पुलिस उपायुक्त नोएडा यमुना प्रसाद, पुलिस उपायुक्त सेंट्रल नोएडा शक्ति मोहन अवस्थी, पुलिस उपायुक्त ट्रैफिक लखन सिंह यादव सहित अन्य पुलिस अधिकारी उपस्थिति रहे।

# जिलाधिकारी ने रन्हेरा गांव में पथवाया नाले के कार्यों का किया स्थलीय निरीक्षण

**गौतमबुद्धनगर।** जिलाधिकारी गौतम बुद्ध नगर मनीष कुमार वर्मा ने आज जेवर क्षेत्र के ग्राम रन्हेरा में पहुंचकर पथवाया नाले पर चल रहे विकास कार्यों का गहन निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने नाले की स्थिति को बारीकी से परखा।



निरीक्षण के दौरान उप जिलाधिकारी जेवर अभय कुमार सिंह, अधिशासी अभियंता ऊपरी माट शाखा गंग नहर खुर्जा मोर मुकुट, सहायक अभियंता अशोक कुमार जैन एवं संबंधित अधिकारी गण उपस्थित रहे।

उप जिलाधिकारी जेवर द्वारा जिलाधिकारी को अवगत कराया कि पथवाया नाले पर बनी 03 पुलियाएं संकरी थी, जो बरसात के मौसम में जल प्रवाह में बाधा उत्पन्न कर सकती हैं। उनको तुड़वाकर दोबारा से नई पुलियाओं का निर्माण कराया जा रहा है। साथ ही उन्होंने बताया कि नाले के ढाल को सुगठित करने का कार्य प्रगति पर है तथा व्यापक स्तर पर सफाई कार्य भी कराया जा रहा है।

जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा ने नाले पर बनी पुलियाओं का निरीक्षण करते हुए सिंचाई विभाग के अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि पथवाया नाले में पानी आने से पहले पुलियाओं का चौड़ीकरण कार्य हर हाल में पूर्ण किया जाए। उन्होंने उप जिलाधिकारी को इस संबंध में नियमित निगरानी रखने के आवश्यक दिशा निर्देश प्रदान किये

जिलाधिकारी ने कहा कि जनहित से जुड़ी परियोजनाओं में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को गुणवत्ता और समयबद्धता से कार्यों को सुनिश्चित करने के सख्त निर्देश दिए।

# बंद घरों में चोरी करने वाले बदमाश समेत दो गिरफ्तार

**नोएडा।** एआरटीओ कार्यालय के पीछे वाली सड़क से सेक्टर-24 थाने की पुलिस ने बंद घरों की रेकी कर चोरी करने वाले गिरोह के बदमाश और सुनार को गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों के कब्जे से चोरी के गहने, विदेशी मुद्रा और चांदी के सिक्के बरामद किए गए।

एडीसीपी सुमित कुमार शुक्ला ने बताया कि पुलिस की टीमें पिछले कई दिनों से चोरी करने वाले गिरोह को पकड़ने के लिए जुटी थीं। इसी कड़ी में सोमवार को एआरटीओ कार्यालय के पीछे वाली सड़क से दो संदिग्ध लोगों को दबोचा गया। उनकी पहचान जिला बुलंदशहर के गांव देवली निवासी सोनू गौतम और हरियाणा के जिला पलवल निवासी मनोज कुमार वर्मा के रूप में हुई।

सोनू वर्तमान में सेक्टर-35 स्थित गांव मोरना में रहता है। तलाशी ली तो उनके पास से चार अंगूठी पीली धातु, एक गले का हार सफेद धातु, दो गले के हार पीली और सफेद धातु, 14 डॉलर (सिंगापुर देश के), 200 रुपिया (इंडोनेशिया देश के), छह चांदी के सिक्के और एक चांदी का नोट बरामद किया गया है। पूछताछ के दौरान सोनू ने बताया गया कि वह एनसीआर क्षेत्र में घूम-फिरकर घरों की रेकी करता। चोरी किए गए आभूषणों को औने-पौने दामों में राह चलते व्यक्तियों को बेच देता। उनके द्वारा यह सामान सेक्टर-35ए सोसाइटी के एक बंद मकान से चोरी किया गया था।

इसके अलावा जो गहने नहीं बिकते थे, उन्हें मनोज कुमार वर्मा की दुकान पर बेचता था। सुमित अधिकतर अकेले ही चोरी की घटना को अंजाम देता। सुनार मनोज चोरी के माल को पिघलाकर उसे बेचता। फिलहाल दोनों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया। जहां से उन्हें न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया।

# हनुमान मंदिर सेक्टर-20 में निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन

**नोएडा।** आज डॉक्सट्रीट हेल्थ केयर की पहल पर हनुमान मंदिर, सेक्टर-20, नोएडा में निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का सफल आयोजन किया गया।

शिविर में प्रसिद्ध ईएनटी विशेषज्ञ डॉ. विवेक कुमार पाठक (कंसल्टेंट - कैलाश अस्पताल एवं मैक्स अस्पताल तथा शारदा विश्वविद्यालय में एसोसिएट प्रोफेसर) द्वारा सेवाएं प्रदान की गई। इस आयोजन का उद्देश्य समुदाय में स्वास्थ्य जागरूकता बढ़ाना तथा निःशुल्क ईएनटी परामर्श प्रदान करना था। नोएडा और आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में मरीजों ने इस अवसर का लाभ उठाया, जिससे सरल स्वास्थ्य सेवाओं की बढ़ती मांग का संकेत मिला।



शिविर के दौरान डॉ. पाठक एवं उनकी टीम ने ईएनटी स्क्रीनिंग की, चिकित्सीय सलाह दी, और उपस्थित लोगों को निवारक देखभाल एवं उपचार विकल्पों के बारे में जानकारी दी। आमजन से इस पहल को जबरदस्त सकारात्मक प्रतिक्रिया मिली, जो इस तरह की सामुदायिक स्वास्थ्य पहलों के महत्व को दर्शाती है।

## संक्षिप्त समाचार

### 22 जून तक चलेगा आईटीआई चलो अभियान

**गौतमबुद्धनगर।** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान दादरी के प्रधानाचार्य यज्ञ देव सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि जनपद के राजकीय/निजी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में संचालित व्यवसायों एवं टाटा टेक्नोलॉजी लिमिटेड के सहयोग से एवं जनपद के अन्य राजकीय औद्योगिक संस्थानों में दीर्घकालीन व्यवसायों में माह अगस्त 2025 में प्रारम्भ होने वाले प्रशिक्षण सत्र हेतु अभ्यार्थी को आन लाईन आवेदन करने के लिये वेबसाईट को खोलना होगा तथा उस पर बने हुये लिंक online submission of application for admission for session 2025-2026 for government / private ITI पर क्लिक कर पहले अपना फार्म भरना होगा। अभ्यार्थी को आनलाईन आवेदन से पूर्व OTP से मोबाइल नम्बर का सत्यापन करना होगा। फार्म भरने के पश्चात उसे preview वाले पृष्ठ पर अकत Proceed to Payment के लिंक पर क्लिक कर आनलाईन भुगतान करना होगा। उन्होंने बताया कि आनलाईन भुगतान डेबिट कार्ड / क्रेडिट कार्ड / इन्टरनेट बैंकिंग / यूपीआई के माध्यम से किया जा सकता है, जिस हेतु यूनियन बैंक आफ इण्डिया व स्टेट बैंक आफ इण्डिया अन्य बैंक के पेमेंट गेटवे की सुविधा उपलब्ध रहेगी। आवेदन शुल्क का भुगतान होने पर अभ्यार्थी अपने फार्म का प्रिंट आउट ले सकेगा। अभ्यार्थी द्वारा ऑन लाईन आवेदन में की गयी प्रविष्टियों में हुई कतिपय त्रुटियों के संशोधन हेतु 02 दिन (48 घण्टे) का समय दिया जायेगा। ऑनलाईन आवेदन में सहायता हेतु विवरणी ई- फार्म में वेबसाइट पर उपलब्ध है। अभ्यार्थी विवरणी को पूर्ण रूप से या आवश्यकता के अनुसार विवरणी का कोई भाग प्रिंट कर सकते है या डाउनलोड कर सकता है। आनलाईन आवेदन की सुविधा 22-06-2025 रात्री 12.00 तक उपलब्ध रहेगी। उन्होंने पंजीकरण शुल्क के संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि सामान्य व पिछड़ा वर्ग के अभ्यार्थियों को 250 रुपए पंजीकरण शुल्क तथा अनुसूचित जाति व अनुसूचित जनजाति/अनुसूचित जनजाति हेतु 150 रुपए प्रवेश पंजीकरण शुल्क लिया जायेगा।

### कुत्तों के झुंड ने मोर पर किया हमला

**नोएडा।** ग्रेटर नोएडा के दनकौर कोतवाली क्षेत्र के जुनेदपुर गांव में एक मोर को कुत्तों के हमले से बचाया गया। सोमवार दोपहर की घटना है। मोर मंदिर परिसर में बैठा था। इसी दौरान कुत्तों के झुंड ने उस पर हमला कर दिया।

मौके पर मौजूद ग्रामीणों ने तुरंत कार्रवाई करते हुए मोर को कुत्तों से बचाया। हमले में मोर घायल हो गया था। ग्रामीण बीरपाल और अन्य लोगों ने कई घंटों तक मोर का इलाज किया। जब मोर की स्थिति में सुधार नहीं हुआ, तो ग्रामीणों ने वन विभाग को सूचना दी। वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और घायल मोर को अपने साथ ले गई। मोर को आगे का इलाज दिया जाएगा।

### ट्रेन की चपेट में आया बीटेक छात्र

**नोएडा।** ग्रेटर नोएडा के दनकौर रेलवे स्टेशन के पास रविवार को एक ट्रेन हादसे में बीटेक छात्र की मौत हो गई। मृतक की पहचान प्रतापगढ़ निवासी 22 वर्षीय विशाल के रूप में हुई है।

विशाल दनकौर क्षेत्र की एक निजी विश्वविद्यालय में बीटेक द्वितीय वर्ष का छात्र था। उसकी बहन दनकौर रेलवे स्टेशन के पास रहती है। रविवार को जब विशाल देर रात तक घर नहीं पहुंचा, तो बहन ने खोजबीन शुरू की। इसी दौरान उसे पता चला कि उसके भाई की ट्रेन हादसे में मौत हो गई है। जीआरपी पुलिस को रविवार को रेलवे स्टेशन के पास एक अज्ञात युवक के शव की सूचना मिली थी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। सोमवार को परिजनों ने शव की पहचान की। परिजनों का कहना है कि विशाल किसी तरह के तनाव में नहीं था। पुलिस हादसे और आत्महत्या दोनों पहलुओं से मामले की जांच कर रही है। परिजनों ने पुलिस को कोई लिखित शिकायत नहीं दी है।

### रास्ते में रोक कर पिता-पुत्र के साथ मारपीट

**नोएडा।** जेवर के मोहल्ला खत्तीवान में चार लोगों ने बाजार जाते समय रास्ते में रोककर पिता-पुत्र के साथ लाठी-डंडों से मारपीट की। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के मुताबिक अनस की शिकायत पर मुकदमा दर्ज किया गया है। पीड़ित अनस ने पुलिस को बताया कि रविवार की शाम उनके पिता यूनुस किसी काम से बाजार जा रहे थे। इसी बीच मोहल्ला खत्तीवान के रहने वाले सगीर, मुन्ना, सरताज और फैजान ने यूनुस को रास्ते में रोक कर मारपीट की। शोर की आवाज सुनकर रिजवान अपने पिता को बचाने पहुंचा तो आरोपियों ने उसे भी लाठी डंडे से पीटा। आरोपियों की पीड़ित परिवार से पुरानी रंजिश चली आ रही है। आरोपियों ने रंजिशन हमला किया पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है।

### सूरजपुर न्यायालय में वकीलों में झड़प

**नोएडा।** सूरजपुर न्यायालय में वकीलों की आम सभा के दौरान हिंसक झड़प की घटना सामने आई है। अधिवक्ता संदीप भाटी ने बार एसोसिएशन के अध्यक्ष परमेन्द्र भाटी और 15-20 अन्य लोगों पर मारपीट का आरोप लगाया है। संदीप भाटी ने पुलिस को दी शिकायत में कहा कि परमेन्द्र भाटी और उनके साथी कोर्ट में अपनी गैंग चलाते हैं। वे न्यायिक अधिकारियों और पुलिस अधिकारियों पर अपने लोगों को क्लाइंट देने का दबाव बनाते हैं। संदीप के अनुसार, उनके एक क्लाइंट को परमिंदर भाटी के लोगों ने संपर्क किया था। इस मामले को लेकर जब वे बार सदस्यों से चर्चा कर रहे थे। तभी परमेंद्र भाटी और उनके साथियों ने उन पर हमला कर दिया। उन्होंने आरोप लगाया कि हमलावरों ने हथियार की बट से भी वार किया।

बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष उमेश भाटी ने इस घटना की निंदा की है। उन्होंने कहा कि संदीप के साथ हुई मारपीट गलत है और दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई होनी चाहिए। घटना के बाद कई वकील संदीप भाटी के समर्थन में आ गए हैं। वकीलों ने जिला जज से मिलकर कार्रवाई की मांग की है। संदीप भाटी का कहना है कि आरोपी पहले भी कई लोगों के साथ मारपीट कर चुके हैं।

# ईडब्ल्यूएस पॉकेट 7 सेक्टर 82 की समस्याओं को लेकर आरडब्ल्यूए अध्यक्ष ने की बैठक

**नोएडा।** रविवार को आरडब्ल्यूए द्वारा ईडब्ल्यूएस पॉकेट 7 सेक्टर 82 में एक बैठक आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता आरडब्ल्यूए अध्यक्ष राघवेंद्र दुबे ने की। बैठक में सीवर की समस्या , पार्कों की स्थिति, प्राधिकरण के मकानों में अवैध रह रहे लोगों की समस्या सहित कई समस्याओं पर विचार विमर्श और उनके समाधान पर चर्चा की गई।



इस अवसर पर आरडब्ल्यूए अध्यक्ष राघवेंद्र दुबे ने कहा कि पिछले डेढ़ साल से सीवर लगातार ओवर फ्लो हो रहे हैं लेकिन अभी तक कोई स्थाई समाधान नहीं हुआ है जबकि इस संबंध में दर्जनों पत्र सभी अधिकारियों को दिए जा चुके हैं। जल्द समाधान नहीं हुआ तो धरना प्रदर्शन को मजबूर होना पड़ेगा। प्राधिकरण के फ्लैटों में प्राधिकरण कर्मियों की मिलीभगत से लोग अवैध रूप से रह रहे हैं कई बार शिकायत के बाद भी अभी तक कुछ नहीं हुआ। प्राधिकरण के खाली फ्लैटों का प्लास्टर पूरी तरह झड़ चुका है और जर्जर फ्लैट हादसों को दावत दे रहे हैं। विवेक बिहार में पॉकेट 7 की बाउंड्री वाल से लगे गार्बेज रीसाइक्लिंग प्लांट के कारण इतनी बदबू आती है कि आस पास के ब्लॉक के लोगों का जीना दूभर हो गया है। प्रमुख समस्याओं का शीघ्र समाधान नहीं हुआ तो जल्द मुख्यकार्यपालक अधिकारी से मिलकर अवगत कराया जाएगा।

इस अवसर पर उपाध्यक्ष रवि राघव, कोषाध्यक्ष सुशील पाल, गोरे लाल, पप्पू सिंह, घनश्याम जोशी, मिथिलेश राय, अंगद सिंह तोमर, संजय पांडे, सुभाष शर्मा, राजवीर सिंह, विकास कुमार, प्रकाश जोशी, दीपक मेहरा सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

## विधायक विनय वर्मा ने अल्पसंख्यक कल्याण, वक्फ एवं हज राज्यमंत्री दानिश आजाद अंसारी से की शिष्टाचार भेंट



**नोएडा।** शोहरत गढ़ विधानसभा से विधायक विनय वर्मा व उनके बड़े भाई हरीश वर्मा ने ईद के अवसर पर उत्तर प्रदेश सरकार में अल्पसंख्यक कल्याण, वक्फ एवं हज राज्यमंत्री तथा भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेश महामंत्री दानिश आजाद अंसारी से उनके लखनऊ स्थित आवास पर शिष्टाचार भेंट-मुलाकात की।

इस अवसर पर मंत्री जी का कुशल क्षेम जाना तथा ईद-उल-अजहा (बकरीद) की हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाई प्रेषित की। इस मुलाकात के दौरान विधायक विनय वर्मा के क्षेत्र के सम्मानित नागरिकगण भी साथ उपस्थित रहे, जिससे यह मुलाकात और भी आत्मीय और विशेष बन गई।

# फेलिक्स अस्पताल में हुई बांग्लादेशी मरीज की सफल 'नी रिप्लेसमेंट' सर्जरी

**नोएडा।** घुटनों का दर्द अगर लंबे समय तक बना रहे और इलाज से आराम न मिले तो इसे नजरअंदाज करना भारी पड़ सकता है। ऐसा ही एक मामला सामने आया बांग्लादेश के 68 वर्षीय बुजुर्ग का जिन्हें पिछले तीन वर्षों से बाएं घुटने में तेज दर्द और सूजन की समस्या थी। घुटने में पानी भरने और जॉइंट डैमेज के चलते उनका चलना-फिरना मुश्किल हो गया था। देश-विदेश में इलाज कराने के बावजूद जब कोई राहत नहीं मिली तो अंततः उन्होंने नोएडा के फेलिक्स अस्पताल सेक्टर 137 में संपर्क किया। यहां हड्डी और जोड़ रोग विशेषज्ञ डॉ. केशव गोयल ने परीक्षण के बाद लेफ्ट नी रिप्लेसमेंट सर्जरी की सलाह दी। सर्जरी सफल रही और आज वह बिना सहारे के अपने पैरों पर चल पा रहे हैं। फेलिक्स अस्पताल के डॉ. केशव गोयल ने बताया कि मरीज़ को घुटनों में लगातार सूजन, जकड़न और पानी भरने की शिकायत थी। बांग्लादेश के डॉक्टरों से लेकर वीजा लेकर मरीज के परिजन ने दिल्ली तक कई अस्पतालों में डॉक्टों से मरीज का इलाज कराया। लेकिन वहां





दवाओं से कुछ घंटों की राहत के सिवा कुछ नहीं मिला। इस कारण रोजमर्रा के कामों के लिए भी मरीज को परिवार पर निर्भर रहना पड़ता था।

फेलिक्स अस्पताल पहुंचने के बाद डॉक्टरों की टीम ने सबसे पहले मरीज की ब्लड शुगर, ईसीजी, ब्लड प्रेशर और अन्य मेडिकल पैरामीटर की जांच की। सारी जांच रिपोर्ट सामान्य आने के बाद घुटने का कार्टिलेज पूरी तरह घिस चुका है और ऑस्टियोआर्थराइटिस के चलते रिप्लेसमेंट ही एकमात्र समाधान है। सर्जरी के बाद अस्पताल की फिजियोथेरेपी यूनिट ने राजेंद्र को विशेष व्यायाम सत्रों के माध्यम से मांसपेशियों को सक्रिय करने की प्रक्रिया शुरू की। कुछ ही दिन में उन्होंने बिना सहारे चलना शुरू कर दिया। आज वे सामान्य रूप से टहल पा रहे हैं। मरीज के पुत्र ने खुशी जताते हुए कहा कि तीन साल तक हमें लगा कि पिता फिर कभी नहीं चल पाएंगे। लेकिन फेलिक्स अस्पताल और डॉ. केशव गोयल की टीम ने जो किया वो हमारे लिए चमत्कार जैसा है।

**घुटनों के दर्द को नजरअंदाज करना पड़ सकता है भारी:** डॉ. केशव गोयल ने बताया कि घुटनों के दर्द की अनदेखी आगे चलकर बड़ी समस्या बन सकती है। घुटनों में दर्द के मुख्य कारण ऑस्टियोआर्थराइटिस होता है जो जिसमें उम्र के साथ घुटनों की हड्डियों में घिसाव होता है। इसके अलावा रूमेटॉयड आर्थराइटिस से इम्यून सिस्टम की गड़बड़ी होती है। कई बार घुटने में चोट या फ्रैक्चर होता है। ओवरवेट या मोटापा से भी घुटनों पर दबाव बढ़ना है। कई बार अनुवांशिक कारण भी होता है। अगर शुरुआती लक्षणों को पहचाना जाए तो गंभीर सर्जरी से बचा जा सकता है। सुबह उठते समय घुटनों में जकडन, सीढ़ियां चढ़ते-उतरते समय दर्द, घुटने में सूजन या गर्माहट, चलने-फिरने में कठिनाई, घुटनों से आवाज आना जैसे लक्षण दिखने पर डॉक्टर को दिखाए। घुटने में यदि कार्टिलेज पूरी तरह खत्म हो जाए तो नी रिप्लेसमेंट सर्जरी की जरूरत होती है। इससे बचने के लिए जरूरी है कि वजन नियंत्रित रखें। घुटनों को अधिक देर तक एक स्थिति में न रखें। नियमित व हल्की एक्सरसाइज करें। सीढ़ियों का अधिक प्रयोग न करें। संतुलित और कैल्शियम युक्त आहार लें। नी रिप्लेसमेंट से मरीजों को न सिर्फ दर्द से राहत मिलती है, बल्कि उनका जीवन स्तर भी बेहतर होता है। समय पर सर्जरी न हो तो मरीज बिस्तर पर निर्भर हो सकते हैं। अगर घुटनों की समस्या को समय रहते गंभीरता से लिया जाए तो व्यक्ति फिर से सामान्य जीवन जी सकता है। सर्जरी, आधुनिक चिकित्सा और फिजियोथेरेपी के जरिए ऐसे मामलों में जीवन की गुणवत्ता को फिर से लौटाया जा सकता है।

## संक्षिप्त समाचार

### प्रॉपर्टी टैक्स जमा कर रहे दिल्लीवालों से यूजर चार्ज क्यों वसूल रही एमसीडी?

**नईदिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली के व्यापारियों और निवासियों के विरोध के बाद एमसीडी ने यूजर चार्ज न वसूलने की घोषणा तो कर दी,लेकिन लोगों को इसका लाभ नहीं मिल पा रहा है। ऑनलाइन संपत्तिकर जमा करने वाले भवन मालिकों से यूजर चार्ज मांगा जा रहा है। नगर निगम के ऑनलाइन पोर्टल पर यूजर चार्ज की रकम दिखाए जाने से लोग परेशान हैं। वह संपत्तिकर जमा नहीं कर पा रहे हैं। मियांवाली कॉलोनी निवासी पुरुषोत्तम कालरा ने बताया कि उन्होंने बीते शनिवार को अपना संपत्तिकर ऑनलाइन जमा करने का प्रयास किया, तो 2500 रुपये यूजर चार्ज जोड़ दिया गया। उन्होंने बिना यूजर चार्ज अपना संपत्तिकर 5,212 रुपये जमा कराना चाहा,तो रकम जमा नहीं हुई। उनका कहना है कि एमसीडी ने घोषणा की थी कि बिना यूजर चार्ज के संपत्तिकर जमा करने का विकल्प पोर्टल पर दिया जाएगा,लेकिन अब तक ऐसा नहीं हुआ। उनकी कॉलोनी के कई अन्य लोग संपत्तिकर जमा नहीं करा पा रहे हैं। नगर निगम ने अप्रैल में संपत्ति कर के साथ यूजर चार्ज लगाया था। एक जून से संपत्ति कर माफी योजना शुरू हो चुकी है। यूजर चार्ज को वैकल्पिक कर दिया गया है। मौजूदा स्थिति में दिल्ली में नागरिकों से कूड़ा उठाने के लिए इस शुल्क को अनिवार्य तौर पर नहीं लिया जा रहा है।

### दिल्ली में बड़ा हादसा, भरभराकर गिरी दो मंजिला इमारत, 8 साल के मासूम की मौत

**नईदिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली के नांगलोई इलाके 5इमारत ढह गई है। इस हादसे में 8 साल के बच्चे की मौत हो गई है जब दो लोग घायल है। दिल्ली की फायर सर्विस ने इस बारे में जानकारी दी। हादसा सोमवार सुबह का बताया जा रहा है। दिल्ली अग्निशमन सेवा को सूचना मिली और बचाव दल को घटनास्थल पर भेजा गया ताकि तलाशी अभियान चलाया जा सके। अग्निशमन अधिकारी के अनुसार, आज सुबह दिल्ली के नांगलोई इलाके में दो मंजिला इमारत गिर गई। 8 वर्षीय बच्चे की मौत हो गई और दो लोग घायल हो गए। घायलों को तुरंत इलाज के लिए नजदीकी अस्पताल ले जाया गया। आगे की जांच अभी भी जारी है। जिस 8 साल के बच्चे की इस हादसे में मौत हुई, उसकी पहचान वंश के तौर पर हुई है। वहीं सबीर नाम का 45 साल का शख्स घायल बताया जा रहा है। इससे पहले शुक्रवार को उत्तर-पूर्वी दिल्ली के घोंडा इलाके में एक ई-रिक्शा चार्जिंग स्टेशन में आग लग गई, जिसके बाद दिल्ली अग्निशमन सेवा ने तुरंत कार्रवाई की।छ्स्र अधिकारियों ने पुष्टि की कि आग पर काबू पाने के लिए चार दमकल गाड़ियों को तुरंत घटनास्थल पर भेजा गया। घटना की सूचना दोपहर में मिली, जिसके बाद आपातकालीन टीमें आग बुझाने में जुट गई।

### 10-15 साल पुराने वाहनों को इस माह से नहीं मिलेगा डीजल-पेट्रोल

**गाजियाबाद।** गाजियाबाद और नोएडा के साढ़े पांच लाख से ज्यादा पुराने वाहनों को नवंबर महीने से डीजल-पेट्रोल नहीं मिलेगा। इसके लिए पायलट प्रोजेक्ट के रूप में दोनों जिलों के पेट्रोल पंपों पर एएनपीआर सिस्टम लगाया जा रहा है। इससे आयु सीमा पूरी कर चुके वाहनों की पहचान की जाएगी। पेट्रोल के 15 साल और डीजल के 10 साल पुराने वाहनों को लेकर राष्ट्रीय हरित प्राधिकरण (एनजीटी) की कड़ी नजर है। राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में आयु सीमा पूरी कर चुके वाहनों की तादाद लगातार बढ़ रही है। इन वाहनों को सड़कों से हटाने के लिए एनजीटी के निर्देश पर पेट्रोल पंपों पर ऑटोमेटिक नंबर प्लेट रिकग्निशन (एएनपीआर) सिस्टम लगने शुरू हो गए हैं। पहले इस योजना को जून तक पूरा करने को कहा गया था, लेकिन फिलहाल शासन स्तर से बजट मिलने में देरी की वजह से अब एएनपीआर सिस्टम के अक्तूबर महीने तक तैयार करने को कहा गया है। एनसीआर के आठ जिलों में सबसे पहले गाजियाबाद और नोएडा के पायलट प्रोजेक्ट के रूप में तैयार करने की मंजूरी मिली है। इस योजना के तहत गाजियाबाद के 111 और नोएडा के 101 पेट्रोल पंपों पर ऑटोमेटिक नंबर प्लेट रिकग्निशन (एएनपीआर) कैमरे लगेंगे। कुल 212 पंपों पर 10 और 15 साल की उम्र पूरी कर चुके वाहनों की नंबर प्लेट को कैमरे रीड करेंगे और पंप पर लगे अनाउंसमेंट सिस्टम से वाहन का नंबर बोला जाएगा। सिस्टम से बताया जाएगा कि यह वाहन अपनी मियाद पूरी कर चुका है।

# ताई को बर्फ देने गई थी फिर; बेटी से दरिंदगी पर मां बेसुध

**नईदिल्ली, एजेंसी।** उत्तर पूर्वी दिल्ली के दयालपुर इलाके में बच्ची के साथ दुष्कर्म के बाद उसकी हत्या की वारदात से सबको झकझोर दिया है। पड़ोस में अपनी ताई के घर बर्फ देने गई मासूम अपने घर वापस नहीं लौटी। परिजनों ने बताया कि बच्ची की बीते सप्ताह से तबियत ठीक नहीं चल रही थी। शनिवार को उसके स्वास्थ्य में थोड़ा सुधार हुआ था। ऐसे में उसने अच्छा भोजन खाने की इच्छा जताई थी। घर में ईद पर भोजन बनाने की तैयारी चल रही थी,लेकिन खुशियां कुछ देर बाद मातम में बदल गया। उधर,मृतका की मां का रो-रोकर बुरा हाल है। उन्होंने वारदात के बाद से खाने का निवाला तक मुंह में नहीं डाला है। उनका कहना है कि जब तक बेटी के साथ घिनौनी हरकत करने वाले लोगों को सजा नहीं मिल जाती तब तक मैं सुकून से कैसे खा पी सकती हूं। पुलिस उपायुक्त आशीष मिश्रा ने बताया कि शनिवार रात करीब 8ः41 बजे बच्ची के साथ यौन उत्पीड़न की



पीसीआर कॉल मिली थी। पुलिस टीम जब घटना स्थल पर पहुंची तब तक परिजन बच्ची को अस्पताल ले जा चुके थे। क्राइम और एफएसएल की टीमों ने मौके से जरूरी सुराग जुटाए हैं। टीमें सीसीटीवी की फुटेज की मदद से आरोपी की पहचान में जुटी हैं। स्थानीय लोगों ने रविवार दोपहर नाला रोड पुलिया के पास एकत्र होकर प्रदर्शन किया। लोगों ने आरोपी सख्त सजा दिलाने की मांग की। सूचना मिलते ही पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी मौके पर पहुंचे। जल्द आरोपी की गिरफ्तारी सुनिश्चित करने का आश्वासन देकर लोगों को शांत कराया। इसके बाद पीड़ित के घर के आसपास बड़ी संख्या में लोग जमा हो गए थे। देर रात लोगों ने न्याय की मांग को लेकर मार्च निकाला। दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा ने आप नेताओं द्वारा दिए गए बयान को लेकर पलटवार किया है। उन्होंने कहा है कि लगभग 12 साल पहले निर्भया हत्याकांड पर आप ने राजनीति की थी और आज तक इनके नेता मासूम बच्चियों के साथ होने वाले अपराध पर राजनीतिक बयानबाजी करते हैं।

# जो हम से बन पड़ा ए वतन हमने किया, सच सारी दुनिया ने जान लियाः शशि थरूर

**नईदिल्ली, एजेंसी।** शशि थरूर के नेतृत्व में सर्वदलीय संसदीय प्रतिनिधिमंडल ने शनिवार को अमेरिका दौरा समाप्त किया। उन्होंने इस लंबे दौरे को एक कविता के जरिए समाप्त किया है। उन्होंने लिखा है कि अब दुनिया ने सच जान लिया है। भारत ने पहलगाम आतंकवादी हमले के जवाब में 7 मई को ऑपरेशन सिंदूर का आगाज किया था, जिसके तहत पाकिस्तान में आतंकवादी ठिकानों को निशाना बनाया गया था।

इस दौरान प्रतिनिधिमंडल ने अमेरिका के उपराष्ट्रपति जे.डी. वेंस और उप विदेश मंत्री क्रिस्टोफर लांडाउ समेत कई राजनयिक एवं राजनीतिक नेताओं से मुलाकात कर पाकिस्तान द्वारा पोषित आतंकवाद के खिलाफ भारत की दृढ़ इच्छाशक्ति को रेखांकित किया। कांग्रेस सांसद शशि थरूर के नेतृत्व में यह प्रतिनिधिमंडल 'ऑपरेशन सिंदूर' के बाद भारत की संपर्क पहल के तहत अमेरिका पहुंचा था। इस



मौके पर थरूर ने पोस्ट किया, सौ बार जन्म लेंगे तो सौ बार करेंगे, जी भर के अपने वतन से प्यार करेंगे, जो हम से बन पड़ा, अ वतन हमने किया है जो सच था, सारी दुनिया ने अब जान लिया है। उन्होंने आगे लिखा, समस्त सदस्यों की तरफ से मातृभूमि का और देश विदेश में हिंदुस्तान प्रेमियों का बहुत-बहुत आभार जिन्होंने कान खोल कर सुना और दिल खोल कर स्वीकार किया के हम अहिंसा प्रेमी हैं मगर तब तक, जब तक कोई ... जय हिंद! यह प्रतिनिधिमंडल उन सात सर्वदलीय भारतीय प्रतिनिधिमंडलों में से एक था जिन्हें 33 वैश्विक राजधानियों में भेजा गया था, ताकि अंतरराष्ट्रीय समुदाय को पाकिस्तान की आतंकवाद में संलिप्तता के बारे में अवगत कराया जा सके। प्रतिनिधिमंडल तीन जून को अमेरिकी राजधानी वॉशिंगटन पहुंचा और तीन दिनों के दौरान 'कैपिटल हिल' में अमेरिकी सांसदों, विदेश नीति विशेषज्ञों, विचारक संस्थाओं के प्रतिनिधियों, मीडिया एवं प्रवासी भारतीय समुदाय से मुलाकात की।

# लाखों साल पहले भी एनसीआर में थी इंसानों की बस्ती, मिल गया है बड़ा सबूत

**नईदिल्ली, एजेंसी।** अरावली पर्वतमाला जिसे पर्यावरणीय संतुलन और जैव विविधता के लिए महत्वपूर्ण माना जाता है। अब मानव इतिहास के एक नए अध्याय को भी उजागर कर रही है। दिल्ली से कुछ ही किलोमीटर दूर दमदमा क्षेत्र में पुरापाषाण काल की दुर्लभ कलाकृतियां मिली है। जून में जारी हुई ग्रीनवॉल प्रोजेक्ट के तहत किए गए एक विस्तृत सर्वेक्षण में ऐसे पुरातात्विक साक्ष्य मिले हैं, जो बताते हैं कि एनसीआर में लाखों साल पहले भी इंसानों का बसेरा था। हरियाणा वन विभाग और गुरुजल फाउंडेशन के द्वारा ग्रीनवॉल प्रोजेक्ट को लागू करने से पहले अरावली के 420 एकड़ इलाके में पुरातत्व विरासत अनुसंधान और प्रशिक्षण अकादमी द्वारा सर्वे किया गया था। सर्वे के दौरान विशेषज्ञों को प्रागैतिहासिक काल से लेकर ऐतिहासिक काल तक इस क्षेत्र में मानव गतिविधियां लगातार जारी रहने के साक्ष्य मिले हैं। ये निष्कर्ष न केवल



अरावली के महत्व को बढ़ाते हैं बल्कि भारत के मानव इतिहास को समझने के लिए नई राहें भी खोलते हैं।

सर्वे रिपोर्ट के अनुसार ग्रीनवॉल प्रोजेक्ट के तहत दमदमा-खेड़ला क्षेत्र में अरावली की 420 एकड़ भूमि पर किए गए अध्ययन के दौरान महत्वपूर्ण पुरातात्विक खोजें की गई हैं। इनमें सबसे प्रमुख दमदमा क्षेत्र से मिली पुरापाषाण कालीन कलाकृतियां हैं। इन कलाकृतियों में हाथ की कुल्हाड़ी, क्लीवर और खुरचने वाले औजार शामिल हैं। विशेषज्ञों का दावा है कि ये औजार लगभग छह से आठ लाख साल पुराने हो सकते हैं, जो इस बात का संकेत है कि मानव सभ्यता का विकास इस क्षेत्र में काफी पहले से हो रहा था। ये कलाकृतियां अधिकतर क्वार्टजिक बलुआ पत्थर पर तैयार की गई हैं, जो उस समय के मानव की पत्थर के औजार बनाने की तकनीक और कौशल को दर्शाती हैं। इन औजारों की खोज से यह स्पष्ट होता है कि उस सुदूर अतीत में अरावली का यह हिस्सा आदिमानव के लिए एक महत्वपूर्ण निवास स्थान रहा होगा, जहां वे शिकार, भोजन संग्रह और अन्य दैनिक गतिविधियों के लिए इन औजारों का उपयोग करते थे।

विशेषज्ञों ने बताया कि सर्वेक्षण से यह निष्कर्ष निकाला जा सकता है कि दमदमा क्षेत्र के आसपास की अरावली पर्वतमाला निस्संदेह प्रागैतिहासिक काल से लेकर ऐतिहासिक काल तक मानव गतिविधि का क्षेत्र रही है। यह क्षेत्र शुरुआती सांस्कृतिक अवशेषों से लेकर आज तक के मानव सांस्कृतिक परिवर्तन को समझने के लिए बहुत महत्वपूर्ण है। इसलिए, इन दुर्लभ पुरातात्विक अवशेषों का संरक्षण जरूरी है। अरावली पर्वतमाला विश्व की सबसे प्राचीन वलित पर्वत श्रृंखलाओं में से एक है, जिसका भूवैज्ञानिक इतिहास लगभग दो से तीन अरब वर्ष पुराना है। इसका निर्माण उपमहाद्वीपीय प्लेट के यूरेशियन प्लेट से टकराने के कारण हुआ था।

# जितने दिन प्रदूषण फैलाया, उतना जुर्माना... दिल्ली में सीएक्यूएम का खास प्लान

**नईदिल्ली, एजेंसी।** पर्यावरण को नुकसान पहुंचाने वालों की अब खैर नहीं... केंद्रीय वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग (सीएक्यूएम) ने प्रदूषण फैलाने वालों पर नकेल कसने के लिए नया फॉर्मूला तैयार किया है। अब उद्योग और संस्थानों को प्रदूषण के नियम तोड़ने की भारी कीमत चुकानी पड़ेगी। जुर्माना तय करने के लिए पांच खास आधार बनाए गए हैं, जो पर्यावरण को होने वाले नुकसान को ठीक करने की दिशा में बड़ा कदम है।

इसके अलावा, जुर्माने की राशि तय करने के लिए संबंधित क्षेत्र में प्रदूषण का स्तर, लोकेशन व अन्य आधार को शामिल किया गया है। दिल्ली व एनसीआर क्षेत्र में प्रदूषण एक बड़ी समस्या के तौर पर मौजूद है। खासतौर पर जाड़े के मौसम में इस पूरे क्षेत्र में प्रदूषण की स्थिति सबसे ज्यादा भयावह हो जाती है। इसके चलते पूरे इलाके में प्रदूषण नियंत्रण के लिए अलग-अलग समय पर दिशा-निर्देश जारी



किए गए हैं। लेकिन, इनका उल्लंघन करके प्रदूषण फैलाने की घटनाएं भी लगातार सामने आती रही हैं।

इसे देखते हुए आयोग ने प्रदूषण करके पर्यावरण को क्षति पहुंचाने के मामलों में जुर्माने का आधार तय किया है। आयोग द्वारा जारी निर्देशों में कहा गया है कि संबंधित क्षेत्र में प्रदूषण इंडेक्स (पीआई), जितने दिनों तक प्रदूषण नियमों का उल्लंघन किया गया (एन), रुपयों में इसकी गणना (आर), किस पैमाने पर उद्यम का संचालन (एस) किया गया और उपरोक्त उद्यम या संस्थान की लोकेशन (एलएफ) क्या है।

किसी उद्यम ने पर्यावरण को कितनी क्षति पहुंचाई है, इसका निर्धारण इन सभी समीकरणों के गुणनफल से तय किया जाएगा। इसमें रुपये के फैक्टर को अलग-अलग श्रेणी की उद्यम व संस्थानों के लिए 300 से लेकर 100 रुपये तक रखा गया है।

# एचआईवी, हेपेटाइटिस जैसे संक्रमण यूं पकड़ लेगी, नई जांच किट में खास?



**नईदिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली विश्वविद्यालय का संक्रामक रोग अनुसंधान केंद्र एक नई जांच किट बना रहा है। यह किट रक्तदान से पहले काम आएगी। इससे सिर्फ दो मिनट में चार संक्रमणों की जांच हो सकेगी। इनमें एचआईवी-1 और एचआईवी-2 भी शामिल हैं। किट की मदद से यह पता लगाना आसान होगा कि रक्तदाता को कोई संक्रमण है या नहीं।

इस महत्वपूर्ण प्रोजेक्ट के लिए भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद (आईसीएमआर) ने 4 करोड़ रुपये का अनुदान दिया है। डीयू से जुड़े वैज्ञानिकों का यह प्रोजेक्ट वर्ल्ड फर्स्ट चैलेंज नामक पहल के तहत भेजे गए प्रस्ताव में स्वीकृत हुआ था। इसे इसी वर्ष मई में मंजूरी मिली है। प्रोजेक्ट पर डीयू के पूर्व बायोकेमिस्ट्री विभागाध्यक्ष प्रो. विजय कुमार चौधरी व अनुसंधान केंद्र की निदेशक प्रो. अमिता गुप्ता के नेतृत्व में काम हो रहा है। प्रो. विजय कुमार चौधरी का कहना है कि देश में संक्रमण के कारण हर साल बड़ी मात्रा में रक्तदाताओं का खून फेंका जाता है। जांच से इसे बचा सकते हैं।

प्रो.चौधरी बताते हैं कि भारत में हर साल 1.2 करोड़ यूनिट रक्त का संग्रह होता है, जो प्रति 1000 जनसंख्या पर 10 यूनिट है। ऐसे में संक्रमित रक्त एकत्रित होने की स्थिति में संग्रह, परिवहन व प्रोसेसिंग के दौरान संक्रमण का खतरा बना रहता है। अगर खून संक्रमित पाया जाता है, तो उसे नष्ट करना पड़ता है, जिससे संसाधनों की बर्बादी होती है। प्रो. चौधरी के अनुसार, टेस्ट के दौरान किट शरीर में एचआईवी के एंटीबॉडी को पहचानता है। जब यह टेस्ट किया जाता है, तो खून में एंटीबॉडी हैं या नहीं, यह आंखों से ही साफ दिखता है। यह तकनीक प्रोटीन पर आधारित है। इससे चार बीमारियों की जांच की जा सकती है।

# दिल्ली एयरपोर्ट पर रोका, चेकिंग के बाद अफ्रीकी यात्री के पेट से निकली 8 करोड़ की कोकेन

**नईदिल्ली, एजेंसी।** कस्टम विभाग ने दिल्ली एयरपोर्ट से एक अफ्रीकी नागरिक को ड्रग्स तस्करी के मामले में गिरफ्तार किया है। आरोपी अपने पेट में कोकीन से भरे हुए 49 कैप्सूल लेकर आया था। इसमें कुल 578 ग्राम कोकीन भरी हुई थी जिसकी कीमत अंतरराष्ट्रीय बाजार में लगभग 8.67 करोड़ रुपये बताई गई है।

कस्टम विभाग के अनुसार,उनकी टीम एयरपोर्ट के रास्ते मादक पदार्थ की तस्करी करने वालों पर नजर रख रही थी। इस दौरान उन्होंने दक्षिण अफ्रीका के रहने वाले एक युवक को



संदिग्ध अवस्था में देखा। वह अदीस अबाबा से आईजीआई एयरपोर्ट के टर्मिनल-3 पर आया था। ग्रीन चैनल पार करने के बाद उसे जांच के लिए रोका गया। पूछताछ में उसने कबूल किया कि वह पेट में ड्रग्स से भरे कैप्सूल लेकर आया है। डॉक्टरों की मदद से इन्हें बाहर निकाला गया। इस बाबत एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। वहीं दूसरे मामले में दिल्ली कस्टम ने आईजीआई एयरपोर्ट से गांजे की तस्करी में एक युवक को गिरफ्तार किया है। यात्री बैंकॉक से दिल्ली आया था। ग्रीन चैनल पार करने के बाद कस्टम ने जब उसे जांच के लिए रोका तो उसके बैग से 20 पाउच बरामद हुए जिनमें गांजा भरा हुआ था। इसका कुल वजन लगभग तीन किलो निकला। इसकी कीमत अंतर्राष्ट्रीय बाजार में लगभग तीन करोड़ रुपये बताई गई है। इस बाबत कस्टम विभाग ने एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर लिया है।

# दिल्लीवालो की होगी अग्निपरीक्षा! 45 डिग्री सेल्सियस पर पहुंचेगा तापमान

**नईदिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली में एक बार फिर भीषण गर्मी का दौर शुरू हो गया है। रविवार को राजधानी में अधिकतम तापमान 42 डिग्री सेल्सियस के पार चला गया। मौसम विभाग ने अगले चार दिनों के लिए गर्मी और उमस का येलो अलर्ट जारी किया है। रविवार को 18 दिनों की राहत के बाद दिल्ली का पारा 40 के पार पहुंचा था। मौसम विभाग ने आज और कल को अलग-अलग स्थानों पर लू का येलो अलर्ट जारी किया है क्योंकि पारा 45 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच सकता है।

दिल्ली में अधिकतम तापमान 42.1 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया, जो सामान्य से 2.1 डिग्री सेल्सियस ज्यादा है। वहीं, न्यूनतम तापमान 27.6 डिग्री सेल्सियस रहा, जो इस समय का सामान्य तापमान है। आयानगर क्षेत्र रविवार को सबसे ज्यादा गर्म रहा। यहां अधिकतम तापमान 44.1 एक डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। यह इस सीजन का सबसे ज्यादा अधिकतम तापमान है। गुरुग्राम में रविवार को अधिकतम तापमान 38.8 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान



27.1 डिग्री सेल्सियस रहा। फरीदाबाद में अधिकतम पारा 40 डिग्री और न्यूनतम तापमान 27 डिग्री रहा। वहीं, नोएडा का अधिकतम तापमान 41.4 डिग्री और गाजियाबाद का 40 डिग्री सेल्सियस रहा।

गर्मी के तेवर तल्ख राजधानी के लोगों को अगले चार दिन तक भीषण गर्मी से राहत मिलने के आसार नहीं हैं। मौसम विभाग का अनुमान है कि इन चार दिनों में झुलसाने वाली धूप और उमस लोगों को परेशान करेगी। दिल्ली के सफदरजंग मौसम केन्द्र में बीते चार दिनों में ही अधिकतम तापमान में 5 डिग्री की बढ़ोतरी हुई है।

राजधानी में इस बार मई में लगातार पश्चिमी विक्षोभ, चक्रवाती परिसंचरण और हवा के निम्न दबाव क्षेत्र जैसी मौसमी परिघटनाएं होती रही थीं। इसके चलते आमतौर पर मौसम में बहुत ज्यादा तपिश नहीं रही, लेकिन अब गर्मी में तेजी से बढ़ोतरी हो रही है। दिल्ली की मानक वेधशाला सफदरजंग में पांच तारीख को अधिकतम तापमान 37 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था। यानी सिर्फ चार दिनों के भीतर ही अधिकतम तापमान में पांच डिग्री से ज्यादा की बढ़ोतरी दर्ज की गई है।

मौसम विभाग का अनुमान है कि अगले चार दिनों के बीच मौसम गर्म और उमस भरा रहेगा। इस दौरान अधिकतम तापमान 44 डिग्री तक पहुंचने का अनुमान लगाया जा रहा है। दिल्ली की मानक वेधशाला सफदरजंग में दिन का अधिकतम तापमान 42.1 डिग्री रहा। जबकि, यहां पर नमी का स्तर 70 से 31 फीसदी तक रहा। विशेषज्ञों के मुताबिक, रविवार को दिल्ली का हीट इंडेक्स 47.2 डिग्री सेल्सियस तक रहा। यानी दिल्ली के लोगों को 47.2 डिग्री सेल्सियस जैसी गर्मी महसूस हुई। पता हो कि तापमान, नमी का स्तर और हवा की गति के अनुसार हीट इंडेक्स तैयार किया जाता है। इसके जरिये यह पता चलता है कि लोगों को महसूस होने वाली गर्मी का स्तर क्या रहा।



# जसप्रीत बुमराह इतिहास रचने की दहलीज पर

## इंग्लैंड के खिलाफ सीरीज में वसीम अकरम को पीछे छोड़ बनेंगे नंबर 1 गेंदबाज

**नई दिल्ली, एजेंसी।** जसप्रीत बुमराह, भारतीय क्रिकेट का वो सितारा, जो अपनी रफ्तार, सटीकता और अनोखे गेंदबाजी एक्शन से दुनिया भर में धमाल मचा रहा है। अब वह एक ऐतिहासिक रिकॉर्ड की दहलीज पर खड़ा है। अगर बुमराह अपने अगले टेस्ट मैच में 5 विकेट और ले लेते हैं, तो वे स्थ्रह्व देशों (दक्षिण अफ्रीका, इंग्लैंड, न्यूजीलैंड और ऑस्ट्रेलिया) में 150 टेस्ट विकेट लेने वाले पहले एशियाई गेंदबाज बन जाएंगे।

### बुमराह का अब तक का सफर

जसप्रीत बुमराह ने अपने टेस्ट करियर की शुरुआत 2018 में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ की थी। तब से लेकर अब तक, उन्होंने अपनी रफ्तार और स्विंग से बल्लेबाजों को खूब परेशान किया है। देशों की पिचें तेज गेंदबाजों के लिए चुनौतीपूर्ण होती हैं, बुमराह ने 145 विकेट सिर्फ 21.02 की औसत से लिए हैं।

### बुमराह की खासियत

बुमराह की गेंदबाजी में सबसे खास बात है उनका अनोखा एक्शन और गेंद को स्विंग कराने की काबिलियत। उनकी यॉर्कर और स्लो बॉल बल्लेबाजों को हैरान कर देती हैं। स्थ्रह्व की मुश्किल पिचों पर, जहां गेंदबाजों को अतिरिक्त मेहनत करनी पड़ती है, बुमराह ने हमेशा अपनी टीम के लिए अहम मौकों पर विकेट निकाले। उनकी औसत 21.02 इस बात का सबूत है कि वे न सिर्फ विकेट लेते हैं, बल्कि बल्लेबाजों को कम रन बनाने का मौका देते हैं।

## सेना में एशियाई गेंदबाजों का प्रदर्शन

सेना देशों की पिचें हमेशा से एशियाई गेंदबाजों के लिए कठिन रही हैं। तेज और उछाल वाली पिचों पर गेंदबाजी करना आसान नहीं होता, लेकिन कुछ एशियाई दिग्गजों ने यहां अपनी छाप छोड़ी है। आइए, नजर डालते हैं उन शीर्ष एशियाई गेंदबाजों पर, जिन्होंने स्थ्रह्व में सबसे ज्यादा टेस्ट विकेट लिए हैं-

### वसीम अकरम (पाकिस्तान)

- 146 विकेट, औसत 24.11। वसीम की स्विंग और रिवर्स स्विंग ने बल्लेबाजों को हमेशा मुश्किल में डाला।

### जसप्रीत बुमराह (भारत)

- 145 विकेट, औसत 21.02। बुमराह की शानदार औसत उन्हें इस सूची में खास बनाती है।

### अनिल कुंबले (भारत)

- 141 विकेट, औसत 37.04। एक स्पिनर के रूप में कुंबले का यह प्रदर्शन कमाल का है।

### इशांत शर्मा (भारत)

- 130 विकेट, औसत 36.86। इशांत ने लंबे समय तक भारतीय गेंदबाजी की कमान संभाली।

### मुथैया मुरलीधरन (श्रीलंका)

- 125 विकेट, औसत 26.69। मुरली की फिरकी ने स्थ्रह्व में भी कमाल दिखाया।

### मोहम्मद शमी (भारत)

- 123 विकेट, औसत 32.88। शमी की सीम मूवमेंट ने बल्लेबाजों को खूब परेशान किया।

### जहीर खान (भारत)

- 119 विकेट, औसत 31.47। जहीर की सटीक लाइन और लेंथ हमेशा याद की जाएगी।

### कपिल देव (भारत)

- 117 विकेट, औसत 33.07। भारत के पहले विश्व कप विजेता कप्तान ने गेंदबाजी में भी कमाल किया।

### वकार यूनुस (पाकिस्तान)

- 113 विकेट, औसत 29.15। वकार की रफ्तार और यॉर्कर अविश्वसनीय थे।



# इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज से पहले भारत को लगा झटका, ऋषभ पंत ट्रेनिंग के दौरान चोटिल हुए

**नई दिल्ली, एजेंसी।** इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज से पहले भारतीय टीम ने अभ्यास शुरू कर दिया है। भारतीय टीम ने मुख्य कोच गौतम गंभीर और अन्य सपोर्ट स्टाफ की निगरानी में ट्रेनिंग की। लेकिन इसी ट्रेनिंग के दौरान भारत को बड़ा झटका भी लगता हुआ नजर आया जब विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत एक चोटिल हो गए। अभ्यास सत्र के दौरान पंत उस समय घायल हो गए जब एक गेंद बल्लेबाजी के दौरान उनके बाईं बांह में लग गई। गेंद लगने के बाद पंत दर्द में दिखाई दिए जिसके बाद टीम के डॉक्टर को बुलाना पड़ा और उन्होंने प्राथमिक उपचार करते हुए पंत के आइस पैक लगाया। इसके बाद उन्हें मैदान से बाहर कर दिया गया जहां उन्होंने आराम करते समय बिताया था। हालांकि, भारतीय टीम भाग्यशाली थी क्योंकि चोट बहुत गंभीर नहीं थी और बल्लेबाज ने सभी को आश्वस्त किया कि वह ठीक हैं।

पांच मैचों की श्रृंखला 20 जून को लीड्स में शुरू होगी। दूसरे टेस्ट बर्मिंघम में होगा जिसके बाद लॉर्ड्स क्रिकेट ग्राउंड 10 जुलाई से तीसरे टेस्ट की मेजबानी करेगा। ओल्ड ट्रैफर्ड और केनिंग्टन ओवल क्रमशः श्रृंखला के चौथे और पांचवें टेस्ट की मेजबानी करेंगे। रोहित शर्मा के टेस्ट संन्यास के बाद गिल को भारत का 37वां टेस्ट कप्तान नियुक्त किया गया है। उन्होंने टेस्ट में भारत के लिए सलामी बल्लेबाज और नंबर तीन बल्लेबाज के रूप में खेला है। 32 टेस्ट में गिल ने 35.1 की औसत से 1893 रन बनाए हैं जिसमें उनके नाम 5 शतक और 7 अर्द्धशतक हैं।

भारतीय टीमः शुबमन गिल (कप्तान), ऋषभ पंत (उप-कप्तान और विकेटकीपर), यशस्वी जयसवाल, केएल राहुल, साई सुदर्शन, अभिमन्यु ईश्वरन, करुण नायर, नितीश रेड्डी, रवींद्र जड़ेजा, ध्रुव जुरेल (विकेटकीपर), वाशिंगटन सुंदर, शार्दुल ठाकुर, जसप्रित बुमरा, मोहम्मद। सिराज, प्रसिद्ध कृष्णा, आकाश दीप, अर्शदीप सिंह, कुलदीप यादव

# भारत बनाम इंग्लैंड टेस्ट इतिहास में सर्वाधिक विकेट चटकाने वाले टॉप-5 गेंदबाज

## लिस्ट में भारतीयों का दबदबा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत-इंग्लैंड के बीच 20 जून से टेस्ट सीरीज की शुरुआत होने जा रही है, जिसमें कुल पांच मुकाबले खेले जाने हैं। पहला मैच लीड्स में आयोजित होगा, जिसके लिए भारतीय टीम इंग्लैंड में अपनी तैयारियां शुरू कर चुकी है। भारत ने इंग्लैंड में आखिरी बार टेस्ट सीरीज साल 2007 में राहुल द्रविड़ की कप्तानी में जीती थी। ऐसे में टीम इंडिया इस बार शुभमन गिल की कप्तानी में 18 साल के सूखे को समाप्त करने के इरादे से उतरेगी।भारत-इंग्लैंड के बीच टेस्ट इतिहास में सर्वाधिक विकेट चटकाने वाले गेंदबाजों की बात करें, तो इंग्लैंड के पूर्व तेज गेंदबाज जेम्स एंडरसन टॉप पर हैं। शीर्ष-5 खिलाड़ियों की सूची में चार भारतीय हैं।आइए, भारत-इंग्लैंड के बीच टेस्ट इतिहास में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले खिलाड़ियों के बारे में जानते हैं-

### 1. जेम्स एंडरसन

- इंग्लैंड के इस तेज गेंदबाज ने साल 2006 से 2024 तक भारत के खिलाफ 39 मैच खेले, जिसकी 73 पारियों में 149 शिकार किए। इस दौरान एंडरसन ने छह बार पारी में 5 या इससे ज्यादा शिकार किए।

### 2. रविचंद्रन अश्विन

- भारतीय स्पिनर ने साल 2012 से 2024 तक इंग्लैंड के विरुद्ध कुल 24 मुकाबलों की 45 पारियों में 114 विकेट अपने नाम किए। इस दौरान आठ बार पारी में पांच या इससे ज्यादा विकेट चटकाए।

### 3. बीएस चंद्रशेखर

- इस भारतीय स्पिनर ने साल 1964 से 1979 के बीच इंग्लैंड के खिलाफ 23 मुकाबलों की 38 पारियों में 95 विकेट हासिल किए। चंद्रशेखर इस फेहरिस्त में तीसरे पायदान पर हैं। चंद्रशेखर फाइव-विकेट हॉल के मामले में अश्विन की बराबरी पर हैं।

### 4. अनिल कुंबले

- साल 1990 से 2007 के बीच इस लेग स्पिनर ने इंग्लैंड के खिलाफ 19 टेस्ट खेले, जिसकी 36 पारियों में 92 शिकार किए। इस दौरान कुंबले ने चार बार पारी में पांच या इससे ज्यादा विकेट लिए। कुंबले टेस्ट क्रिकेट में भारत की ओर से सर्वाधिक विकेट लेने वाले गेंदबाज हैं।



### 5. बिशन सिंह बेदी

- साल 1967 से 1979 के बीच भारत के इस पूर्व स्पिनर ने इंग्लैंड के खिलाफ 22 टेस्ट खेले, जिसमें 85 विकेट चटकाए। बिशन सिंह बेदी चार बार फाइव-विकेट हॉल के साथ कुंबले की बराबरी पर हैं।



# इंडिया-वेस्टइंडीज और इंडिया-साउथ अफ्रिका मैचों के लिए अपडेटिड स्थानों की घोषणा की

**मुंबई, एजेंसी।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ने इस वर्ष के लिए अंतर्राष्ट्रीय घरेलू सत्र और दक्षिण अफ्रीका ए टीम टूर के लिए संशोधित कार्यक्रम की घोषणा की, जिसमें वेस्ट इंडीज और दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ परीक्षण श्रृंखला के लिए एक स्थल में बदलाव भी शामिल है। बीसीसीआई ने एक बयान जारी कर कहा, भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ने 2025 के लिए अंतर्राष्ट्रीय घर के टूर और दक्षिण अफ्रीका ए टूर ऑफ इंडिया के लिए अपडेटिड कार्यक्रम की घोषणा की है। टीम इंडिया (सीनियर टीम) का सामना वेस्टइंडीज और दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ टेस्ट मैच, वन-डे इंटरनेशनल (एकदिवसीय) और टी20 इंटरनेशन में घर पर होगा। वेस्टइंडीज के खिलाफ टेस्ट श्रृंखला 2 अक्टूबर, 2025 को अहमदाबाद में शुरू होगी। वेस्टइंडीज के खिलाफ दूसरा टेस्ट, जो मूल रूप से कोलकाता में होना था अब नई दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में आयोजित किया जाएगा। इसके विपरीत 14 नवंबर, 2025 से शुरू होने वाली दक्षिण अफ्रीका श्रृंखला का पहला टेस्ट अब नई दिल्ली के बजाय कोलकाता के ईडन गार्डन में आयोजित किया जाएगा। इसके अलावा चेन्नई में एमए चिदंबरम स्टेडियम में आउटफील्ड और पिचों को फिर से बनाने के कारण टीम इंडिया और ऑस्ट्रेलिया की महिला टीमों के बीच एकदिवसीय श्रृंखला को चेन्नई से स्थानांतरित कर दिया गया है।

# हम नेशंस लीग जीतने के हकदार थे: पुर्तगाल कोच मार्टिनेज



**म्यूनिख, एजेंसी।** स्पेन को 5-3 से हराकर नेशंस लीग का खिताब जीतने वाली पुर्तगाल टीम के हेड कोच रोबर्टो मार्टिनेज बेहद खुश दिखे। मार्टिनेज ने टीम के खिलाड़ियों की जमकर प्रशंसा की और कहा कि हम खिताब जीतने के हकदार थे। म्यूनिख फुटबॉल एरीना में खेले गए नेशंस लीग फाइनल में निर्धारित समय में खेला गया मुकाबला 2-2 से ड्रॉ रहा। पेनल्टी में पुर्तगाल ने स्पेन को हराकर खिताब जीता। इस जीत के साथ ही पुर्तगाल दो बार यूईएफए नेशंस लीग जीतने वाली पहली टीम बन गई। जीत के बाद पुर्तगाल के कोच रोबर्टो मार्टिनेज ने कहा, फाइनल में जीत पर गर्व है। जीत बेहद अहम थी। हमने उस टीम के खिलाफ जोरदार वापसी करते हुए जीत हासिल की जिसे फाइनल खेलने का अनुभव है। मुझे अपने खिलाड़ियों का खेल और रवैया पसंद आया। हम जीत के हकदार थे। हेड कोच ने कहा कि 11 से ज्यादा खिलाड़ियों का होना बेहद जरूरी है। यह खेल शारीरिक से ज्यादा मानसिक रूप से चुनौतीपूर्ण होता है। मैच को लेकर हमारा दृष्टिकोण बेहद स्पष्ट था। बेंच पर बैठे खिलाड़ी भी जब मैदान में आए तो आक्रामक दिखे, इसने जीत में हमारी मदद की। स्पेन ने 2024/25 नेशंस लीग में 10 मैचों में 25 गोल किए, जो प्रतियोगिता के एक संस्करण में किसी भी टीम द्वारा सबसे अधिक है। क्रिस्टियानो रोनाल्डो नेशंस लीग के फाइनल में खेलने वाले और गोल करने वाले सबसे उम्रदराज खिलाड़ी बन गए। रोनाल्डो की उम्र 40 साल 4 महीने और 4 दिन है। इससे पहले सबसे उम्रदराज खिलाड़ी का रिकॉर्ड क्रोएशिया के लुका मोड्रिक के नाम था। 2023 में स्पेन के खिलाफ वह 37 वर्ष 282 दिन की उम्र में खेले थे। इस बार जर्मनी, पुर्तगाल, स्पेन और फ्रांस फाइनल में पहुंची थी।

# बुमराह ने सर्जरी से पहले बढ़ाया था कैमरून ग्रीन का हौसला

## ऑस्ट्रेलियाई ऑलराउंडर ने किया जिक्र



**लंदन, एजेंसी।** कैमरून ग्रीन की पीठ की सर्जरी की पूर्व संध्या पर भारतीय तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह के एक 'विशेष संदेश ने ऑस्ट्रेलिया के इस हरफनमौला को सर्जरी करवाने के उनके फैसले को लेकर आश्वस्त कर दिया। ग्रीन को पिछले साल 'स्ट्रेस फ्रैक्चर हुआ था। यह चोट हालांकि 9 से 12 महीनों में स्वाभाविक रूप से ठीक हो सकती थी, लेकिन उन्होंने अक्टूबर में सर्जरी करवाने का फैसला किया। ग्रीन ने कहा, 'जसप्रीत बुमराह ने सर्जरी करवाने से एक रात पहले मुझसे संपर्क किया था। वह उस समय भारतीय टीम के लिए एक टेस्ट मैच खेल रहे थे। ऐसी कुछ चीजें वाकई बहुत खास होती हैं और आपको इससे बहुत अच्छा महसूस होता है। उनके जैसे किसी व्यक्ति का साथ मिलना और फिर उन्हें ऑस्ट्रेलिया में शानदार प्रदर्शन करते देख कर मेरा आत्मविश्वास काफी बढ़ गया है। ग्रीन 2023 आईपीएल सत्र में मुंबई इंडियंस का हिस्सा थे। उस समय बुमराह सर्जरी से उबरने के लिए टीम से बाहर थे। वह इस सर्जरी के कारण 2022 टी20 विश्व कप खेलने से भी चूक गए थे। उन्होंने हालांकि सर्जरी के बाद शानदार वापसी की और भारत को 2023 वनडे विश्व कप के फाइनल में पहुंचने के बाद पिछले साल टी20 विश्व कप चैंपियन बनाने में अहम योगदान दिया। बुमराह इसके बाद बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में पांच मैचों में 32 विकेट लेकर श्रृंखला के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी बने। 26 साल के ग्रीन को जेसन बेहरेनडॉर्फ इसी तरह की सर्जरी से गुजरने वाले अन्य गेंदबाजों से भी उत्साहजनक प्रतिक्रिया मिली। ग्रीन ने बताया, '(ऑपरेशन का) मुख्य कारण हड्डी के कुछ अतिरिक्त भाग को अलग करना था। जाहिर है कि मेरे 'एल4 में थोड़ी परेशानी थी और रीढ़ के उस हिस्से पर अतिरिक्त हड्डी विकसित हो गई थी। उन्होंने कहा, 'मझे इस हड्डी के कारण झुकने में भी परेशानी हो रही थी। इस अतिरिक्त हड्डी का दूसरी हड्डियों पर दबाव पड़ा जिससे वहां भी समस्या हो गई। यह पीठ की चोट के मामले में बेहद दुर्लभ है। ग्रीन के इस सप्ताह दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ शुरू होने वाले डब्ल्यूटीसी फाइनल में विशेषज्ञ बल्लेबाज के रूप में खेलने की उम्मीद है। वह ग्लूस्टरशायर के लिए पांच काउंटी क्रिकेट मैचों में तीन शतकों के दम पर टेस्ट टीम में वापसी करने में सफल रहे हैं। उन्होंने कहा, 'पीठ की चोट का एक सकारात्मक पहलू यह है कि मुझे बल्लेबाज बनने के लिए केवल चार मौके मिले हैं। उन्होंने कहा, 'मुझे लगता है कि मेरा खेल उस समय (टीम में बतौर बल्लेबाज शामिल होगा) और अच्छा रहता है। मैं हमेशा गेंदबाजी करता रहूंगा, लेकिन ऐसी स्थिति में आपको अपने खेल के सिर्फ एक पहलू पर पूरा ध्यान लगाना होता है। उन्होंने कहा, 'जब आप गेंदबाजी और बल्लेबाजी दोनों कर रहे होते हैं, तो आपको खुद को फिट और खेलने के लिए तैयार रखने के लिए गेंदबाजी के लिहाज से बहुत कुछ करना पड़ता है। इससे बल्लेबाजी थोड़ी प्रभावित होती है।